बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 10 मई 2024
वर्ष 2, अंक 259, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुदूर अंतरिक्ष में मनमोहक निहारिका की खोज 18

सिकंदर में नजर आएंगी रश्मिका 2

## आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट



**चारधाम यात्रा की भी होगी शुरूआत**

**देहरादून।** अक्षय तृतीया (शुक्रवार को) पर केदारनाथ धाम के कपाट सुबह शुभ मुहुर्त में खोले जाएंगे। चारधाम यात्रा भी शुरू होगी ।गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ धाम के मंदिर को फूलों से सजाया गया है। गुरुवार दोपहर बाबा की पंचमुखी उत्सव डोली गौरीकुंड से धाम पहुंच गई। सेना की 6 ग्रेनेडियर रेजीमेंट के बैंड ने भक्ति धुन के साथ डोली का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# परिवार की पांचों सीट हारेगी सपा, नहीं खुलेगा खाता : योगी

### मुख्यमंत्री ने गोला और मोहम्मदी की जनसभा में सपा-कांग्रेस पर बोला हमला

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ/ मोहम्मदी (खीरी)

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोला और मोहम्मदी की जनसभा में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की उम्मीदवारी वाली कन्नौज सीट समेत उनके परिवार के सदस्यों की उम्मीदवारी वाली सभी पांचों सीट पर सपा की हार सुनिश्चित है। राज्य में सपा का खाता भी नहीं खुलेगा। गोला गोकर्णनाथ के राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन और मोहम्मदी के रामलीला मैदान में धौरहरा प्रत्याशी रेखा वर्मा के लिए जनसभा करते हुए महाराणा प्रताप को नमन किया। कहा कि पूरे देश में मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है। जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। कहा कि सपा की सरकार में आम जनता के लिए, किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए इनके पास कोई कार्ययोजना नहीं थी, लेकिन माफिया और अपराधी को अपने गले का हार बनाकर पूरे देश को अराजकता की आग में झोंकने के लिए तैयार रहते थे। सपा की सरकार में दंगा होता था, रोज कर्फ्यू लगता था। अब किसी की आंख दिखाने तक की हिम्मत नहीं है।



### सत्ता में आए तो किसानों का कर्ज करेंगे माफ : अखिलेश



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार आई तो किसानों का पूरा कर्जा माफ करेंगे। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जाएगी। अग्निवीरों की सरकारी नौकरी होगी। भाजपा संविधान और आरक्षण खत्म करना चाहती है। अबकी जनता संविधान बदलने वालों को ही बदल देगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर खीरी लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा और कस्ता में धौरहरा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के समर्थन में जनसभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा 400 पार की बात कहकर संविधान के पीछे पड़ी है। तिकुनियां कांड का जिक्र करते हुए कहा कि मंत्री के बेटे ने थार गाड़ी से किसानों व एक पत्रकार को कुचल दिया। किसान दिल्ली पहुंचा तो वहां भी कुचलने का काम किया गया। इसका जनता वोट से जवाब देगी।

## एक नजर

### बीएड की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 15 मई से

**चंडीगढ़।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की बीएड / बीएड एमआर स्पेशल एजुकेशन दूसरे वर्ष की रेगुलर एवं री-अपीयर की प्रैक्टिकल परीक्षाए 15 मई से पांच जून तक होंगी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि परीक्षाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### बीआरएस नेता कविता ने हाईकोर्ट का रुख किया

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में जमानत के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की जांच ईडी कर रहा है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा शुक्रवार को अर्जी पर सुनवाई करेंगी। अधीनस्थ कोर्ट ने छह मई को कविता की बेल याचिका खारिज कर दी थी।

### पटाखा कारखाने में विस्फोट, सात की मौत

**विरुधुनगर।** शिवकाशी में बृहस्पतिवार को एक पटाखा कारखाने में विस्फोट से आग लग गई जिससे पांच महिलाओं सहित सात श्रमिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों में एक की हालत बेहद गंभीर है। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

# बाजार में बड़ी गिरावट, निवेशकों के डूब गए 7 लाख करोड़ रुपये

## सेंसेक्स 1,062 अंक लुढ़का, निफ्टी 22 हजार से नीचे

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली और बीएसई के सेंसेक्स ने 1,062 अंक का गोता लगाया जबकि निफ्टी लुढ़क कर 22,000 अंक से नीचे चला गया, जिससे निवेशकों को करीब साढ़े सात लाख करोड़ का नुकसान हो गया है। आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में गिरावट आई है। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी और एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों वाले बीएसई के सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 1,062.22 अंक यानी 1.45 अंक लुढ़क कर 72,404.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.21 अंक तक टूटा था। नेशनल स्टॉक



एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार सत्र के दौरान यह 370.1 अंक तक लुढ़का था।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मुख्य रूप से कंपनियों के चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम और आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया और बाजार से दूरी बनाई। हमारा अनुमान है कि अल्पकाल में

- **आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में आई गिरावट**
- **विदेशी निवेशकों की भारी पूंजी निकासी के दबाव से भी बाजार की धारणा हुई प्रभावित**

यह रुख बना रहेगा क्योंकि बाजार 22,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे आ गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड की आज होने वाली नीतिगत बैठक तथा अमेरिका में अगले सप्ताह जारी होने वाले मुद्रास्फीति के आंकड़े से पहले वैश्विक सूचकांकों में मिला-जुला रुख रहा। सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो मार्च तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद पांच प्रतिशत से अधिक नीचे आया। एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावरग्रिड में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 6,669.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने बताया कि संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और चुनाव आगे बढ़ने के साथ असमंजस की स्थिति के कारण कारोबारियों के दूर रहने से निफ्टी में तेज गिरावट आई।

### सेंसेक्स के टूटने से निवेशकों को नुकसान

नई दिल्ली। सेंसेक्स में तेज गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.34 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 7,34,513.48 करोड़ रुपये घटकर 3,93,34,896.14 करोड़ रुपये रहा। इससे पहले, दो मई को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 4,08,49,767.90 करोड़ रुपये पहुंच गया था।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत का ईडी ने किया विरोध

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को हलफनामे के जरिए उच्चतम न्यायालय में विरोध दर्ज कराया और कहा कि चुनाव में प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है और न ही संवैधानिक।

उच्चतम न्यायालय में दाखिल एक नए हलफनामे में ईडी ने कहा कि किसी भी नेता को चुनाव के लिए प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है, न ही संवैधानिक, कानूनी अधिकार भी नहीं है। एजेंसी ने कहा कि उसकी जानकारी के अनुसार कि किसी भी नेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई है, भले वह चुनाव नहीं लड़ रहा हो। यहां तक कि चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार भी यदि हिरासत में हो तो उसे अपने खुद के प्रचार के लिए भी अंतरिम जमानत नहीं दी जाती है।

- **सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र**

गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने बुधवार को कहा था कि हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश सुनाएंगे।

# चमड़ी के नाम पर देश को बांट रही कांग्रेस : नड्डा



जनसभा में गदा लेकर जीत की हुंकार भरते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी प्रत्याशी आरके सिंह पटेल और अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- **चित्रकूट में चुनावी जनसभा में भाजपाध्यक्ष ने विपक्ष को घेरा**

**अमृत विचार :** कांग्रेस जाति, धर्म के बाद अब चमड़ी के नाम पर देश को बांट रही है। घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को बेड़ी पुलिया के पास पार्टी प्रत्याशी और सांसद आरके सिंह पटेल के समर्थन में हुई जनसभा में कहीं।

चिलचिलाती धूप के दौरान नड्डा का हेलीकाप्टर लगभग एक बजकर 25 मिनट पर उतरा। मंच पर पहुंचने पर पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रतीक चिह्न, गदा आदि भेंट की। नड्डा ने सैम पित्रोदा का नाम लिए बिना कहा, राहुल का एक सिपहसालार है, जब भी विदेश जाते हैं, वो बड़े-बड़े बाल वाले उनके साथ घूमते रहते हैं, उनके सलाहकार हैं। उन्होंने क्या किया... अब चमड़ी के आधार पर भारत का विभाजन कर रहे हैं। चमड़ी के रंग पर बात करते हैं। नड्डा ने राहुल गांधी पर तंज कसा। बोले, आजकल राहुल गांधी संविधान की कापी लेकर घूमता रहता है, मैंने कहा कभी पढ़ भी लिया कर। बाबा साहेब आंबेडकर ने लिखा है कि आरक्षण कभी धर्म के नाम पर नहीं होगा और कांग्रेस दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के अधिकार पर डाका डालकर धर्म के नाम पर आरक्षण करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि आज कामदनाथ में भक्तों पर पुष्पवर्षा हो रही है जबकि एक समय भक्तों पर गोली चलती थी, आप गोली चलाने वालों को याद रखोगे कि नहीं रखोगे।

## मंत्री के निजी सचिव की पत्नी से ईडी की पूछताछ

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल की पत्नी रीता लाल से नकदी बरामदगी मामले में गुरुवार को पूछताछ की। ईडी का समन मिलने के बाद रीता लाल यहां ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचीं। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। रीता लाल दुपट्टे से मुंह को ढके हुए वकील के साथ ईडी कार्यालय पहुंचीं, जहां आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद उनसे पूछताछ शुरू की गई। संजीव लाल और रीता लाल को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के यहां से 35. 23 करोड़ रुपये बरामद किए थे। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार किया था।

**नकदी बरामदगी मामला**

# एआई एक्सप्रेस की हड़ताल वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

- **केंद्रीय श्रमायुक्त की मध्यस्थता के बाद बनी बात, बर्खास्त किए गए 25 कमर्चारी बहाल**

एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों द्वारा सामूहिक अवकाश पर जाने के बाद कंपनी प्रबंधन ने भी सख्त रुख अपना लिया और चालक दल के 25 सदस्यों को बृहस्पतिवार को बर्खास्त कर दिया।

श्रम आयुक्त (केंद्रीय) की मध्यस्थता में हुई वार्ता में एयरलाइन प्रबंधन ने चालक दल के सदस्यों के मुद्दों पर गौर करने का आश्वासन दिया जिसके बाद चालक दल के सदस्यों ने हड़ताल वापस ले ली। एयरलाइन ने 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस लेने पर सहमति जताई है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने मंगलवार रात से 170 उड़ानों को रद किया है। एयरलाइन में कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के बीमार होने की सूचना के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस ने उड़ानों को रद किया। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) के कार्यालय में चालक दल के सदस्यों के प्रतिनिधियों और एयरलाइन प्रतिनिधियों के बीच बैठक में हड़ताल और बर्खास्तगी पत्र वापस लेने पर सहमति बनी।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रद कीं 85 उड़ान



मुंबई/ नई दिल्ली : एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बृहस्पतिवार को 85 उड़ान रद कर दीं और कहा कि व्यवधान को कम करने के लिए एयर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर सेवाएं संचालित करेगी। चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण मंगलवार रात से 100 से अधिक उड़ानें रद की जा चुकी हैं।

## आंध्र प्रदेश में मिला रुपयों का ढेर

**गारिकापाडु (आंध्र प्रदेश), एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में पुलिस ने अंतर्राज्यीय जांच चौकी पर गुरुवार को एक ट्रक से 8.36 करोड़ रुपये बरामद किए।

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान गारिकापाडु गांव में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के अंतर्राज्यीय जांच चौकी पर पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक से नकदी बरामद हुई है। हैदराबाद से गुंटूर जा रहे ट्रक में चालक की सीट के पीछे केबिन में 8.36 करोड़ रुपये रखे थे। शेख अजीज के नाम पर ट्रक पंजीकृत है। पुलिस ट्रक चालक और क्लीनर से पूछताछ कर रही है।

- **पाइप ले जा रहे ट्रक से बरामद हुए 8.36 करोड़**

# हिंदू आबादी घटने पर गरमाई सियासत

नई दिल्ली, एजेंसी

- **मुस्लिम आबादी में वृद्धि की गति पर भाजपा ने जताई चिंता**
- **तेजस्वी यादव ने कहा- भाजपा नफरत फैलाने की कोशिश कर रही**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की धार्मिक अल्पसंख्यकों की आबादी पर रिपोर्ट के बाद देश में सियासत गरमा गई है। यह रिपोर्ट लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान से पहले आई है।

भाजपा ने देश में मुस्लिम आबादी में वृद्धि की गति पर बृहस्पतिवार को चिंता जताई और आश्चर्य जताया कि मुसलमानों को आरक्षण देने पर तुली कांग्रेस यदि सत्ता में आती है तो इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को मिले आरक्षण पर क्या असर पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण देश में हिंदू आबादी कम हो गई। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो मुस्लिम आबादी बढ़ने के साथ भविष्य में आरक्षण के हिस्से में बदलाव करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि इसकी अधिक संभावना है क्योंकि उनमें (मुसलमानों) में कई शादियों का चलन है। वहीं, विपक्षी नेताओं ने भाजपा पर सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। भाकपा के महासचिव डी राजा और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि यह रिपोर्ट विवाद उत्पन्न कर वोट हासिल करने का प्रयास है। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा नफरत फैलाने की कोशिश कर रही है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एजेंडा है।

### 65 वर्षों में 7.82 प्रतिशत घटी हिंदू आबादी

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है जबकि मुसलमानों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिससे पता चलता है कि देश में विविधता को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल है।

# कांग्रेस ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा

चंडीगढ़, एजेंसी

कांग्रेस ने हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के भाजपा नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद पैदा हुई स्थिति के मद्देनजर बृहस्पतिवार को राज्यपाल से मिलने का समय मांगा।

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अल्पमत वाली सरकार को नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के लिए समय मांगते हुए कांग्रेस की ओर से राज्यपाल कार्यालय को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वह राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति के संबंध में एक ज्ञापन प्रस्तुत करना चाहती है। पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद और मुख्य सचेतक बीबी बत्रा एवं पार्टी के अन्य नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल 10 मई को राज्यपाल से मिलना चाहता है। तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को राज्य में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था, जिसके बाद विपक्षी दलों ने दावा किया कि इससे राज्य विधानसभा में सरकार अल्पमत में आ गई है। हालांकि, मुख्यमंत्री सैनी ने कहा है कि उनकी सरकार संकट में नहीं है।

इससे पहले, जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता दुष्यंत चौटाला ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को पत्र लिखकर कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व वाली सरकार के पास अब बहुमत नहीं है जिसके मद्देनजर तत्काल शक्ति परीक्षण कराया जाना चाहिए। जजपा द्वारा राज्यपाल को पत्र लिखने पर टिप्पणी करने के लिए पूछे जाने पर नेता प्रतिपक्ष हुड्डा ने कहा कि हमने भी राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है। हुड्डा कांग्रेस के उम्मीदवार राव दान सिंह के लिए भिवानी में प्रचार कर रहे थे। एक अन्य सवाल पर हुड्डा ने कहा कि हमारे पास 30 विधायक हैंजजपा के संबंध में, यह बेहतर होता कि वे राज्यपाल के सामने 10 विधायकों की परेड कराते।

**हरियाणा राजनीतिक संकट**

- **हुड्डा ने कहा-अल्पमत में सरकार इस्तीफा दें सैनी**
- **जजपा ने भी पत्र लिखा, शक्ति परीक्षण कराने की मांग**

## छह दुर्दांत नक्सलियों का आत्मसमर्पण

**सुकमा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दो महिलाओं समेत छह दुर्दांत नक्सलियों ने गुरुवार को सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण किया। इन नक्सलियों पर कुल 36 लाख रुपये का इनाम रखा गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छह दुर्दांत नक्सलियों, दूधी पोज्जा, पत्नी दूधी पोज्जे, महिला नक्सली जयक्का उर्फ आयते कोरसा, कवासी मुड़ा, कारम नारन्ना उर्फ भूमा और रेणु उर्फ मड़कम सुक्का ने आत्मसमर्पण किया। दूधी पोज्जे के सिर पर आठ लाख रुपये, जयक्का, कवासी मुड़ा , कारम नारन्ना और रेणु पर पांच लाख रुपये का इनाम रखा गया था।

# चिलचिलाती गर्मी से कई राज्यों में दो दिन राहत

### पश्चिमी विक्षोभ से देश के विभिन्न हिस्सों में आंधी और वज्रपात के साथ बारिश होने के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी

मई महीने के पहले सप्ताह से ही पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को जल्द राहत मिलेगी। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई राज्यों में मौसम करवट लेगा। अगले दो दिन तक दिल्ली में जहां बादल छाए रहेंगे, वहीं उत्तर प्रदेश में धूल भरी आंधी चलेगी। राजस्थान और मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। दोनों राज्यों में दो दिन तक हीटवेव यानी लू चलेगी।

देश के मध्य, पूर्व और दक्षिण प्रायद्वीपीय हिस्सों में 12 मई तक आंधी, बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश होने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में शुक्रवार तक लू की स्थिति बनी रहेगी और उसके बाद मौसम में सुधार होने का अनुमान है। पश्चिम बंगाल, सिक्किम बिहार, झारखंड और ओडिशा के अलग-अलग स्थानों पर 12 मई तक भारी बारिश, गरज, बिजली-चमक के साथ 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवा चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर अगले सात दिन के दौरान गरज के साथ बारिश, बिजली चमकने के साथ 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी शुक्रवार को भारी बारिश होने के आसार व्यक्त किये गये हैं। मौसम विभाग ने गुरुवार को मध्य प्रदेश, विदर्भ, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में ओलावृष्टि का अनुमान जताया है। दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में अलग-अलग स्थानों पर नौ, 12 और 13 मई को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में नौ और 12 मई को, रायलसीमा और तेलंगाना में 13 मई को, केरल और माहे में 12, 13 मई को बारिश होने का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग ने बताया कि गुजरात के तटीय इलाकों में अगले पांच दिनों तक गर्म और आर्द्र मौसम बना रहेगा।

- **दिल्ली में छाए रहेंगे बादल, उत्तर प्रदेश में चलेगी धूल भरी आंधी**



## आज का मुकाबला

गुजरात टाइटंस
बनाम
चेन्नई सुपरकिंग्स
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 12 | 634 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रेविस हेड हैदराबाद | 12 | 533 |

# प्ले ऑफ का दावा पुख्ता करने उतरेगी सीएसके

अहमदाबाद, एजेंसी



चोटों और अंतर्राष्ट्रीय व्यस्तताओं के कारण प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर रहने के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के 12वें दौर के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेआफ का अपना दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। चेन्नई के 11 मैचों में 12 अंक है और गुजरात पर जीत उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि प्लेआफ में उसकी जगह अभी भी पक्की नहीं है और एक हार उस पर भारी पड़ सकती है। दीपक चाहर और मथीषा पथिराना चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं जबकि मुस्ताफिजुर रहमान बांग्लादेश के लिए खेलने चले गए हैं। अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा।

चेन्नई ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होगी। गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में सनराइजर्स हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। अभी तक जिन तीन टीमों के 12 अंक हैं , उनमें चेन्नई ( 0.700 ) का रनरेट सबसे अच्छा है। गुजरात के 14 अंक हैं और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं है लेकिन शुभमन गिल की टीम के लिए आगे का सफर काफी कठिन है। मोहम्मद शमी की गैर मौजूदगी में गेंदबाजी में धार नजर नहीं आ रही। वहीं गिल खुद पिछले पांच में से तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके और उनका सर्वोच्च स्कोर 35 रहा है। साई सुदर्शन, शाहरूख खान और मिलर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गेंदबाजों में मोहित और लिटिल महंगे साबित हुए हैं।

### कैंसर जागरूकता के लिए लैवेंडर जर्सी पहनेगी टाइटंस

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग के 63वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस की टीम लगातार दूसरे वर्ष कैंसर के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए 13 मई को कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ घरेलू मैदान पर आखिरी मुकाबले में विशेष लैवेंडर जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी। गुजरात टाइटन्स के सीओओ कर्नल अरविंदर सिंह ने कहा कैंसर अनगिनत जिंदगियों को प्रभावित करता है और इसके लिए लैवेंडर जर्सी हमारी ओर से एक छोटा सा प्रयास है। जर्सी कैंसर रोगियों और उबरे लोगों के लिए हमारे समर्थन का प्रतीक है। कैंसर के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए निवारक उपायों और शीघ्र निदान की आवश्यकता है।

# यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने बजरंग को साल के अंत तक के लिए किया निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने की कार्रवाई, ट्रेनिंग के लिए नौ लाख की राशि की स्वीकृत



कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर बजरंग पूनिया को अस्थाई तौर पर निलंबित करने के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के फैसले के बाद उन्हें साल के अंत तक निलंबित कर दिया है।

हालांकि हैरानी भरे फैसले में नाडा के निर्णय की जानकारी होने के बावजूद भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने बजरंग की विदेश में ट्रेनिंग के लिए लगभग नौ लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। बजरंग को नाडा ने 23 अप्रैल को निलंबित किया था। उन्हें इससे पहले 18 अप्रैल को रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया था। बचाव में बजरंग ने कहा था कि उन्होंने कभी परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन डोप नियंत्रण अधिकारी से सिर्फ इतना पूछा कि वह नमूना लेने के लिए लाई गई 'एक्सपायर्ड किट' के बारे में विस्तार से बताए। बजरंग ने बताया कि वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी आंतरिक प्रणाली में अपडेट करते हुए स्पष्ट तौर पर जिक्र किया है कि वह निलंबित हैं।

## खेल डायरी

### स्मैश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में हारी मनिका

**जेद्दा।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा को गुरुवार को सऊदी स्मैश टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापान की पूर्व एशियाई चैंपियन हिना हयाता के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। टूर्नामेंट में भारतीय अभियान समाप्त हो गया है। आज यहां किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी के इनफिनिटी एरिना में मनिका बत्रा को 39 मिनट चले मुकाबले में हिना हयाता ने 4-1 (11-7, 6-11, 4-11,11-13, 2-11) से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने अपने मजबूत फोरहैंड का अच्छा इस्तेमाल करते हुए शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन हयाता ने फ्लैट रिटर्न के साथ बत्रा से लगातार गलतियां करवाते हुए बाद के चार गेम जीत लिए।

### अर्जुन ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

**वारसॉ।** फिडे कैंडिडेट्स चैंपियन डी गुकेश की सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन एक अन्य भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी अर्जुन पहले मुकाबले में नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोकने में सफल रहे। विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन ने अपनी दो अन्य बाजियां भी ड्रॉ खेली जिससे वह प्रतियोगिता के तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर चल रहे रोमानिया के किरिल शेवचेंको से काफी पीछे हैं। गुकेश अपनी पहली दोनों बाजियां हार गए थे जबकि तीसरी बाजी में उन्होंने अंक बांटे।

### अंतर्राष्ट्रीय मास्टर वर्गीज कोशी का निधन

**चेन्नई।** अंतर्राष्ट्रीय मास्टर और प्रतिष्ठित ट्रेनर तथा मार्गदर्शक (मेंटर) वर्गीज कोशी का निधन हो गया है। वह 66 वर्ष के थे। कोशी के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। कोशी को अपने फेफड़े के कैंसर के बारे में लगभग दस महीने से पता था और उन्होंने अपने हास्य के साथ इस खतरनाक बीमारी का सामना किया। कोशी शतरंज की दुनिया के उन कुछ खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने इस खेल को खुद सीखा। इस खेल के प्रति उनके अति-आधुनिक दृष्टिकोण ने उन्हें अपने अधिकांश साथियों की तुलना में बेहतर स्थिति में रखा।

### विश्व पिकलबॉल लीग के शुरुआती चरण की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व डेविस कप खिलाड़ी गौरव नाटेकर ने गुरुवार को विश्व पिकलबॉल लीग (डब्ल्यूपीबीएल) लांच करने की घोषणा की। यह लीग नाटेकर की कंपनी नाटेकर स्पोर्ट्स एंड गेमिंग (एनएसजी) और सोनी एंटरटेनमेंट टैलेंट वेंचर्स इंडिया के बीच सहयोग से आयोजित होगी। पिकलबॉल एक पैडल खेल है जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस का मिश्रण होता है। लेकिन यह टेनिस की तुलना में छोटे कोर्ट पर खेला जाता है। लीग के शुरूआती चरण के इस साल के अंत में या 2025 की शुरुआत में आयोजित होने की संभावना है। नाटेकर ने कहा भारत में शुरूआती वैश्विक पेशेवर पिकलबॉल लीग का अनावरण करने पर हमें गर्व है। लीग के शुरूआती चरण में छह फ्रेंचाइजी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम में अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ियों सहित पांच से आठ खिलाड़ी होंगे। लीग में टीमों के लिए भारतीय खिलाड़ियों और जूनियर खिलाड़ियों को रखना भी जरूरी होगा जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से सीखने के लिए टीम का हिस्सा बनेंगे।

### हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत सिंह 22 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। भारत यूरोप चरण में कुल आठ मैच खेलेगा। टीम दो चरण के टूर्नामेंट में अर्जेन्टीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से दो-दो मैच खेलेगी। पहला चरण 22 से 30 मई तक बेल्जियम के एंटवर्प में होगा जबकि दूसरा चरण लंदन में एक से 12 जून तक खेला जाएगा। यह 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता होगी और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन को टीम को खेलों के महाकुंभ के लिए तैयार करने का मौका देगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की सरजमीं पर पांच टेस्ट की शृंखला में 0-5 की हार के बाद भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। भारत प्रो लीग तालिका में अभी आठ मैच में 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

# शतक से चूके विराट, पंजाब को 242 का लक्ष्य

## कोहली ने खेली 92 रनों की शानदार पारी, रजत पाटीदार ने जड़ा अर्धशतक, हर्षल को मिले तीन विकेट



विराट कोहली का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते अर्शदीप सिंह। ● एजेंसी



धर्मशाला, एजेंसी

विराट कोहली (92), रजत पाटीदार (55) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 58वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 242 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ओवर में ही कप्तान फाफ डुप्लेसी (9) का विकेट गवां दिया। उन्हें विधवत कावेरप्पा ने आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में विधवत कावेरप्पा ने विल जैक्स (12) को भी शशांक के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। विराट कोहली और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिये 76 रनों की साझेदारी की। पाटीदार ने 23 गेंदों में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 55 रन बनाये। वहीं विराट कोहली ने 47 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए 92 रनों की पारी खेली।

दिनेश कार्तिक (18), महिपाल लोमरोर (शून्य) पर आउट हुये। कैमरन ग्रीन 27 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद (46) रन बनाये। आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 241 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से विद्वथ कावेरप्पा और हर्षल पटेल ने दो-दो विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और सम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**20** विकेट 12 मैच में लेकर हर्षल पटेल ने कब्जाया पर्पल कैप

**बेंगलुरु 241/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कैच रोसोव बो अर्शदीप | 92 | 47 | 7/6 |
| डुप्लेसी कैच शशांक बो विद्वथ | 9 | 7 | 2/0 |
| विल जैक्स कैच हर्षल बो विद्वथ | 12 | 7 | 1/1 |
| रजत कैच बियरस्टो बो सैम कुरेन | 55 | 23 | 3/6 |
| कैमरून ग्रीन कैच सैम कुरेन बो हर्षल | 46 | 27 | 5/1 |
| दिनेश कार्तिक कैच सैम कुरेन बो हर्षल | 18 | 7 | 1/2 |
| महीपाल लोमरोर बोल्ड हर्षल | 0 | 2 | 0/0 |
| स्वप्निल सिंह | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** विद्वथ 4-0-36-2, अर्शदीप 3-0-41-1, सैन कुरेन 3-0-50-1, हर्षल 4-0-38-3, राहुल चाहर 3-0-47-0, लिविंगस्टोन 3-0-28-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | -0.065 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.406 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

## रियल मैड्रिड चैंपियंस लीग फाइनल में



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर तीन सत्र में दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड ने कुल स्कोर के आधार पर 4-3 से जीत दर्ज की। बायर्न की जीत लगभग तय लग रही थी लेकिन जोसेलु ने 88वें मिनट में रीयाल मैड्रिड को बराबरी दिला दी। जोसेलु ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर रियल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित की और उसे फाइनल में जगह दिलाई। फाइनल में रियल मैड्रिड की भिड़ंत एक जून को लंदन में बोरूसिया डोर्टमंड से होगी।

# केएल राहुल की कप्तानी की आलोचना अंतिम मैचों में भी कर सकते हैं अगुवाई

नई दिल्ली, एजेंसी



सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बुधवार को करारी हार के बाद आईपीएल प्ले ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर होने से लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर बहस तेज हो गई है। अटकलें लगाई जा रहीं थी कि कप्तान स्वयं अपना पद छोड़कर बाकी बचे दो मैचों में अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान दे सकते हैं। हालांकि सिर्फ दो मैच बचे होने के कारण राहुल के टीम की अगुआई करते रहने की उम्मीद है।

आईपीएल के सूत्र अनुसार, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अगले मैच से पहले पांच दिन का ब्रेक है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है लेकिन समझा जा रहा है कि अगर राहुल बाकी बचे दो मैच में सिर्फ अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाते हैं तो प्रबंधन को कोई दिक्कत नहीं होगी। सनराइजर्स के खिलाफ बड़ी हार के बाद लखनऊ फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका का राहुल के साथ नाराजगी में बात करने का वीडियो सोशल मीडिया पर आया था।

# डायमंड लीग के जरिए ओलंपिक की तैयारी करेंगे नीरज और किशोर

दोहा, एजेंसी

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग के एक दिवसीय पहले चरण के जरिए पेरिस ओलंपिक की अपनी तैयारियां शुरू करेंगे जिसमें उनका सामना दुनिया के धुरंधर भाला फेंक खिलाड़ियों से होगा।

मौजूदा विश्व और एशियाई खेल चैंपियन भारत के भाला फेंक स्टार चोपड़ा का सामना पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक तथा विश्व चैम्पियनशिप के पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के किशोर जेना डायमंड लीग में पदार्पण करेंगे। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 87.54 मीटर है जबकि चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। चोपड़ा ने कहा मैं कल के लिए तैयार हूं। मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं 90 मीटर का थ्रो भी फेकूंगा लेकिन निरंतरता अधिक जरूरी है। यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी दस खिलाड़ियों में शामिल हैं जो लीग में उतरेंगे। इसके बाद लीग का दूसरा चरण 19 मई को मोरक्को में होगा।

### ओमेगा ने नीरज चोपड़ा को खेल दूत बनाया



**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के घड़ियों के लग्जरी ब्रांड ओमेगा ने खेल दूत के रूप में अपने साथ जोड़ा है। ओमेगा इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का आधिकारिक टाइमकीपर (स्पर्धाओं के समय के लिए उपकरण मुहैया कराने वाला) है। भारत के इस स्टार खिलाड़ी को शुक्रवार को डाइमंड लीग के पहले चरण में प्रतिस्पर्धा से पहले दोहा में ओमेगा के बुटीक में आमंत्रित किया गया। इस साझेदारी पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा मैं ऐसे प्रतिष्ठित ब्रांड का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जो ओलंपिक खेलों में टाइमकीपिंग में इतनी बड़ी भूमिका निभाता है। चोपड़ा भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी है। ओमेगा 1932 से लगभग सभी ओलंपिक खेलों में आधिकारिक टाइमकीपर रहा है। पेरिस 2024 में ओमेगा 31वीं बार खेलों का आधिकारिक टाइमकीपर होगा।

## भारतीय महिला टीम ने किया क्लीन स्वीप 5-0 से जीती शृंखला



**सिलहट।** दयालन हेमलता (37) और स्मृति मंधाना (33) रनों की पारियों और उसके बाद गेंदबाजी में राधा यादव के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को पांचवें टी-20 मैच में बांग्लादेश की टीम को 21 रन से हराते हुए शृंखला 5-0 से अपने नाम कर ली है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 157 रनों का लक्ष्य दिया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 156 रन बनाए। 156 रनों के जवाब में मेजबान बांग्लादेश के बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन रहा और वे भारतीय गेंदबाजी के आगे टीक नहीं सके। बांग्लादेश की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 135 रन ही बना सकी और मुकाबला 21 रन से हार गई।

## बॉलीवुड हलचल

### सिकंदर में नजर आएंगी रश्मिका



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती है। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। कहा जा रहा है कि सलमान खान की एक्शन ड्रामा फिल्म सिकंदर के लिए अभिनेत्री का नाम फाइनल हो गया है। रश्मिका मंदाना फिल्म सिंकदर में सलमान खान के अपोजिट काम करती नजर आ सकती हैं। माना जा रहा है कि रश्मिका मंदाना सुपरस्टार सलमान खान के साथ पहली बार काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार भी हैं। फिल्म सिकंदर का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। सिकंदर अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




### मनोज की भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। भैया जी, मनोज बाजपेयी के करिअर की 100वीं फिल्म है। भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरूआत में फिल्म का एक किरदार बार-बार पूछता है कि भैया जी कौन है? बार-बार पूछने पर भी जब उसे जवाब नहीं मिलता तो वह एक बार फिर चिल्लाकर पूछता है। इसके जवाब में दूसरा किरदार कहता है कि पॉलिटिक्स की बात करें को सत्ता पक्ष को विपक्ष और विपक्ष को सत्ता पक्ष करने के मास्टरमाइंड भैया जी। उनके फावड़े ने हजारों कुकर्मियों को संसार से मुक्त किया है। एक समय था, जब कुकर्मी मात्र उनकी कहानियां सुनकर कुकर्म त्याग देता था। उस समय सरकार भी वही थे, प्रजा भी वही थे, क्राइम भी वही थे, कानून भी वही थे। भैया जी, रॉबिन हुड नहीं हैं वो उसका बाप है। भैय्या जी, गांव पुपड़ी, जिला सीतामंडी, बिहार। एक सीन में मनोज बाजपेयी ऐलान करते हैं कि निवेदन नहीं नरसंहार होगा, नरसंहार। मनोज बाजपेयी इस फिल्म को को-प्रोड्यूसर भी हैं। फिल्म 24 मई को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### माती कचहरी परिसर में रामलीला आज

**कानपुर देहात।** अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती पर शुक्रवार को माती कचहरी परिसर स्थित हनुमान मंदिर पर रामलीला का आयोजन होगा। यह जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि दिन में 11 बजे से रामलीला का मंचन होगा, जिसमें लक्ष्मण–परशुराम संवाद लोगों के आकर्षक का केंद्र होगा। बाद में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### करंट से किशोरी झुलसी

**रसूलाबाद।** गुरुवार शाम रामपुर गांव निवासी पंचम लाल की बारह वर्षीय पुत्री नन्ही पिता के साथ में खेतों में गई थी। वापस आते समय पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ने लगी। तभी ऊपर से निकली 11 हजार लाइन विद्युत तारों के करंट की चपेट में आकर वह नीचे गिर गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर बृजेश ने हालत गंभीर देखते हुए कानपुर उर्सला रेफर कर दिया।

### गाय के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल

**रसूलाबाद।** माल का पुरवा निवासी सरिता देवी (45) पत्नी संतोष तिवारी गुरुवार को अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थी। तभी उनकी पालतू गाय ने पेट में सीग मार दिया। जिससे वह घायल हो गई। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर बृजेश ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलट रेफर कर दिया।

### सांप के डसने से किशोर की हालत गंभीर

**रसूलाबाद।** बुधवार देर शाम जोत गांव निवासी जीत सिंह का पुत्र अंश (12) अपने बाबा छविनाथ के साथ खेत पर घूमने गया था। वहीं पर उसे सांप ने पैर में काट लिया। परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टर बृजेश ने प्राथमिक उपचार किया।

### मधुमक्खियों के हमले से किसान घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के असेवा गांव निवासी गोपाल सिंह (60) गांव में आम के बाग की रखवाली के लिए गए हुए थे। जहां एक पेड़ में मधुमक्खी का छत्ता लगा हुआ था। किसी कारण मधुमक्खियों ने किसान पर हमला कर दिया। हालत बिगड़ने पर परिजन किसान को सीएचसी ले गए।

# रसोइया ने शिक्षिका के बाल नोचकर पीटा

## खासबरा के संविलियन विद्यालय का मामला, दाल में कीड़ों की शिकायत पर शिक्षिका ने जताया था एतराज

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** खासबरा गांव के संविलियन विद्यालय में एमडीएम में गंदगी का विरोध करने पर रसोइया ने शिक्षिका के साथ मारपीट कर दी। शिक्षिका ने घटना की जानकारी डीएम कैंप कार्यालय, पुलिस और बीईओ को दी। शिकायत मिलने पर बीईओ ने स्कूल पहुंचकर मामले की जांच करने के बाद रिपोर्ट बीएसए को भेजी है।

राजपुर ब्लाक क्षेत्र के खासबरा गांव के संविलियन स्कूल में तैनात सहायक अध्यापिका यास्मीन ने बताया कि गुरुवार को स्कूल में एमडीएम में दाल-रोटी बनाई गई थी। भोजन करने गए बच्चे गौरी, निधि, आलिया, नैतिक, दानिश, अलफैज आदि ने बताया कि दाल में कीड़े और गंदगी है। बच्चों द्वारा शिकायत करने पर उन्होंने रसोइया विमला देवी से एतराज जताया तो उसने अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शिक्षिका यास्मीन का आरोप है कि रसोइया ने गालीगलौज करते हुए उनके बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और फिर मारपीट की।


संविलियन विद्यालय में घटना की जानकारी लेते बीईओ संजय गुप्ता और चौकी प्रभारी।

शिक्षिका ने घटना की जानकारी डीएम कैंप कार्यालय, पुलिस और खंड शिक्षा अधिकारी को दी। जानकारी मिलने पर राजपुर के खंड शिक्षा अधिकारी संजय गुप्ता फौरन संविलियन विद्यालय पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन की। उन्होंने शिकायत करने वाले बच्चों के बयान दर्ज किए। स्कूल के छात्रों ने बताया कि रसोइया का व्यवहार ठीक नहीं है। वह बच्चों के साथ अभद्रता करती है। खाने में अक्सर कीड़े निकलते हैं, जिसका विरोध करने पर बच्चों को फटकारा जाता है।

- मिडडे मील परोसे जाने पर बच्चों ने शिक्षिका से की थी शिकायत
- डीएम तक पहुंचा मामला, जांच के लिए पहुंचे बीईओ


स्कूल में बच्चों के बयान दर्ज करते बीईओ संजय गुप्ता। अमृत विचार

### प्रधानाध्यापिका, शिक्षकों और बच्चों के बयान दर्ज

खंड शिक्षा अधिकारी संजय गुप्ता ने स्कूल की प्रधानाध्यापिका स्नेहलता कटियार के साथ शिक्षकों और स्कूल के बच्चों के बयान दर्ज किए। बीईओ संजय गुप्ता ने बताया कि जांच में रसोइया की ओर से शिक्षिका यास्मीन के साथ अभ्रदता की पुष्टि हुई है। पूरी रिपोर्ट बीएसए को भेजी जाएगी।

### शिक्षिका ने राजपुर थाने में दी तहरीर

उधर, मारपीट का शिकार हुई शिक्षिका यास्मीन ने राजपुर मारपीट को लेकर थाने में पुलिस को तहरीर दी है। चौकी इंचार्ज पंकज कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# प्ले एंड एंजॉय से स्कूलों में छात्रों की बढ़ाएंगे हाजिरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति को लेकर हमेशा संकट बना रहता है। विभाग के तमाम प्रयासों के बाद भी स्कूलों में बच्चों का नामांकन और उपस्थिति नहीं बढ़ रही है। इसे देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने नई कवायद शुरू की है। विभाग की तरफ से अब स्कूलों में बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाया जाएगा। इसके अंतर्गत बच्चों को खेल, लोकगीत, नाटक, कहानी, नृत्य, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों के माध्यम से पढ़ाई की ओर आकर्षित किया जाएगा।

- खेल, लोकगीत, नाटक व अन्य प्रतियोगिता से बच्चों को आकर्षित करने पर जोर

बच्चों की शैक्षणिक सफलता के लिए उनका नियमित स्कूल आना अनिवार्य है। नियमित स्कूल न आने से भाषा, गणित बच्चों के लिए सबसे अधिक बाधक बनती है। विभाग का मानना है कि शिक्षकों के आत्मीय संबंध, शैक्षिक वातावरण व सामुदायिक सहभागिता से ही बच्चों की उपस्थिति संभव है। बीएसए को भेजे गए पत्र में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने लिखा है कि बच्चों की 75 फीसदी उपस्थिति या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल करने के लिए अभिभावकों को शिक्षा का महत्व बताया जाए।

# पहले मतदान, फिर जलपान का संदेश

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** मतदाता जागरुकता पर आधारित गोष्ठी में बच्चों के पकवान मेला का आयोजन एमएनपी हाईस्कूल सिकंदरा में किया गया। इस दौरान लोगों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई।

गुरुवार को मुख्य अतिथि बीईओ संजय कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदामा प्रसाद अकेला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बीईओ व अध्यक्ष ने बच्चों के पकवान मेला में दुकानों का भ्रमण किया, जिसमें दुकानों के नाम चंद्रयान-तीन, भेलपुरी, पर्यावरण फिंगर पकौड़ी, एवरेस्ट चोटी, ब्यूटी पार्लर, मैडम क्यूरी मंचूरियन, इलेक्ट्रॉन बर्फ का गोला, इसरो पानी पूरी, हिमालय लस्सी, कुतुबमीनार, मीठी पूड़ी, पेड़ लगाएं-बेर खाएं थे। बच्चों ने अपनी दुकान की विशेषताएं बताते हुए पहले मतदान करें फिर जलपान करें का संदेश दिया। बीईओ ने गोष्ठी में आए मतदाताओं को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया और उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरष्कृत किया। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकतंत्र के महापर्व पर 13 मई को सारे काम छोड़कर वोट डालने जरूर जाएं। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर मोहम्मद मारूफ, संरक्षिका सम्मो बेगम, रघुनंदन प्रजापति, जवाहर नगर सभासद वैभव शर्मा, हरगोविंद, अरुण कुमार बौद्ध आदि मौजूद रहे।


बीईओ को पौध लगा गमला भेंट करते आयोजक। अमृत विचार

- मतदाता जागरुकता गोष्ठी में बच्चों ने लगाया पकवान मेला

## सार-संक्षेप

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**कानपुर देहात।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के जैनपुर निवासी सूबेदार सविता का पुत्र पंकज (22) के पैर में सड़न की बीमारी थी। जिसका इलाज चल रहा था। बीमारी से आहत होकर युवक ने गुरुवार को अपने घर के कमरे में फंदा लगा कर जान दे दी। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए गए। कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया बीमारी से जान देने की बात सामने आई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर सवार चार लोग घायल

**राजपुर।** कस्बे से जल्लापुर जा रहे ट्रैक्टर को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर में सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टर जीपी द्विवेदी ने कमल कटियार पुत्र विनोद कटियार निवासी जल्लापुर सिकंदरा को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया है। वहीं अर्पित, मंजीत सतेन्द्र को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रभात सिंह ने बताया कि हादसे की जानकारी नहीं मिली है।

### निर्वाचन कंट्रोल रूम के फोन नंबर जारी

**कानपुर देहात।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर जनपद में डिस्ट्रिक कांट्रेक्ट सेंटर (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। जिस किसी भी व्यक्ति को लोकसभा सामान्य निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की कोई भी जानकारी देनी हो, वह डिस्टिक कांट्रेक्ट सेंटर के नंबरों पर व नोडल प्रभारी से संपर्क किया जा सकता है। जिला कांट्रेक्ट सेंटर का लैंडलाइन नंबर 05111–297056, टोल फ्री नंबर 1950, मोबाइल नंबर 8543834008, 7523924006, सहायक प्रभारी अधिकारियों के मोबाइल नंबर 7985388813 व 9450231268 तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मोबाइल नंबरों में रसूलाबाद 8429679005, अकबरपुर–रनियां 7523947005, सिकंदरा 8429312005 व भोगनीपुर 7607182005 है।

### 48 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार

**रसूलाबाद।** चौकी प्रभारी ने 48 क्वार्टर देशी शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को गस्त के दौरान तिस्ती चौकी प्रभारी कृपाल सिंह ने नौहानौगांव रोड पर बंद पड़ी आरा मशीन के निकट 48 क्वार्टर देशी शराब के साथ युवक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सत्यनारायण निवासी नौहानौगांव बताया। चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने शराब बिक्री करने की बात स्वीकार की है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### घर में घुसकर छेड़छाड़ करने पर रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि बीते 5 अप्रैल को उसके घर में दीवार का निर्माण कार्य चल रहा था। तभी गांव के ही दबंग राम खिलावन, शिवम, अंशुका व रमेश दीवार बनाने का विरोध करते हुए गालियां देने लगे और घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करते हुए छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर आसपास के लोगों के इकट्ठा होने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक गंभीर

**पुखरायां।** देवराहट थाना क्षेत्र के गौरी गांव के दलबीर सिंह ने बताया कि उनके भाई उग्रसेन (28) ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन अर्द्धबेहोशी की हालत में सीएचसी ले गए। जहां डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# इस बार जरूर करेंगे वोट की चोट

संवाददाता, डेरापुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लोगों को प्रेरित करने के लिए अधिकारियों, समाजसेवी संगठनों व जागरूक मतदाताओं द्वारा लगातार अपील की जा रही है। कहा जा रहा है कि सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। एक-एक वोट कीमती होता है और मनपसंद सरकार बनाने में मदद मिलती है। इसको लेकर डेरापुर तहसील क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह है। उनका कहना है कि अच्छा जनप्रतिनिधि व अच्छी सरकार चुनने के लिए मतदान में हिस्सा लेना बहुत जरूरी है। वह मतदान की तिथि आने की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं। स्वयं मतदान करने के साथ ही वह अन्य लोगों को प्रेरित करेंगे।


इस बार पहली बार मतदान करेंगे। जनता के एक वोट की ताकत से ही देश के लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। इसलिए सभी को मतदान जरूर करना चाहिए।
–सचिन सिंह युवा वोटर


स्वयं मतदान करने के साथ ही अपने आसपास के लोगों को वोट डालने के लिए जागरूक करेंगे। जिससे मनपसंद जनप्रतिनिधि व सरकार चुनने में सहयोग मिल सके।
–जागेंद्र यादव समाजसेवी


जाति व धर्म से ऊपर उठकर लोगों को मतदान करना चाहिए। लोग विकास कार्यों को तरजीह देने वाले को अपना प्रतिनिधि। जिससे क्षेत्र व देश का विकास हो सके।
–मोनू त्रिवेदी अधिवक्ता


पहली बार मतदान करने का मौका मिला है, जो क्षेत्र व समाज का सर्वांगीण विकास करेगा। उसी को वोट देंगे। मतदान के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।
–दीपक कुशवाहा युवा वोटर

# मतदान के चलते कल शाम से बंद होंगी शराब दुकानें

**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत चौथे चरण में 13 मई को लोकसभा अकबरपुर, इटावा व कन्नौज में मतदान होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह ने शांति बनाए रखने व निष्पक्ष मतदान कराए जाने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्र अकबरपुर-रनियां, सिकंदरा व रसूलाबाद निर्वाचन क्षेत्र व उस सीमा से आठ किमी की परिधि में स्थित देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शॉप व भांग की फुटकर बिक्री की दुकानों एवं थोक अनुज्ञापन को 11 मई की शाम 6 बजे से 13 मई को मतदान समाप्ति तक पूर्णतया बंद रखने के निर्देश दिए हैं। उक्त कोई भी दुकान खुली मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




**शांति की अपील** | लोकसभा चुनाव को लेकर सड़कों पर उतरी खाकी


रनियां में पैदल गश्त करते पुलिस के जवान। अमृत विचार


रूरा में पैदल गश्त करते अर्द्धसैनिक बल के जवान। अमृत विचार

# अर्द्धसैनिक बल ने सुरक्षा का एहसास कराया

संवाददाता, रनियां/रूरा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने रनियां व रूरा कस्बे के प्रमुख मार्गों का पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। भ्रमण के दौरान रुक-रुक कर थाना प्रभारी ने लोगों से मतदान करने की अपील के साथ-साथ अराजक तत्वों की जानकारी देने को कहा।

गुरुवार को रनियां थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पटेल ने अर्द्धसैनिक बलों के जवानों के साथ कस्बा के चिटिकपुर चौराहे से बाजार रोड होते हुए बाजार तक पैदल गस्त किया। यहां दुकानदारों से वार्ता करते हुए कहा गया कि वह लोग अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाएं। जिससे अराजक तत्वों का हौसला कम हो सके और चोरी जैसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। अगर किसी अराजक तत्व पर लोगों को शक होता है तो तुरंत फोन कर उन्हें सूचना दें। उन्होंने लोगों से देश के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद पुलिस बल रनियां पड़ाव पर पहुंचा और आड़ा-तिरछा खड़े वाहन चालकों को हिदायत देते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी। कहा कि बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े करने में आए दिन कोई ना कोई हादसे होते रहते हैं। इसी तरह रूरा में सीआईएसएफ के कमांडर अजय कुमार मांझी के नेतृत्व में पुलिस व दो सेक्शन के जवानों ने गश्त करते हुए लोगों को निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने का भरोसा दिलाया। फोर्स ने थाने से लेकर स्टेशन रोड, मुख्य बाजार व नहर पुल तक गस्त किया। इस दौरान थाना प्रभारी एसएन सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम सुरजीत सिंह, कस्बा इंचार्ज राकेश सिंह, विवेक, कर्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

# जानलेवा हमले के दोषी को दस साल की सजा, अर्थदंड भी लगा

## भोगनीपुर क्षेत्र में नौ साल पहले शादी समारोह के दौरान हुई थी वारदात

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



**अमृत विचार।** भोगनीपुर क्षेत्र में करीब नौ साल पहले शादी समारोह में मामूली विवाद पर लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चलाकर पारिवारिक सदस्य को घायल करने के मामले में अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाया है। अपर जिला जज चतुर्थ की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए दस साल कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि जालौन जनपद के कालपी क्षेत्र के मिर्जा मंडी निवासी रमेश चंद्र ने भोगनीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 3 मई 2015 की रात वह अपने परिचित की शादी समारोह में शामिल होने बेटालाल सेवाश्रम गया था। समारोह में उसके परिवारिक कालपी क्षेत्र के मिर्जा मंडी निवासी सरमन उर्फ गुड्डू भी अपने साथियों के साथ रात करीब साढ़े ग्यारह बजे पहुंचा। वहां आते ही उसने गालियां देना शुरू कर दिया। पीड़ित रमेश चंद्र ने गालियों का विरोध किया तो सरमन उर्फ गुड्डू ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चला दी, जिससे रमेश चंद्र के चेहरे और गर्दन में गोलियां लगीं और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। जब होश आया तो वह पुखरायां अस्पताल में था। वहां से उसे गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने आरोपी सरमन उर्फ गुड्डू के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

अपर जिला जज चतुर्थ दुर्गेश ने गुरुवार को आरोपी सरमन उर्फ गुड्डू को दोषी करार देते हुए दस साल की सजा सुनाई और 50 हजार रुपये अर्थदंड लगाया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# दहेज हत्या में दोषी पति को सात साल कारावास

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- कानपुर नगर के चौबेपुर क्षेत्र में नौ साल पहले की घटना

**अमृत विचार।** चौबेपुर क्षेत्र के तातियागंज में करीब नौ साल पहले दहेज के लिए पत्नी की हत्या कर शव फंदे से लटकाने के मामले में अपर जिला जज प्रथम ने आरोपी पति को दोषी करार देते हुए सात साल कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता विवेक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कानपुर नगर के महाराजपुर क्षेत्र के तिलसहरी खुर्द निवासी ननकऊ कुशवाहा ने चौबेपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अपनी पुत्री रिंकी देवी की शादी 6 जून 2014 को चौबेपुर के तातियागंज निवासी अरविंद कुशवाहा के साथ की थी। शादी के बाद से ही बेटी को पति व ससुरालीजन फूल सिंह, धर्मेंद्र, सुनीता देवी 50 हजार रुपये व बाइक की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। 7 अप्रैल 2015 की रात बेटी की हत्या कर उसे पंखे से फंदे पर लटका दिया और आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी पति अरविंद कुशवाहा के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई साक्ष्य न मिलने पर नाम हटा दिए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज प्रथम चंद्रशेखर की अदालत में चल रही थी। गुरुवार को मामले में अदालत ने आरोपी पति को दोषी करार देते हुए सात साल के कारावास की सजा सुनाई, साथ ही तीन हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

**बलवंत हत्याकांड**

# फोर्स की कमी से पेश नहीं हो सके आरोपी

**कानपुर देहात।** चर्चित बलवंत हत्याकांड में अभियोजन साक्षी रामजी के घर पर नहीं होने से उसे सम्मन न मिलने और फोर्स के लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने से आरोपियों को कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका, जिससे इस केस में गवाही नहीं हो सकी। यह जानकारी वादी पक्ष के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी।

उन्होंने बताया कि अभियोजन साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह को दोबारा जिरह के लिए तलब करने को तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम व एक अन्य आरोपी द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर न्यायालय ने उसे तलब करने के साथ ही साक्षी रामजी को साक्ष्य तलब कर गवाही के लिए 29 मई की तिथि नियत करने के आदेश दिए हैं। वादी के प्रार्थना पत्र पर सभी आरोपियों को भी नियत तिथि पर जेल से तलब करने का आदेश पारित किया गया है।

अधिवक्ता जितेंद्र चौहान ने बताया कि मामले में वादी अंगद सिंह, साक्षी बलबीर सिंह व साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह के पूर्व में बयान दर्ज हो चुके हैं। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पूनम सिंह की अदालत में चल रही है।

# दुष्कर्म के दोषी को बीस साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- गजनेर क्षेत्र में चार साल पहले किशोरी के साथ हुआ था रेप 55 हजार रुपये अर्थदंड लगा

**अमृत विचार।** गजनेर क्षेत्र के एक गांव से करीब चार साल पहले शौच के लिए गई किशोरी को उसी गांव का रहने वाला युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट में चल रही थी।गुरुवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी युवक को दोषसिद्ध करते हुए उसे बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही उसपर अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि गजनेर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसमें बताया था कि 16 मार्च 2020 की सुबह उसकी पुत्री शौच के लिए घर से बाहर गई थी काफी समय तक जब वह घर वापस नहीं आई तो उसकी खोजबीन की तो गांव के कुछ लोगों से पता चला कि गांव के रहने वाले राहुल कश्यप के साथ उसकी पुत्री को देखा गया है।इस घटना के पहले उसने 6 मार्च 2020 को राहुल को उसने अपनी पुत्री से बात करते हुए देख कर उसका विरोध किया था जिसपर राहुल ने उसे जाति सूचक गालियां देते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी उसके घर पर शिकायत करने पर उसके पिता और बहन ने भी उसे गालियां दी थी।उसकी पुत्री को उसी ने गायब किया है।पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए किशोरी की खोज कर आरोपी राहुल कश्यप को जेल भेज दिया था साथ ही उसके खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे।मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13/पोक्सो कोर्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत में चल रही थी ।गुरुवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी राहुल कश्यप को दोषसिद्ध करते हुए उसे बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही उसपर 55 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है वहीं अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं साथ ही अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

# गल्ले की दुकान से 32 क्विंटल लाही-गेहूं चोरी

**रूरा।** थाना क्षेत्र के कारी कलवारी प्रेमाधाम में गल्ले की दुकान का रात में चोरों ने ताला तोड़कर करीब 32 क्विंटल गेहूं व लाही पार कर दी। पुलिस ने छानबीन की है।

- पीछे वाले दरवाजे पर पड़ा मिला हथौड़ा और साबर

कारी कलवारी गांव निवासी रमेश सिंह की प्रेमाधाम में निजी गल्ले की दुकान है। बुधवार की शाम वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। गुरुवार की सुबह नौ बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर का ताला टूटा देखकर सन्न रह गया। दुकान के अंदर देखा तो वहां रखी 43 बोरी गेहूं व 22 बोरी लाही नदारद थी और गोलक टूटी पड़ी थी।

रमेश सिंह ने बताया कि चोर गोलक में रखे तीन हजार रुपये भी ले गए हैं। पीछे का दरवाजा खुला पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। वहीं पीछे के दरवाजे के पास हथौड़ा व साबर पड़ा मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की घटना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस की टीम सक्रिय हो गई है। क्लू तलाशे जा रहे हैं।



लोगों से संपर्क करते ब्लाक प्रमुख आकाश सिंह व समर्थक। अमृत विचार

# ब्लाक प्रमुख ने भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

**कानपुर देहात।** गुरुवार को औरैया जनपद के सहार के ब्लॉक प्रमुख आकाश सिंह गौर उर्फ ऋषि भैया ने अकबरपुर लोकसभा की अकबरपुर-रनिया विधानसभा के रूरा मंडल के विभिन्न गांवों और नगर पंचायत शिवली में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में जनसंपर्क किया। उन्होंने लोगों के घर-घर जाकर 13 मई को चौथे चक्र के लिए भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने समाज के सभी वर्गों के लिए विकास कार्य किए हैं। यह सबका साथ और सबका विकास वाली पार्टी है।

## सार-संक्षेप

### ट्राली से गिरा मजदूर पहिया की चपेट में आया, गई जान

**रसूलाबाद।** बिरूहन ग्राम पंचायत के मजरा कंचन निवादा निवासी अखिलेश कुमार उर्फ बोनी (28) भूसा लेने के लिए ट्रैक्टर मालिक शिशुपाल सिंह उर्फ लल्ला के साथ गुरुवार सुबह खेत जा रहा था। रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होने से ट्राली में बैठा अखिलेश कुमार नीचे गिरकर पहिये के नीचे दब गया, जिससे उसकी कुचलकर मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार वाले मौके पर पहुंचे। पत्नी सोनी, भाई दिलीप, पिता रामभरोसे, मां रानी देवी आदि रोते-बिलखते रहे। सूचना पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी व बिरूहन चौकी इंचार्ज धीरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### 335 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ समेत एक गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** अकबरपुर कोतवाली पुलिस व पूर्ति विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध रूप से भंडारण किए गए 335 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ को बरामद किया गया है। इस दौरान एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। अकबरपुर पुलिस व पूर्ति विभाग की टीम ने मुरीदपुर में महेंद्रा सर्विस सेंटर के पीछे खेतों में छापेमारी करते हुए आरोपी नयन सिंह उर्फ निहाल निवासी मुरीदपुर को अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ का भंडारण करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से 335 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ, दो प्लास्टिक की बाल्टी, एक सफेद व एक काले रंग की प्लास्टिक की पाइप व एक लीटर का नपना बरामद किया गया। अभियुक्त ने बताया कि हाईवे से करीब 50 मीटर महेंद्रा सेंटर के पीछे एक कमरे में उसका इलेक्ट्रिक ट्यूबबेल है, जहां पर खाली टैंकरों की सफाई व बेल्डिंग के लिए पानी भरा जाता है। वहां टैंकरों के ड्राइवरों से दस से ली लीटर तक डीजल व पेट्रोल की खरीद की जाती है। ड्राइवर पांच रुपये प्रति लीटर कम दाम पर डीजल व पेट्रोल देते हैं। जिसका उपयोग खेतीबाड़ी व स्वयं के उपयोग में किया जाता है। वहीं पुलिस को देखकर दूसरा आरोपी शेखू निवासी बदलापुर भाग गया। अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**कानपुर देहात।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय माती में कक्षा एक के लिए प्रवेशोत्सव एवं अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गुरुवार को विद्यालय के प्राचार्य एएच अंसारी ने दीप प्रज्ज्वलन व छात्रों ने सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद प्रवेश लेने के लिए वाले बच्चों व उनके अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कक्षा एक के अध्यापकों ने नई शिक्षा नीति और नए ढंग से बच्चों को पढ़ाने के तरीकों से अभिभावकों को अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यालय में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा दी जानी वाली सुविधाओं को पॉवर प्वाइंट से प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा करते हुए अभिभावकों व शिक्षकों को बच्चों के विकास का अहम स्तंभ बताया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यहां आरती अग्निहोत्री, मुख्याध्यापक आशुतोष शुक्ला आदि रहे।

### डाटा लॉक, 12 को रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

कानपुर देहात। डीएम के निर्देश पर भोगनीपुर विधानसभा की 444 पार्टियों को तीन पालियों में मास्टर ट्रेनर्स अकबरपुर डिग्री कालेज में प्रशिक्षण देंगे। सभी कार्मिकों को निर्देश दिए गए हैं कि समय पर प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करें। जिससे ईवीएम को स्वयं चलाकर व मतदान संचालन की प्रक्रिया को अच्छी तरीके से समझ सकें। इसी तरह से अन्य विधानसभाओं का डाटा लॉक कर दिया गया है। 12 तारीख को जनपद में अकबरपुर-रनिया, सिकंदरा व रसूलाबाद विधानसभा से संबंधित लोकसभा की पोलिंग पार्टियां समय पर रवाना होंगी। ऐसे में किसी भी स्थिति में कार्मिक की ड्यूटी अवमुक्त नहीं की जाएगी। सभी कार्यालयध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वह सभी कार्मिकों को समय पर भेजना सुनिश्चित करें।



# प्रेक्षक की मौजूदगी में ईवीएम का हुआ द्वितीय रैंडमाइजेशन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ मौजूद रहे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि
- कंट्रोल, बैलेट यूनिट 26 प्रतिशत, वीवी पैट 36 फीसद रिजर्व रहेंगी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक के समक्ष जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम मशीनों का द्वितीय रैंडमाइजेशन किया गया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक ललटनपुई वानचुंग (आईएएस), पुलिस प्रेक्षक एसआर ओडेडेरा (आईपीएस), जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी.इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह एवं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी एवं प्रत्याशी द्वारा नियुक्त किए गए निर्वाचन एजेंट की उपस्थिति में प्रोजेक्टर के माध्यम से रैंडमाइजेशन की कार्यवाही की गई।

ईवीएम मशीनों का द्वितीय रैंडमाइजेशन निर्धारित ईएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से विधान सभाओ के बूथवार पूरा किया गया। उसके बाद चुनाव प्रत्याशियों से सॉफ्टवेयर से प्राप्त प्रति पर हस्ताक्षर कराया गया। वहीं सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी के भी हस्ताक्षर होने के बाद एक-एक प्रति विधान सभावार प्रत्याशियों को दिए गए। बताया गया कि कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट 26 प्रतिशत, वीवी पैट 36 प्रतिशत रिजर्व रहेंगी। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक, स्वीप मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### खोली गई स्ट्रांग रूम की सील

सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी व प्रत्याशियों के समक्ष वेयर हाउस में बनाए गए स्ट्रांग रूम का सील वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कराते हुए खोला गया। रूम में रखी ईवीएम मशीनों को बनाए गए डिस्पैच सेन्टर विज्ञान भवन के लिए पुख्ता सुरक्षा के साथ भेजने के निर्देश संबंधितो को दिए गए।


## पेड़ की डाल सिर पर गिरने से बुजुर्ग किसान की मौत

**थरियांव।** जंगल में लकड़ी काटने गए एक किसान के सिर पर जामुन के पेड़ की डाल सिर पर गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों ने आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

थरियांव थाना क्षेत्र के बलईपुर मजरे ओरेई गांव निवासी रामदीन पासवान पुत्र झल्लू गांव में खेती किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि गांव के बाहर जंगल में लकड़ी काटने गया था तभी पेड़ की डाल नीचे खड़े रामदीन के सिर में गिर गई। वहीं आसपास खेत में काम कर रहे किसानों ने देखा तो परिजनों को मामले की जानकारी दी।

# स्वजातीय के बीच चल रहे शतरंजी चाल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



- जातीय समीकरणों को साधने के लिए प्रत्याशियों ने झोंक रखी पूरी ताकत
- स्वजातीय मतदाताओं पर अंदरखाने रखी जा रही है पैनी नजर

### जमीन पर उतार दिए गए बिचौलिए

चुनावी संग्राम के लिए बनी पॉलिटिकल प्रयोगशाला में कास्ट के साथ केमिस्ट्री फिट करने के लिए सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है। बिचौलिए उम्मीदवारों का संदेश मतदाताओं तक पहुंचाते हैं और गिले शिकवे दूर करने का अनुरोध करते हैं। यह बिचौलिए जासूसी का काम भी कर रहे हैं। जिले में नित बदलती फिजां की जानकारी भी उम्मीदवारों तक पहुंचाई जा रही है।

**अमृत विचार।** चुनाव आयोग ने भले ही जाति और धर्म के नाम पर वोट मांगने पर पाबंदी लगाई है लेकिन जिले के लोकसभा चुनाव में खुले तौर पर न सही लेकिन अंदरखाने राजनीतिक प्रयोगशालाओं में कास्ट का साल्ट तैयार हो रहा है। प्रत्याशी वोटों की जंग में 'अपनों' से नहीं हारना चाहते हैं। इस स्थिति में वोटों की लड़ाई में प्रत्याशियों ने अपने स्वजातीय मतों के लिए गोटियां बिछा दी हैं। रूठे मतदाताओं को मनाने के लिए बिचौलियों की फौज जमीन पर काम करने लगी है। कास्ट के साथ केमिस्ट्री फिट करने के लिए उम्मीदवारों व समर्थकों ने पूरा जोर लगा दिया है।

आगामी 20 मई को होने वाले मतदान के लिए उम्मीदवारों ने नामांकन के बाद प्रचार के लिए पसीना बहाना शुरू कर दिया है। प्रचार के दौरान प्रत्याशियों के निशाने पर सबसे पहले स्वजातीय वोटर हैं। इन वोटों को सियासी समर में अपने पाले में करने के लिए प्रत्याशियों ने जाल बिछा दिया है। इन मतदाताओं की शिकवा शिकायतों को गले लगाते हुए जल्द ही इन्हें दूर करने का भरोसा भी दिया जा रहा है। चुनावी रण में एक से अधिक स्वजातीय प्रत्याशी होने की दशा में सभी उम्मीदवार इन मतों को जमीनी समर्थकों के सहारे अपनी तरफ करने की कोशिश में जुटे हैं। कई क्षेत्रों में मुख्य मुकाबले में माने जा रहे उम्मीदवारों के लिए यह परीक्षा की घड़ी है। राजनीतिक चर्चा में भाग लेने वाले लोगों का तर्क है कि चुनाव के समय यदि उम्मीदवारों को स्वजातीय मतों का ही सहारा नहीं मिलेगा तो चुनाव मैदान में उन्हें काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा इस स्थिति में उम्मीदवारों को कई सवालों का सामना भी करना पड़ेगा। ऐसी अनचाही स्थिति का सामना करने की बजाए उम्मीदवारों ने स्वजातीय मतों के लिए जोर आजमाइश का आगाज कर दिया है।

# सांड़ के हमले से बुजुर्ग की मौत, मचा कोहराम

## नाले में गिरे बुजुर्ग को ग्रामीणों ने निकाला

संवाददाता, फतेहपुर

- अन्ना मवेशियों के बढ़ रहे आतंक से ग्रामीणों में गुस्सा, कई घटनाएं पहले भी हुईं

**अमृत विचार।** थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा कस्बे में एक सांड़ ने बुजुर्ग को पटक-पटक कर नाले में गिरा दिया। जब तक ग्रामीणों को घटना की जानकारी होती और उन्हें बाहर निकालते उससे पहले उनकी मौत हो चुकी थी। घटना से ग्रामीणों के बीच आक्रोश व्याप्त है।

थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा कस्बे के मीरसदन मोहल्ला निवासी बब्बू गुप्ता रोज की तरह तेंदुआ तालाब किनारे टहलने गये थे। जहां पर एक सांड़ ने उन पर अचानक हमला कर दिया। साड़ के हमले के बाद बब्बू बगल में बने नाले में गिर गये। घटना की जानकारी जब तक किसी को होती और उन्हें नाले से निकाला जाता उससे पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि कस्बे में अन्ना मवेशियों की भरमार है। जिसके कारण आयदिन किसी न किसी पर हमला करते रहते हैं। फसलों को भी लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। कस्बे में एक भी गौशाला नहीं बनी है। जिस कारण अन्ना मवेशियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। मृतक के पुत्र कालिका गुप्ता ने बताया कि गांव में पहले भी कई लोग सांड़ के हमले से घायल हो चुके है। थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, एक घायल

संवाददाता, हथगाम



हादसे के बाद बाइक हटाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** किसी काम के लिए घर से निकले बाइक सवार दो साथी गुरूवार दोपहर में सड़क हादसे का शिकार हो गए। जगन्नाथ बाबा धाम के सामने ट्रक की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल युवक को स्थानीय अस्पताल से सदर अस्पताल के रेफर कर दिया गया, जहां ले जाते समय रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हथगाम थाना क्षेत्र के परमानंदपुर (राजापुर) गांव निवासी जयकरन पुत्र धीरज व उसका साथी विनोद कुमार अपने गांव से छिवलहा कस्बे की तरफ किसी काम से जा रहे थे। तभी रास्ते में जगन्नाथ बाबा धाम के सामने ही पहुंचे थे कि तभी सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी। लेकिन समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंची तो स्थानीय लोगों ने ही दोनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां गंभीर देख देख डाक्टर ने घायल जयकरन की हालत नाजुक देखते हुए डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से उसे जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। उधर पुलिस ने ट्रक व ट्रक चालक को अपने कब्जे में ले लिया है।

# शीतल पेय पदार्थ दे रहे राहगीरों को राहत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



गन्ने के शीतल रस से गला तर करते राहगीर। अमृत विचार

- राहगीरों के लिए तेज धूप बन गई मुसीबत

**अमृत विचार।** इन दिनों शहर का सूरत-ए-हाल मौसम के लिहाज से कुछ जुदा-जुदा सा है। दुकानों के बाहर गर्मी के कपड़े और फुटपाथों पर शीतल पेय पदार्थों की दुकानें सजी हैं। धूप और उमस से परेशान लोग राहत पाने को पहुंच रहे हैं।

गर्मी के मौसम में लोग धूप, उमस और गर्म हवाओं के फेर में फंसकर तौबा कर रहे हैं। दिन में धूप और गर्म हवाएं और रात की उमस लोगों की नींद उजाड़ रही है। आने वाले दिनों में मौसम लोगों को राहत देने के मूड में नजर नहीं आ रहा है। गुरुवार की सुबह जब लोग उठे तो सामान्य धूप की किरणों ने लोगों को परेशान नहीं किया पर जैसे-जैसे वक्त बीता मौसम में बदलाव आया। जिससे लोगों के लिए तेज धूप मुसीबत बन गई। लोगों ने अपनी-अपनी तरह से गर्मी से बचाव किया। वहीं किसी ने गन्ने व बेल का जूस पीकर राहत पाई तो कोई गमछा व कैप लगाए धूप से राहत पाता रहा। दिनभर धूप और गर्म हवाएं लोगों का रास्ता रोकती रहीं।

जरुरी कामों को अंजाम देने वाले ही सड़कों पर नजर आए। दिन के साथ रात में भी मौसम लोगों के लिए मुसीबत बन रहा है। उमस की वजह से कमरों में सोने वाले लोग आजिज आ रहे हैं।

वहीं इन दिनों बीच-बीच में मामूली बादल और रात में हवाएं लोगों को राहत भी दे रही हैं। गुरुवार को अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया।

# यमुना में डूबे बालक का 48 घंटे बाद मिला शव

संवाददाता, किशनपुर



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दो दिन पूर्व एकडला गांव में तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने आया एक बालक मंगलवार को यमुना स्नान करते समय डूब गया था। बालक के डूबने के बाद गोताखोरों व एसडीआरएफ टीम ने तलाश शुरू की थी। घटना के 48 घंटे बाद एसडीआरएफ टीम ने डूबे बालक का शव बरामद कर लिया है। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रतापगढ़ जनपद के मानिकपुर गढ़ी गांव निवासी ज्ञानचंद्र सोनकर का आठ वर्षीय पुत्र आर्यन सोनकर अपनी मां के साथ तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने अपने ननिहाल एकडला गांव आया था। मंगलवार सुबह अपनी मां और साथियों के साथ यमुना स्नान करने गया हुआ था। इस दौरान वह बच्चों के साथ यमुना में नहाते समय नदी में डूब गया था। बालक के डूबने के बाद पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों व मछुआरों की मदद से तलाश शुरू की। सफलता न मिलने पर एसडीआरएफ टीम को भी मौके पर बुलाया गया। इसके बाद लगातार दो दिन तक एसडीआरएफ टीम ने यमुना नदी में लापता आर्यन की तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली। गुरूवार की सुबह एक बार फिर एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू आपरेशन चलाया। घटना के करीब 48 घंटे बीतने के बाद आर्यन का शव क्षत-विक्षत हालत में यमुना नदी से बरामद हुआ। वहीं बालक का शव मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। मामले में थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गुरूवार को शव क्षत-विक्षत हालत में बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना नकदी-जेवर पार

**फतेहपुर।** रिश्तेदारी में जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गए एक परिवार के सूने घर को चोरों ने अपना निशाना बना डाला। कमरे का ताला तोड़कर आलमारी में रखे जेवरात और हजारों रुपये की नकदी पार कर दी। वापस लौटने पर घटना की जानकारी होने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस को मामले की जानकारी दी।

सदर कोतवाली के उधन्नापुर गांव निवासी महताब आलम शहर के मुराइन टोला में अपने एक रिश्तेदार के घर जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के लिए परिवार के साथ गए थे। उन्होंने बताया कि घर में ताला बंद था। देर रात करीब एक बजे वह घर वापस लौटे तो मेन गेट का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर के कमरों के भी ताले टूटे थे। कमरे में रखी अलमारी खुली पड़ी थी और सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। अलमारी के लाकर से सोने चांदी के आभूषण और 93 हजार रूपये की नगदी गायब थी। महताब ने बताया कि रात को पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।

# महाराणा प्रताप को याद किया गया

संवाददाता, फतेहपुर



महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण करते महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

- शहर के पटेल नगर स्थित हनुमान मंदिर में कार्यक्रम

**अमृत विचार।** अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा पूर्व घोषित महाराणा उदय सिंह के वीर एवं साहसी पुत्र मेवाड़ की धरती को अन्याय मुगलों के आतंक से बचाने वाले शूरवीर महाराणा प्रताप की जयंती गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई।

जयंती के अवसर पर पटेल नगर स्थित हनुमान मंदिर में उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती करके जयंती मनाई गई। जयंती के अवसर पर पटेल नगर चौराहा में ही आम राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने महाराणा प्रताप के जीवन व उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्हें कभी अकबर बादशाह की दास्तां न स्वीकार करने वाला कलयुग के अजेय योद्धा व सच्चा राष्ट्रभक्त मानते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष रामगोपाल शुक्ला, स्वामी रामाश्रय आर्य, शशिकांत मिश्रा, श्रवण कुमार राजपूत, डॉ प्रमोद पांडे, राधेश्याम साहू, शिवाकांत तिवारी, करण सिंह पटेल, संगीता गुप्ता, नीलम यादव, पूनम राय, सरला सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

उधर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर के नेतृत्व में गुरुवार को शहर के क्षत्रिय छात्रावास में राष्ट्रीय सम्मान एवं शौर्य के प्रतीक क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराणा प्रताप की फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान उपस्थिति रहे। महासभा के जिला महामंत्री आरके ठाकुर, युवा जिलाध्यक्ष अमित परिहार, उपाध्यक्ष रवि परिहार, छात्र नेता विक्रम तोमर, मोनू सिंह, योगेंद्र सिंह भदौरिया, राजा सिंह कछवाह, ज्ञान सिंह, रंजना सिंह, वसुंधरा भदौरिया, सोनू सिंह प्रधान हसनापुर, आरपी सिंह भदौरिया, शैलेन्द्र परिहार, पंकज तोमर, जीतेन्द्र सेंगर, देवेंद्र भदौरिया, शिवांस सिंह, अजीत भदौरिया, जय सिंह एडवोकेट, बरदानी सिंह, अभय प्रताप सिंह एडवोकेट ऋतिक सिंह, रिंकू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शोहदे से परेशान छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ा

संवाददाता, फतेहपुर

- डीएम व एसपी से की शिकायत जांच के बाद कार्रवाई करने का दिया आश्वासन

**अमृत विचार।** एक युवक से परेशान हाईस्कूल की एक छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। आरोप है कि शोहदे ने घर से निकलने पर अगवा कर दुष्कर्म करने की धमकी दे रहा है। छात्रा मां के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच डीएम व एसपी से शिकायत की है। अधिकारियों ने जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

ललौली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी ने बताया कि वह हाईस्कूल की छात्रा है। पड़ोस में रहने वाला एक युवक स्कूल आने जाने के दौरान परेशान करता है और छेड़छाड़ करता है। पूरे मामले की जानकारी उसने परिजनों को दी तो उन्होंने युवक को समझाया लेकिन वह नहीं माना। छात्रा का आरोप है कि इधर कई दिनों से घर से हर निकलने पर गायब कर देने और दुष्कर्म करने की धमकी दे रहा है। इससे छात्रा व घर वाले भयभीत हैं। कार्रवाई में देरी से कुछ भी हो सकता है।

उसके भय से वह 15 दिनों से वह स्कूल भी नहीं जा रही है। छात्रा ने बताया कि थाने चौकी में कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मामले में सीओ जाफरगंज होरीलाल सिंह ने बताया कि जांच के बाद रिपोर्टदर्ज की जाएगी और आरोपी पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

गर्मी से समस्या | जिला अस्पताल की ओपीडी में 12 सौ से अधिक मरीज आए, बच्चों की संख्या भी कम नहीं

# मौसम कर रहा बीमार, अस्पताल में लग रही भीड़

संवाददाता, फतेहपुर



जिला अस्पताल के ओपीडी कक्ष में मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नरम-गरम मौसम के बीच लापरवाही बरतने पर बीमार होकर लोग अस्पतालों की ओर दौड़ लगाते नजर आ रहे हैं। इसमें उल्टी दस्त और डायरिया के साथ बुखार के मरीज सबसे ज्यादा हैं। सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में एक बार फिर मरीजों की लंबी-लंबी कतारें लगने लगी हैं।

बीते तीन दिनों से पारा 39 डिग्री सेल्सियस पार कर रहा है। सूरज से बरस रही आग लोगों पर आफत बनकर टूट रही है। कभी मौसम नरम तो कभी गर्म होने से इसका असर लोगों की सेहत पर सीधा पड़ रहा है। ऐसे मौसम में लापरवाही से लोग बड़ी संख्या में बीमार होकर अस्पतालों की ओर दौड़ रहे हैं। उधर मौसम की तल्खी से एक बार फिर लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। ऐसे में एक बार फिर मौसमी बीमारियों के मरीजों की इलाज को अस्पतालों में भीड़ लग रही है। यहां सबसे ज्यादा उल्टी दस्त डायरिया के साथ बुखार पीड़ित मरीजों की संख्या दिख रही है। उधर लू लगने और हीट स्ट्रोक के भी रोजाना नए मरीज सामने आ रहे हैं। बच्चों से लेकर उम्रदराज मरीजों के इलाज को अस्पतालों में संख्या तेजी से बढ़ रही है। दिन में कड़ी धूप से एक बार फिर लोगों का स्वास्थ्य गड़बड़ होने लगा है। ऐसे में लापरवाही से लोग धोखा खा रहे हैं। गुरूवार को जिला अस्पताल की ओपीडी के पर्चा काउंटर पर 1260 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन के बाद अपना इलाज कराया। मरीजों में बच्चों की अच्छी खासी संख्या दिखाई दी। ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों में मरीज नजर आ रहे हैं।

### गुरुवार को गर्मी से नहीं मिली राहत

मंगलवार देर रात को मौसम का मिजाज बदलने से लोगों ने बुधवार को गर्मी में थोड़ी सी राहत की सांस ली थी। गुरुवार सुबह से दिनभर धूप खिली रही। मई में तपन भरी गर्मी से आम जनमानस बेहाल है। वैसे तो मौसम में उतार-चढ़ाव का खेल पिछले सप्ताह से चल रहा है।

### गुरुवार के आंकड़े...

- 1260 : कुल मरीज पहुंचे
- 126 : बच्चे बीमारी हालत में पहुंचे
- 16 : नए मरीजों को किया गया भर्ती
- 11 : डायरिया उल्टी दस्त के मरीज भर्ती हुए

"उल्टी दस्त डायरिया और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। धूप में घर से बाहर न जाएं। बाहर जाना पड़े तो कान और चेहरे को कपड़े से ढक लें। पेट संबंधी समस्या पर लापरवाही न करते हुए सरकारी अस्पताल में डाक्टर को दिखाकर तुरंत इलाज कराएं।

-डा पीके सिंह, सीएमएस

### इन बातों का रखें ध्यान

- तेज कड़ी धूप में घर से अनावश्यक बाहर न निकले
- शरीर में पानी की कमी ना हो इसके लिए थोड़ी-थोड़ी देर में लगातार पानी पीते रहें
- भोजन में हरी सब्जियों के साथ सलाद का सेवन करें
- ऑयली स्पाइसी खाद्य वस्तुओं का सेवन ना करें
- गन्ने के जूस, कटे फल और मिठाइयों का सेवन न करें

## जहर खाकर महिला ने की खुदकुशी

**फतेहपुर।** एक महिला ने पारिवारिक कलह से परेशान होकर घर के अंदर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को सुबह जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। परिजन ने बताया कि महिला चार बच्चों के साथ घर पर रहती थी और पति गोवा में रहकर मजदूरी करता है।



रानी देवी।

ललौली थाना क्षेत्र के पलटूपुर गांव के रहने वाले लक्ष्मण निषाद की पत्नी रानी देवी उर्फ लक्ष्मी घर पर चार बच्चों के साथ रहती थी। पति लक्ष्मण निषाद गोवा में रहकर मजदूरी का काम करता है। पत्नी लक्ष्मी देवी ने घर के अंदर बुधवार की रात जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। सुबह जब बच्चों ने मां को उठाने का प्रयास किया तो मुंह से झाग निकालते देख पड़ोस में जानकारी दी। पड़ोसी लोग घर पहुंचे तो महिला को मृत पाया।

# कांग्रेस घोटालेबाज, सपा आतंकियों की हिमायती

## विपक्षियों पर जमकर बरसे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सैम पित्रोदा का भी जिक्र किया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


मंच से जनसमूह का अभिवादन करते भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्षियों पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस को घोटालेबाज व सपा को आतंकवादियों का हिमायती बताया। कहा कि विपक्ष में परिवारवादी पार्टियां है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति के समर्थन में गुरुवार को बिंदकी नगर की जनसभा में दोपहर बाद पहुंचे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विपक्षियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने घोटाला किया। इंडी गठबंधन में शामिल लोग अपने-अपने बच्चों को सीएम बनाने में लगे हैं। घमंडिया गठबंधन में जो बैठे हैं, वह या तो बेल पर हैं, या जेल में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस धर्म के नाम पर आरक्षण पर डाका डाल रही है। सैम पित्रोदा के हालिया बयान पर कहा कि विपक्ष देश का विभाजन चमड़ी के आधार पर कर रहा है। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा आतंकवादियों की हिमायती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि घर-घर सौर ऊर्जा लगवाने की योजना है। इसके चलते सभी को मुफ्त बिजली मिलेगी और जिनके घरों में बिजली बचे वह लोग सरकार को अपनी बिजली बेंच कर कमाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश ने विकास किया है। 50 करोड लोगों को हर साल पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। कहा कि 70 साल से ऊपर की आयु वाले लोगों को हेल्थकवर दिया जाएगा। उन्होंने भाजपा को 400 से अधिक सीटें मिलने वाली है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति के अलावा कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, विधायकों में राजेंद्र सिंह पटेल, जयकुमार सिंह, कृष्णा पासवान व विकास गुप्ता के अलावा पूर्व मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायकों में करण सिंह पटेल, आदित्य पांडेय व विक्रम सिंह तथा भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा आदि रहे।

### आनन-फानन बन गई बदहाल सड़क

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आगमन पर नगर के कुंवरपुर रोड जर्जर हालत में थी। सड़क को आनन-फानन में दो घंटे के अंदर बना दिया गया। लोगों में चर्चा रही कि पिछले 5 वर्ष से इस स्थान पर सड़क खराब थी, पानी भरा रहता था, गड्ढे थे। कई बार दुर्घटनाओं में लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने पर यह राहत मिल गई।

### जनसभा में नहीं दिखा अपना दल-एस का झंडा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जनसभा के दौरान सहयोगी दल अपना दल-एस का कोई भी झंडा लगा नहीं दिखाई दिया। यह चर्चा का विषय बना रहा। पूरे पंडाल में जगह-जगह केवल भारतीय जनता पार्टी के झंडा दिखाई दिए। इस बात को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं लोग करते नजर आए।

# 95 लाख ही खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


विकास भवन सभागार में बैठक लेते व्यय प्रेक्षक प्रदीप एन। अमृत विचार

- व्यय प्रेक्षक ने सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी चुनाव में 95 लाख रुपये तक ही खर्च कर सकेंगे। व्यय प्रेक्षक ने सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक कर जानकारी दी। विकास भवन सभागार में पार्टियों द्वारा अधिकृत अभिकर्ताओं एवं निर्दलियों के साथ व्यय प्रेक्षक प्रदीप एन (आईआरएस) ने बैठक की। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों को उनके द्वारा चुनाव अवधि में कुल 95.00 लाख की खर्च सीमा आयोग से निर्धारित है। प्रत्येक प्रत्याशी को एक अलग बैंक खाता खोलना है, बैंक खाते से पूरे निर्वाचन अवधि में होने वाले खर्चों को केवल इस खाते से ही करना है। अभ्यर्थी को पूरे निर्वाचन अभियान के दौरान किसी भी मद में 10 हजार रुपये तक ही नगद भुगतान कर सकते हैं। इससे अधिक का व्यय एकाउंट पेई चेक द्वारा किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा किया जाने वाला व्यय जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी दर की सूची से कम नहीं होना चाहिए। व्यय की प्रत्येक मद के लिए वाउचर होना आवश्यक है। व्यय रजिस्टर निर्वाचन अवधि के दौरान 3 बार निरीक्षण के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। कोई भी विज्ञापन, प्रचार, रैली जूलुस वाहन, मंच आदि बिना अनुमति के नहीं होगा। अन्यथा की स्थिति में वाहन एवं रैली की अनुमति में रोक लगा दी जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी, नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण योगेश कुमार पाण्डेय समेत अन्य सम्बंधित मौजूद रहे।

### युवक की संदिग्ध मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के मलाका गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मलाका गांव निवासी ननकऊ कुमार दुबे का पुत्र आशू दुबे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामा श्यामू ने बताया कि भांजा राजस्थान में काम करता था।

## सार-संक्षेप

### अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी, एक गिरफ्तार

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस काफी सक्रिय है। गुरूवार को हुसेनगंज पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते हुए एक शातिर को गिरफ्तार कर कई असलहे बरामद किए हैं। हुसेनगंज पुलिस को गुरूवार को बड़ी सफलता मिली है। अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते हुए शातिर को निर्मित व अर्धनिर्मित असलहों के साथ गिरफ्तार किया है। बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस किसी तरह की कोई कोताही बरतनी नहीं चाहती है। इसी क्रम में गुरूवार को हुसेनगंज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र के अडार गांव में अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित की जा रही है। सूचना पर पुलिस ने दबिश दी तो गांव के चुन्नू पाल को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। इसके बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दो तमन्चा 12 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस व दो अदद खोखा कारतूस 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक अदद अर्द्ध निर्मित तमन्चा 12 बोर, एक अदद देशी बन्दुक 315 बोर अर्धनिर्मित एक अदद देशी बन्दूक 12 बोर के साथ शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया है।

### पेयजल की किल्लत से जूझ रहा खखरेरु

**खागा फतेहपुर।** नगर पंचायत खखरेरू में पानी की व्यवस्था न होने के कारण राहगीरों एवं यात्रियों को भारी दिक्क़तों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में भी नगर पंचायत ईओ व नगर अध्यक्ष द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या से छात्र-छात्राएं राहगीर व यात्रियों को दुकानों से महंगें दामों में पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही हैं। खखरेरु नगर से प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों का आवागमन जनपद से लेकर लखनऊ, कानपुर व प्रयागराज होता है। मुसाफिरों के लिए नगर में पेयजल की व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को इधर-उधर भटकते देखा जाता है। नगर में पेयजल की व्यवस्था कराने में नगर पंचायत अधिकारी व कर्मचारी का ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा है। स्कूली छात्र-छात्राएं होटल का सहारा ले रहे हैं। वहीं मुसाफिर पानी के पाउच व बोतल के सहारे प्यास बुझा रहे हैं। यदि देखा जाए तो इन जगहों में शुद्ध पानी की वाटर कूलर होना चाहिए। जिसमें मुख्य रूप से थाना खखरेरू के पास इलाहाबाद खखरेरू कोट की बसें खड़ी होती हैं। नगर में रोड के किनारे कोई हैंडपंप न होने कारण राहगीर व मुसाफिरों को पानी नहीं मिल पाता। जिससे कड़ी धूप में लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर खखरेरु ईओ प्रियंका तिवारी ने बताया कि जिन जगहों में पेयजल की जरूरत है, उनको चिन्हित कर लिया गया है। बहुत जल्द वहां शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई जाएगी।

### स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**धाता फतेहपुर।** नगर के प्राथमिक विद्यालय प्रथम के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जो विद्यालय परिसर से निकल कर पुरानी बाजार खागा रोड, रावण मैदान आदि मोहल्ला होते हुए विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। छात्र-छात्राओं ने हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेदारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार, जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों में जागरुकता फैलाई। शिक्षक राजेंद्र प्रसाद व सारिका केसरवानी ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। देश के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो, वह सभी 20 मई को अपना मतदान जरूर करें। इस मौके पर धर्मराज, पूजा देवी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रुपये निकालने गई महिला बैंक से हुई लापता

**असोथर।** असोथर थाना क्षेत्र के प्रेम का डेरा मजीरे सरकंडी गांव से मां के साथ असोथर कस्बे के बैंक से पैसा निकालने गई महिला बैंक लापता हो गई। इस बात की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। परिजनों की काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिली। परिजनों ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर तलाश करने की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र की रहने वाली सविता पत्नी श्री नारायण श्री नारायण रैदास ने बताया कि वह अपनी बेटी पुष्पा देवी के साथ छह मई को असोथर कस्बे की बैंक से पैसा निकालने के लिए गई हुई थी। पुष्पा को बैंक के बरामदे में बैठाकर काउंटर से पैसा लेने के लिए लाइन पर लग गई बैंक से पैसा निकाल कर वापस देखा तो बरामदे से पुष्पा गायब थी। तुरंत ही बैंक कर्मियों सहित आस पास बाजार में काफी खोजबीन किया लेकिन बेटी नहीं मिली घर जाकर परिवार के सभी लोगों से पूछताछ किया और उनके साथ रिश्तेदारियों में भी खोजबीन किया बेटी का कहीं पता नहीं चला।

## एक नजर

### 56 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर गुरूवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 56 वाहनों का चालान करते हुए दो वाहनों से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं छह लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### बालिकाओं को किया गया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर गुरुवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### कच्ची शराब पकड़ी

**फतेहपुर।** खखरेरू पुलिस ने मुबरयेपुर गांव में मोनी देवी पत्नी कल्लू के घर से 30 लीटर कच्ची शराब, शराब बनाने वाले उपकरण व दो क्विंटल लहन बरामद कर उसे नष्ट कर दिया।

# बिजली, पानी व अन्ना मवेशियों पर चर्चा

संवाददाता हथगाम

- भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक हुई सम्पन्न
- मांगे पूरी न होने पर भाकियू ने एसडीओ का घेराव करने की दी चेतावनी


मासिक बैठक करते किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के दुदौली चौराहे पर गुरूवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम पासवान के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बिजली, नहरों में पानी की समस्या समेत अन्य जरूरी मुद्दे छाये रहे।

बैठक में मीडिया प्रभारी अजय प्रजापति ने कहा कि क्षेत्र में बिजली के झूलते तारों को ठीक किया जाए। जर्जर तारों को बदल कर नए तार लगाए जाएं और हथगाम ब्लॉक के ग्राम सभा कुल्हड़िया गांव के अंदर और गांव में स्थिति प्राथमिक विद्यालय के उपर से हाईटेंशन लाइन को जल्द से जल्द हटाए जाने की मांग की गई। कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो एसडीओ हथगाम का भारी भीड़ के साथ घेराव किया जाएगा। साथ निचली रामगंगा नहरों व माइनरों में पानी छोड़े जाने की बात कही। सूखे पड़े तालाबों में पानी भराए जाने का मुद्दा भी उठाया गया। बैठक में युवा ब्लाक अध्यक्ष रवि मौर्य, मोहम्मद नसीब दानिश, कलीम प्रधान, दिनेश कुमार, फकरूल हुसैन, रमेश, धर्मपाल, सरवर, लल्लू लोधी, हरेबाबा, अब्दुल, महेंद्र कुमार, नानकुमार, गुलाब सिंह, हसनैन, बन्ने, सूरजपाल, सुघर सिंह, कादिर समेत तमाम किसान मौजूद रहे।

# आचार संहिता के उल्लंघन में प्रधान समेत दो पर रिपोर्ट

संवाददाता फतेहपुर

- 22 अप्रैल की रात हथगाम के लाल का पुरवा में हुआ था कार्यक्रम
- बिना अनुमति डांस प्रोग्राम कराने का वीडियो हुआ था वायरल

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर बार-बालाओं के डांस का वीडियो पिछले दिनों वायरल हुआ था। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान द्वारा कराया गया था और वीडियो में प्रधान भी बार-बालाओं के साथ डांस करते दिखे थे। मामले में प्रधान समेत दो लोगों के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट जांच के बाद पुलिस ने दर्ज की है।

हुसेनगंज विधानसभा उड़नदस्ता टीम के मजिस्ट्रेट राकेश कुमार ने बताया कि व्हाट्सएप व एक्स पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में कुछ बार-बालाओं द्वारा लाल का पुरवा थाना हथगाम में सार्वजनिक स्थान पर नृत्य किया जा रहा है। कुछ लोग उन पर रुपये लुटा रहे हैं। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन दिखा है। वीडियो की ग्राम स्थल पर जांच की। जहां पता लगा कि वीडियो 22 अप्रैल की रात का गांव के नीलू के पुत्र का मुंडन संस्कार था। आयोजन में नौटंकी कार्यक्रम था। चार नर्तकियों से बिना अनुमति के डीजे पर अश्लील गाना बजाकर नृत्य कराया गया। ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र लोधी ने भी बार-बालाओं के साथ डांस किया था। आचार संहिता के उल्लंघन में आयोजक नीलू व प्रधान हरिश्चंद्र लोधी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# साउथ सिटी में दस एमवीए का लगाया जाएगा ट्रांसफार्मर

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** साउथ सिटी के लोगों को बिजली आपूर्ति में होने वाली समस्याओं से जल्द राहत मिलने की उम्मीद दिखाई देने लगी है। बिजनेस प्लान के तहत राधानगर टाउन उपकेंद्र के पावर परिवर्तक (ट्रांसफार्मर) के ओवरलोड चलने से बाधित होने वाली आपूर्ति के कारण इसकी क्षमता वृद्धि कराने का काम कराया जाएगा। जिससे उपभोक्ताओं को होने वाली ट्रिपिंग से निजात मिल सकेगी।

राधानगर टाउन उपकेंद्र में पांच एमबीए के पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया था। लेकिन पिछले दिनों से इसके ओवरलोड होने के चलते इसकी क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव भेजा गया था। ताकि उपभोक्ताओं को समस्याओं से राहत मिल सके। एसडीओ अभिजीत कुमार ने बताया कि प्रस्ताव को बिजनेस प्लान के तहत मंजूरी मिलने के बाद इसकी क्षमता वृद्धि करवाई गई।

### यहां की बाधित रहेगी आपूर्ति

एसडीओ ने बताया कि राधागनर टाउन में पावर परिवर्तक की क्षमता वृद्धि का काम कल यानी शनिवार को करवाया जाएगा। जिसके चलते 11 मई को सुबह आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक उपकेंद्र की आपूर्ति बाधित रहेगी। इस समयावधि के दौरान इस उपकेद्र से पोषित होने वाले फतेहपुर लोकल, जोनिहा, अंदौली, गंगानगर सहित बहुआ फीडर की आपूर्ति बाधित रहेगी।

# दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर मजरे कछरा गांव में गुरूवार दोपहर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसमें दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडे चले, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस में घायलों को इलाज के लिए भेजा।

थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव निवासी अखिलेश व रज्जन के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। थोड़ी देर बाद मामला और गर्म हो गया और दोनों पक्षों से करीब दर्जन भर लोग इकट्ठा हो गए और फिर मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों की तरफ से जमकर लाठी डंडे चले जिसमें कई लोग घायल हो गए। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, घाटमपुर


मनीष गौतम।


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पतारा कस्बे में बबूल के पेड़ पर एक युवक का शव लटका मिला। उसके पैर जमीन पर छू रहे थे, जिसे देखकर परिवार वालों ने हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जताई और आइसक्रीम फैक्ट्री मालिक पर आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि फैक्ट्री मालिक से विवाद हुआ था। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

फतेहपुर जिले के मधियाखेड़ा के रहने वाले बाबूराम गौतम का 22 वर्षीय पुत्र मनीष गौतम पतारा कस्बा स्थित दीपक आइसक्रीम फैक्ट्री में आइसक्रीम बेचने का काम करता था। ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह उसका शव हिरनी मोड़ के पास बबूल के पेड़ पर फंदे पर लटका देखा तो फोन पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी।

परिजनों ने आइसक्रीम फैक्ट्री मालिक पर हत्या कर युवक का शव बबूल के पेड़ पर टांगे जाने की आशंका जताई। परिजनों ने बताया कि मनीष का फैक्ट्री मालिक से विवाद हुआ था।

## अतीत के झरोखों से — पहले नारे गढ़े और दीवारों पर जाते थे लिखे, कई लोगों का रोजगार छिना

# नब्बे के दशक की झलक अब कहीं नजर नहीं आती

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



**अमृत विचार।** देश में होने वाले किसी भी चुनाव में ब्रिटिश शासन काल से लेकर 90 के दशक तक तमाम मुद्दे गांव और शहरों की दीवारों पर उभर आते थे। अब चुनाव आयोग की सख्ती से दीवारों पर यह नारे लिखे नहीं दिखते।

चुनावों के समय तो कहना ही क्या! दीवारों पर ऐसे एक से बढ़कर एक चुभते नारे और व्यंग्य लिखे जाते थे, जिनसे विपक्षी दल तिल-मिलाने और आम लोग बरबस मुस्कराने को मजबूर हो जाते थे। उस समय इसके लिए बकायदा कलाकारों की एक जमात होती थी। लेकिन अब दीवार लेखन पिछले कुछ चुनावों से ठंडा पड़ गया है। दीवार लेखन की कला यहां बहुत पुरानी है। वयोवृद्ध बताते हैं कि समय को देखते हुए राजनीति बहुत बदलाव देखने को मिले हैं। व्यापक रूप से राजनीतिक सोच के साथ तौर तरीकों में भी बदलाव हो गया है। 90 के दशक के शुरुआती दौर तक हज़ारों लोग इससे जुड़े थे। चुनाव हो या कोई राजनीतिक रैली, तमाम दल इन दीवारों का ही सहारा लेते थे। चुनावों के दौरान तो तमाम दीवारें सतरंगी हो जाती थीं। पहले दिखते थे चुनाव की गूंज होने से पहले ही गांव और कस्बों की गलियों को चुभते नारों, व्यंग और कार्टून से दिवालों को रंगा देखा जाता था। चुनाव प्रचार को लेकर कहते हैं कि आज पोस्टर, बैनर, माइक आदि से प्रचार को लेकर कई तरह की आचार संहिता है। उस दौर में प्रचार का यही एक माध्यम था। लोग दीवार लेखन भी कराते थे। माइक से प्रचार होता था। बैनर-पोस्टर चिपकाया जाता था।

### पहले रेडियो से भी होता था चुनाव का प्रचार

90 के दशक से अब तक चुनाव प्रचार के कई रंग दिखे। आज चुनाव प्रचार भी हाइटेक हो गया है और इसके लिए मोबाइल से लेकर टीवी तक का इस्तेमाल होने लगा है। पहले रेडियो ही एक माध्यम था। सुदूर गांवों में समाचार के लिए भी लोग इसी पर निर्भर रहते थे। दबंग लोग बूथ लूटकर भी ले जाते थे। किसी-किसी बूथ पर कार्यकर्ता नहीं मिलता था।

### क्या बोले पेंटर

पहले के चुनाव में लेखन का काम मिलता था। लेकिन अब चुनाव में दीवाल लेखन का काम नहीं कराया जाता है। यदि पेंटिंग के काम के भरोसे रहा तो परिवार का गुजारा भी नहीं कर पाएंगे।

–रामू पासवान, पेंटर

पहले चुनाव में इतना काम मिलता था की करना मुश्किल होता था। अब तो काम ढूंढने से भी नहीं मिल रहा है। इंटरनेट ने धंधा चौपट कर दिया है। सैकड़ों कलाकार अब प्रचार सामग्री और कटआउट बनाते हैं।

–राजन, पेंटर

### सोशल मीडिया ने किया धंधा चौपट

2006 में आयोग की ओर से लगी पाबंदियों के बाद ही दीवार लेखन काफी कम हो गया है। पहले हर राजनीतिक दल में कुछ ऐसे लोग होते थे, जिनका काम ही था पूरे साल मुद्दों पर नारे और व्यंग्य लिखना। अब किसी भी पार्टी में ऐसे लोग नहीं बचे हैं। पहले ऐसे कलाकार थे, जो कार्टूनों को जस का तस दीवारों पर उतारते थे। दीवार लेखन का काम करने वाले ज़्यादातर लोग अब पोस्टर-बैनर और झंडे बनाने के धंधे में लग गए हैं। पेंटर श्यामू कहते हैं कि दीवार लेखन का काम नहीं मिलता। इंटरनेट ने हमारा धंधा चौपट कर दिया है। सोशल मीडिया की पहुंच हो या ऐसे लोगों और कलाकारों की गायब होती पीढ़ी की वजह से ऐसा हो लेकिन अब दीवारों पर नारों और कार्टूनों की कमी तो खल ही रही है।

# कमिश्नरी से जमीन पर स्टे, फिर भी कब्जे का प्रयास

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव निवासी जयपाल सिंह ने बताया कि अपने परिवारिकजनों से बंटवारा का मामला विचाराधीन है। जिसमें नेपाल सिंह, श्रीराम सिंह पक्षकार द्वारा फैसले की आड़ में जबरन कई वर्षों पूर्व निर्माण को गिराने व उसके द्वारा लगाये गये पेड़ों को काटने का प्रयास नैपाल सिंह, श्रीराम सिह द्वारा किया गया है।

पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी गई थी। बताया कि घटना के समय वह घर पर मौजूद नहीं था। मुकदमे की पैरवी के लिए अपने अधिवक्ता से सलाह लेने बिन्दकी गया था। घर में सिर्फ महिलाएं व बच्चें मौजूद थे। महिलाओं द्वारा फोन से सूचना मिलने पर पुलिस को सूचना दी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिद्धिमा सिंह नेगी (RIDDHIMA SINGH NEGI) को रिद्धिमा नेगी (RIDHIMA NEGI) पढ़ा जाए। – **रिद्धिमा नेगी पुत्री स्व0 मानवेन्द्र सिंह नेगी निवासी–एल 1–70 सेक्टर एफ , एलडीए कालोनी,बक्शी का तालाब, लखनऊ** 226012

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम रुपरानी पत्नी प्रेमनाथ प्रिन्ट हो गया है। जबकि मेरा सही नाम **प्रेमवती पत्नी प्रेमनाथ, निवासी–ग्राम– बेसिया वैन पैड़ी अजब सिंह, पी एन सिंह जिला गोण्डा** है।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMED MOOSA SIDDIQUI था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD MUSA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये MOHAMMAD MUSA S/O: MOHAMMAD TALHA,84/95, KATRA MAQBOOL GANJ, R-G-V- ROAD,SUNDER BAGH, LUCKNOW UTTAR PRADES-226018

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम – SHAMS TABREZ था से बदलकर– SHAMS TABREZ SHEIKH रख लिया है। अब मुझे SHAMS TABREZ SHEIKH के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o ALIMULLAH Address T-F- 11, AAROHI ARCADE MUNSHI PULIA INDIRA NAGAR LUCKNOW-226016

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र रोल नंबर 122366095 वर्ष 2021/22 वास्तव में खो गया है। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला है। **–अंकित कुमार पुत्र छैल बिहारी चौखड़िया निवासी– ग्राम पंचायत नेठिया, थाना विशेश्वरगंज, बहराइच–2021–202**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या P/IND/J2694104 में दीपू गुप्ता पुत्र ननकन प्रसाद गुप्ता अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 401073746947 तथा पैन कार्ड नंबर BXBPKL6114L में दीपू कुमार पुत्र ननकन नाम अंकित है। आज से अब **दीपू कुमार पुत्र ननकन निवासी ग्राम पुरानी बाजार परगना तहसील तुलसीपुर जिला बलरामपुर** से जाना व पहचाना जाए।

# एक्सप्रेस वे पर पलटी बस, दो यात्रियों की हुई मौत

## ठठिया थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, 27 अन्य हुए घायल, मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए गए

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- एक मृतक की हो सकी शिनाख्त, दूसरे के प्रयास जारी
- घायलों में पांच की हालत गंभीर, रेफर किए गए

**अमृत विचार।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर पहले से ट्रक पलटने से फैली मक्का व उससे भरे बोरों पर चढ़ने से स्लीपर बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 27 लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस व यूपीडा कर्मियों ने बस से निकालकर एंबुलेंस मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां से पांच को गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया।

एक स्लीपर बस गुरुवार को सवारियां लेकर बिहार से दिल्ली जा रही थी। तड़के करीब तीन बजे एक्सप्रेस वे के 205 कट पर ठठिया थाना क्षेत्र के होलेपुर गंव के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलट गई। हादसा होते ही चीखपुकार मच गई।

जानकारी होते ही 108 की चार एंबुलेंस और तीन 102 एंबुलेंस मौके पर पहुंच गईं। पुलिस तथा यूपीडा कर्मचारियों ने सभी को बस से निकालकर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। यहां जांच के बाद डॉक्टर ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में से एक की पहचान गोपालगंज निवासी अशोक कुमार और दूसरे की कपूर पुत्र नरसिंह निवासी कोईलाम्बा बुजुर्ग, थाना पटेहरा कुशीनगर के रूप में हई। पुलिस ने शवों को मोर्च्युरी में रखा दिया।


हादसे में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई बस।


घायलों को एंबुलेंस में चढ़ाते यूपीडा के कर्मचारी। अमृत विचार

### ये लोग हुए घायल

- हादसे में चकरपान कटिया गोपालगंज निवासी प्रांसू (15) पुत्र वीरेंद्र, रोहतक निवासी पूजा पत्नी यशपाल, यशपाल पुत्र कृष्णा, आरा के सिनहा निवासी चंदन सिंह पुत्र बैकूम, गोपालगंज के पंचलौरी निवासी विनोद पुत्र मदन, महावीर पुत्र नागेंद्र, गोपालगंज के विशुनपुरा निवासी अनरूद्ध पुत्र बलराम, गोपालगंज के मोहब्बतपुर निवासी चंद्रकाराम पुत्र बसंतराम, गोपालगंज के थाना मीरगंज गांव साहिल अंसारी पुत्र हसीम अंसारी, शिवांग के जबशिकरी निवासी मिथलेश सिंह पुत्र हरीसिंह, गोपालगंज के राजापुर निवासी आशिफ अहमद पुत्र जागीर हुसैन, गोपालगंज के भूपतपुर निवासी प्रकाश राम पुत्र बसंतराम, कुशीनगर के कोयलारवा निवासी मुनीम मंडल पुत्र कन्हैया, गोपालगंज के भोपतपुर निवासी विनोद पुत्र रूकराम, गोपालगंज के बथुआपुर निवासी असरफ अली पुत्र अख्तरअली, आशाराम कटिया निवासी अभय पांडे पुत्र चंद्र किशोर, गोरखपुर के राकूखैर निवासी कन्हैया पुत्र जुगलसैनी, गोपाल गंज के नवादा परसौली निवासी रमेश पुत्र जगदम्बा यादव, गोपालगंज के मझागर जगदीश निवासी बूटन पुत्र हरी, गोपालगंज के बनियासापड निवासी उपेंद्र पुत्र राजेंद्र सिंह, अमरेंद्र पुत्र चंद्रिका सिंह, कुशीनगर के अवदानटोला निवासी बबिता पत्नी कमलेश, कमलेश पुत्र सल्लनप्रसाद, गोरखपुर निवासी राखूपुर निवासी सुग्रीव पुत्र गुलाब सिंह, गोपालगंज के मनझरिया निवासी मुराद पुत्र सौरभ, भूरे निवासी सुभम सिह पुत्र सकलदेव, गोपालगंज के सनैही फुलवरिया निवासी जमलअहमद पुत्र समसुल हक आदि घायल हुए हैं। पांच की हालत गंभीर देखकर रेफर कर दिया गया।

## एक्सप्रेस वे पर फैली मक्का के कारण हुआ हादसा

**तिर्वा, कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे हादसों का एक्सप्रेसवे बन गया है। कभी वाहन के चालक को आई झपकी तो कभी चालक की लापरवाही हादसे का कारण बन जाती है। गुरुवार को तड़के हुआ हादसा पहले से सड़क पर फैली मक्का के कारण हो गया जिस पर चढ़कर स्लीपर बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दो की जान चली गई जबकि 27 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आनन फानन में फैली मक्का हटवाकर मार्ग साफ कराया गया। गुरुवार की सुबह करीब दो बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ठठिया थाना क्षेत्र के होलेपुर गांव के पास एक मक्का लदा अनियंत्रित ट्रक पलट गया था। ट्रक में लदी मक्का के पैकेट एक्सप्रेस वे पर गिर कर फैल गए। कुछ बोरे फटने से मक्का भी बिखर गई। इसके करीब एक घंटे बाद पीछे से बिहार से दिल्ली जा रही यात्रियों भरी स्लीपर बस आ गई और मक्का पर चढ़ गई। रफ्तार तेज होने से चालक स्टेयरिंग पर से नियंत्रण खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस में सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि 27 घायल हो गए।


एक्सप्रेस वे पर फैली पड़ी मक्का व मक्का से भरे बोरे।

# जिला अस्पताल: खून की जांच रिपोर्ट मोबाइल पर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में खून या अन्य जांच कराने पर रिपोर्ट अब मोबाइल पर भी मिलेगी। यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। मरीज या उसके तीमारदार को जिला अस्पताल में जांच के लिये रजिस्ट्रेशन कराने पर मोबाइल नंबर देना होगा। इसी पर मैसेज मिलेगा जिस पर क्लिक करने से मिल जायेगी जांच रिपोर्ट।

जिला अस्पताल में खून की जांच कराने के लिए आने वाले मरीजों को अब रिपोर्ट के लिऐ लैब के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इसके लिए मरीज को पैथोलॉजी में रजिस्ट्रेशन कराते समय मोबाइल नंबर देना होगा। इसके बाद लैब की ओर से एक रिफरेंस नंबर दिया जाएगा। जांच रिपोर्ट कंफर्म होने के बाद मरीज के मोबाइल फोन पर एक मैसेज जायेगा, जिसमें एक लिंक होगा। लिंक को खोल कर मरीज अपना मोबाइल नंबर और रिफरेंस नंबर डाल कर रिपोर्ट को डाउनलोड कर सकेंगे। इस सुविधा के शुरू होने से मरीजों को काफी राहत होगी। जिन मरीजों या तीमारदारों के पास स्मार्ट मोबाइल फोन नहीं है वह अपनी जांच रिपोर्ट पैथोलॉजी में बने रिपोर्ट काउंटर से निशुल्क पा सकेंगे। अभी तक जिला अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों को लंबी कतार में खड़ा होकर रिपोर्ट लेना पड़ती थी। कभी-कभी जांच न होने से मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ जाता था। सीएमएस डॉ. शक्ति बसु का कहना है कि इस नई व्यवस्था से मरीजों को खासा लाभ होगा। जिला अस्पताल की लैब के चक्कर लोगों को नहीं लगाने होंगे।



जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब।

### कुछ इस तरह से मोबाइल पर आएगा मैसेज

Name : IMRAN Ref : 167472 आपकी पैथोलॉजी रिपोर्ट तैयार है, रिपोर्ट डाउनलोड करने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करें। http://www.updhpathreport.com हम आपके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं।

# छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए अब 13 तक मौका

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विश्वविद्यालय से फीस लॉक होने के बाद सीट व फीस शून्य होने का मामला



**अमृत विचार।** छात्रवृत्ति के लिए पहले सात मई तक लॉगिन खोली जानी थी जो समय रहते नहीं खुल सकी। इस वजह से समय सारिणी 13 मई तक फिर बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालयों की ओर से शैक्षिक सत्र 2023-24 में मास्टर फीस लॉक करने के बाद फीस एवं सीट शून्य प्रदर्शित होने के मामले में मौका मिला है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने जिले के सभी महाविद्यालय व तकनीकी संस्थाओं के प्राचार्य व प्रबंधक को चिट्ठी भेजी है। इसमें कहा है कि अन्य पिछड़े वर्ग छात्रवृत्ति योजना के तहत वजीफा, शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आवेदित छात्रों जिनका भुगतान विश्विविद्यालय, एफिलिएटिंग एजेंसी, जिला समाज कल्याण अधिकारी के स्तर से सीट बेरीफिकेशन फीस सत्यापन न होने के कारण नहीं किया हुआ है। अब सत्यापन के लिए आठ से 13 मई तक लॉगिन खोली गईं हैं। सभी से सत्यापन व लॉक करने के लिए कहा गया है जिससे वजीफा व शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ देने की प्रक्रिया पूरी हो सके।

# भाकियू किसान संगठन ने विद्युत उपकेंद्र का घेराव कर किया प्रदर्शन

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन किसान संगठन के साथ बिजली घर पहुंचे ग्राम खरौली, ब्राहिमपुर, राजापुर, ऐंचापुर, जाफराबाद व अतरौली के ग्रामीणों ने बिजली घर का गिराव कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गांव में बिजली व्यवस्था चौपट चल रही है। कई बार मौखिक रूप से शिकायत के बाबजूद कोई सुनवाई न होने से परेशन किसानों ने बिजली घर का घिराव कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है और जब तक बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होगा तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। सौरिख एसडीओ व जेई ने गांव पहुंचकर समस्या का समाधान करा दिया और उसके बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन किसान के पदाधिकारी अरुण कुमार सैनी, शांतनु यादव, तरुण त्रिपाठी, सनी शाक्य, शांति शर्मा, टिंकू शर्मा, अवनीश चौहान, अखिलेश शाक्य, सुधीर तिवारी, पवन राजपूत प्रधान, मोनू तिवारी, सुप्रीत दीक्षित, नीरज यादव, पंकज राजपूत, विवेक राजपूत, उमाशंकर प्रजापति व विनीत राजपूत मौजूद रहे।


धरने पर बैठे भाकियू किसान के पदाधिकारी। अमृत विचार

- एसडीओ सौरिख व जेई ने मौके पर जाकर तत्काल समस्या का समाधान कराया

# बंद पड़े मकान से नकदी समेत लाखों के जेवरात चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** चोरों ने नगर में बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए नकदी व जेवर पार कर दिए। सुबह पड़ोसी ने घटना की जानकारी मकान मालिक को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। नगर के सराफान मोहल्ले के रहने वाले ग्रीस चन्द्र पुत्र शारदा शंकर श्रीवास्तव एक माह पूर्व मकान में ताला डालकर अपने बेटे अनुज के पास गोरखपुर चले गए। बुधवार की रात चोर मकान का कुंडा तोड़कर दाखिल हो गए और सेफ तोड़कर उसमें रखी 30 हजार रुपये की नकदी, टेन, अंगूठी, पायलें और बैंक लाकर की चाबी लेकर फरार हो गए। सुबह पड़ोसी ने कुंडा टूटा देख घटना की जानकारी ग्रीस को दी। पुलिस ने छानबीन के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी।

# सत्ता में आए तो बहाल होगी पेंशन



शिक्षिका को सम्मानित करते सपा के पदाधिकारी।

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** नगर के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव के नेतृत्व में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शिक्षकों को समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। कहा कि यदि पीडीए की सरकार आई तो शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण प्रमुखता से किया जाएगा। पीडीए की सरकार बनने पर पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाएगा। शिक्षक सभा के लोगों ने शिक्षकों को सपा का पटका पहना स्वागत किया। समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप यादव, राष्ट्रीय सचिव नरेश सिंह, मोहित पाठक, अरुण कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अवनीश पाल, टिल्लू यादव, जितेन्द्र कुमार, सत्यवीर मौजूद रहे।


जूतों की पोटली सिर पर रखे पूर्व मंत्री

## जूतों की पोटली सिर पर रख पूर्व मंत्री ने दिलाई शपथ

**तिर्वा।** सपा प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के लिए पूर्व मंत्री ने वोट मांगने का अनोखा तरीका ईजाद किया। फगुहा गांव के निकट आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने लोगों के चप्पल-जूते उतरवाए और उसकी पोटली बनाकर खुद के सिर पर रख लिया। मंच पर चढ़कर सपा को वोट देने की शपथ दिलाई और कहा कि आप सबके चरणों की धूल सिर पर रखकर न्याय दिलाऊंगा। जूते-चप्पल की गठरी सिर पर रखने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

गुरुवार को सपा के पक्ष मे कश्यप समाज को जोड़ने के लिए सभा हुई। उसमें पूर्व मंत्री सुधाकर कश्यप ने समाज के लोगों को सपा का पक्ष मे मतदान करने की शपथ दिलाई। पूर्व मंत्री ने लोगों के जूते-चप्पल अपने सिर पर रखकर कहा कि समाज के लोगों के पैरों की मिट्टी वह अपने सिर पर रखे हुए हैं। समाज के लोगों के चरणों की धूल की कसम खाते हैं कि उनके लिए वह संघर्ष करते रहेंगे। समाज के लोगों पर जब भी कोई परेशानी होगी, मदद की जाएगी। हर हाल में संविधान को बचाने के लिए काम करने की शपथ भी दिलाई।

दिए दिशा-निर्देश | मतदान से पहले सभी होटल, धर्मशाला व गेस्ट हाउसों की तलाशी लेने को कहा

# जो जिले का वोटर नहीं, वह जिले से होगा बाहर : पुलिस प्रेक्षक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मतदान के दिन जो वोटर नहीं होगा, वह जिले से बाहर होगा। भले ही वह किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी के समर्थन में आया हो। मतदान से दो दिन पहले सभी होटल, धर्मशालाओं व गेस्ट हाउसों की तलाशी लें। यदि ऐसे लोग ठहरे हुए मिलें तो उन्हें तत्काल जिले से बाहर भेज दें। गुरुवार को पुलिस अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश पुलिस प्रेक्षक ओमप्रकाश नरवल ने दिए।

सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार ने कहा कि किसी के प्रभाव में नही आना है। बिना डरे हुये शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मतदान कराना है। बूथ पर अनावश्यक भीड़ न एकत्रित होने दें। कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस अंदर नहीं जानी चाहिए। ईवीएम को सुरक्षा के साथ ले जाना है, और सुरक्षा के साथ जमा भी करना है। कोई आदर्श आचार संहिता का कोई भी उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि सोशल मीडिया की बेहतर तरीके से निगरानी की जाए। यदि कोई आपत्तिजनक मैसेज मिले तो तत्काल कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा साइबर कैफे व जन सेवा केन्द्र की जांच कर ली जाए। कहीं फर्जी आधार कार्ड बने तो तत्काल कार्रवाई करें। मतदान से 48 घंटे पूर्व लाउडस्पीकर व जनसभा की अनुमति नही होगी। जनपद में धारा 144 लागू है।

इस दौरान एसडीएम अविनाश कुमार गौतम, उमाकांत तिवारी, अशोक कुमार, सीओ सिटी कमलेश कुमार, सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेयी, सीओ छिबरामऊ ओमकारनाथ शर्मा, चुनाव सेल प्रभारी आलोक दुबे सहित सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।


पुलिस अधिकारियों को जानकारी देते पुलिस प्रेक्षक ओमप्रकाश नरवल। अमृत विचार

## सेक्टर मजिस्ट्रेट ने लिया मास्टर ट्रेनरों से प्रशिक्षण

**कन्नौज।** शहर के पुलिस लाइन के निकट स्थित एक निजी विद्यालय में जिलेभर के जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट व छूटे हुए व नए ड्यूटी वाले मतदानकार्मिकों ने 13 मई को लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कराने का प्रशिक्षण लिया। डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने बताया कि दूसरे चरण का प्रशिक्षण समाप्त हो गया है।

### बूथों पर पैनी निगाह रखेंगे 160 माइक्रोऑब्जर्वर

**कन्नौज।** मतदान के दिन संवेदनशील व अतिसंवेदनशील पोलिंग बूथों पर माइक्रोआब्जर्वर को तैनात किया जाएगा, जो पैनी निगाह रखेंगे और गड़बड़ी की सूचना सामान्य प्रेक्षक सहित जिला प्रशासन को देंगे। कलेक्ट्रेट सभागार में माइक्रोआब्जर्वरों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें उन्हें भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के बारे में बताया गया। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में माइक्रोआब्जर्वरों के प्रशिक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार ने बताया कि जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों का चयन कर लिया गया है। इन बूथों पर ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे लगाकर लाइव वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा माइक्रोआब्जर्वर भी तैनात रहेंगे, जो बूथ पर होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेंगे। किसी भी गड़बड़ी की आशंका पर प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी को तत्काल सूचना देंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि बूथ पर किसी के आतिथ्य को स्वीकार नहीं करना है और न ही किसी राजनीतिक दल या प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। प्रशिक्षण के बाद सभी माइक्रोआब्जर्वरों को परिचय पत्र वितरण किया गया। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में माइक्रोआब्जर्वर के लिए जिले के सभी बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।


कलेक्ट्रेट में परिचय पत्र प्राप्त करते माइक्रोऑब्जर्वर। अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट सभागार में दिया गया दो पालियों में प्रशिक्षण
- संवेदनशील-अतिसंवेदनशील बूथों पर रहेंगे तैनात

## सार-संक्षेप


विजेता को शील्ड देकर सम्मानित करते प्रधान बबलू बाथम। अमृत विचार

### पहला कुवंरपुर व दूसरा नगला महुआ ने जीता मैच

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम खुबरियापुर के मजरा नगला महुआ में शुरू हुए एसके ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष अजीत यादव, अजमेर राजपूत, अजीत राजपूत, सुधीर सक्सेना, पुष्पेंद्र राजपूत व शिशुपाल सिंह ने बताया कि गुरुवार को दो मैच खेले गए। सुबह की पहली पाली में कुंवरपुर थर्ड और रुद्रपुर के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए रुद्रपुर की टीम अपने निर्धारित 12 ओवरों में 86 रन पर सिमट गई। वहीं जवाबी बल्लेबाजी करने उतरी कुंवरपुर थर्ड की टीम ने 8 ओवर में ही मैच जीत लिया और 61 रन बनाने वाले पिंटू राजपूत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं दूसरा मैच नगला महुआ और भवानीपुर की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें नगला महुआ ने 145 रन बनाए, लेकिन रुद्रपुर की टीम ने भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 137 रन बना लिए। नगला महुआ की टीम आठ रनों से मैच जीत गई और ग्राम प्रधान ने 54 रन बनाने बाले शिशुपाल राजपूत तथा पहले मैच में 61 रन बनाने वाले पिंटू राजपूत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

### तमंचा समेत युवक की फोटो वायरल

**सौरिख।** सकरावा थाना के एक गांव निवासी युवक की माथे पर तमंचा लगाकर फोटो सोशल मीडिया पर दो दिनों से तेजी से वायरल है। हालांकि युवक की वायरल फोटो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। फोटो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी। सकरावा थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने बताया कि वायरल फोटो पुरानी है, फिर भी युवक की तलाश की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसों में महिला समेत तीन घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असालताबाद निवासी सीमा पत्नी छविराम घर के बाहर लगे हैंडपंप से पानी भर रही थी, तभी एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने उनके जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं अन्य सड़क दुर्घटना में ग्राम रामपुर निगोह निवासी 31 वर्षीय सुरेंद्र प्रताप पुत्र राम प्रताप व 28 वर्षीय प्रमोद सिंह पुत्र अरविंद सिंह घायल हो गए। उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### भाई-बहनों को बेहोश कर नकदी-जेवर ले भागा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के माता-पिता वुधवार को दवा लेने बाहर गए थे। पिता दिव्यांग हैं। घर पर दो भाई और दो बहनों के अलावा भाई का साला मौजूद था, जो गेहूं की कटाई में मदद करने आया था। देर शाम युवती ने खाने में अंडा करी बनाई और उसी में कोई नशीली दवा मिला दी। भाई बहनों और भाई के साले को खाना खिला दिया। इसके बाद सभी बेहोश हो गए और युवती घर में रखी नकदी व जेवर लेकर फरार हो गई। सुबह देर तक न जागने पर चाचा ने जाकर देखा तो सभी बेहोशी की हालत में पड़े थे। सभी को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया और घटना की जानकारी पुलिस व माता पिता को दी गई।

### परिषदीय स्कूलों से आज निकलेंगी रैलियां

**कन्नौज।** लोकसभा क्षेत्र के 13 मई को होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गांव में जागरूकता अभियान चलेगा। बीएसए उपासना रानी ने बताया कि जनपद के 1459 प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट स्कूलों में 10 मई को सुबह शिक्षक-अभिभावक बैठक होगी। साथ ही मतदाता जागरुकता रैली निकाली जाएगी। इसमें छात्र-छात्राओं के अलावा अध्यापक व ग्रामीण शामिल होंगे।

### राष्ट्रधर्म निभाएं, वोट डालने जरूर जाएं

**छिबरामऊ।** बनवारी नगर स्थित उड़ान संस्कारशाला के बच्चों ने मतदान जन जागरुकता के लिए मानव शृंखला बनाते हुऐ गली मोहल्ले में रैली निकाली। रैली में तख्तियां लिए बच्चों ने लिखा आंधी तूफान जाना भूल, वोट करने जाना जरूर और आदमी आजाद है अब तो प्रजातंत्र का महत्व है, के नारे लगाते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। त्रिशिका, आध्या, यश, नैतिक, पीयूष, अथर्व, आरव, आयुष, सूर्यांश, अभिनव, वरिष्ठ, आरुष, उज्जवल, सूर्यप्रताप, दिव्यम, वाशु, युवराज और अभिजीत ने वोट फॉर डेवलपमेंट, वोट फॉर एजूकेशन, वोट फॉर हेल्थ, वोट फॉर रूरल प्रोग्रेस, जलपान भी करिए वोट भी करिए, राष्ट्र धर्म निभाएं, वोट जरुर करके आएं..जैसे नारे को लेकर अपील की। बनवारी नगर तिराहे से शुरू हुई रैली मुख्य सड़क पर मानव श्रंखला बनाकर समाप्त हुई। इस अवसर पर उड़ान संचालक गौरव त्रिपाठी अमर, शिक्षक हेमंत, दीपांशी, रिचा, कल्पना, पल्लवी, शरद, गुड्डू मौजूद रहे।

### हाईवे पर वाहन की टक्कर से वृद्धा की मौत

**जलालाबाद।** जलालाबाद के मोहल्ला कहरौद निवासी हरिश्चंद्र ने बताया कि उसकी पत्नी शारदा (65) गुरुवार की देर शाम लगभग 7:15 बजे खेत से चारा लेने गई थी। घर लौटते समय हाईवे एनएच 34 पार करते समय जलालाबाद कट के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी थी।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र शुभम् राठौर के गलत आचरणों से दु:खी होकर उससे संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है अब वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। उससे मेरा वह मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **अमरपाल राठौर पुत्र भगवती प्रसाद निवासी ग्राम नेरा थाना व जिला कन्नौज।**


सरायमीरा में नुक्कड़ सभा को संबोधित करती अदिति यादव। अमृत विचार

## अदिति ने दूसरे दिन भी पिता अखिलेश के लिए मांगे वोट

**कन्नौज।** सपा अध्यक्ष व प्रत्याशी अखिलेश यादव की पुत्री अदिति ने दूसरे दिन भी शहर में जन संपर्क कर नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने हाथ जोड़ कर पिता के लिए वोट मांगे। सबसे पहले वह सपा नेता मनोज दीक्षित के आवास पहुंचीं जहां परिजनों ने उनका स्वागत किया। इस के बाद सरायमीरा अंधा मोड़ पर नुक्कड सभा को संबोधित किया। इस दौरान अदिति ने पिता की ओर से कराये गये जिले के विकास के काम गिनाए। इसके बाद वह डाक बंगला रोड पहुंचीं, जहां सपा नेत्री अर्चना मिश्रा ने तिलक लगा कर उनका स्वागत सम्मान किया।

### सुबह बोर्डिंग ग्राउंड में उतरेगा हेलीकॉप्टर, वर्षों बाद कांग्रेस के बड़े नेता का जिले में होगा आगमन

# आज कन्नौज की धरती से समीकरण साधेंगे राहुल और अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राजनीतिक दृष्टिकोण से कन्नौज की धरती प्राचीन काल से ही महत्वपूर्ण रही है। वर्तमान में भी महत्ता कहीं से कम नहीं हुई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष करीब 15 साल बाद एक बार फिर से इस धरती से लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार हैं जबकि 2009 में प्रतिद्वंद्वी रहे भाजपा सांसद सुब्रत पाठक से दोबारा आमना सामना है। सत्ता पक्ष द्वारा इस सीट को बरकरार रखने के लिए पूरी ताकत झोंकी जा रही है। इसी क्रम में सपा मुखिया भी पिछले चुनाव में पत्नी डिंपल की हार का बदला तथा गढ़ वापसी को बेकरार हैं। यही कारण है कि वे कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को कई साल बाद बड़े कांग्रेस नेता के रूप में राहुल गांधी उनके साथ ही कन्नौज पहुंच रहे हैं। दोनों कद्दावर नेता केके इंटर कॉलेज के मैदान से समीकरण साधने की पुरजोर कोशिश करेंगे।

यहां 12 बजे से एक बजे के बीच दोनों नेता जनता को संबोधित करेंगे। इसको लेकर गठबंधन के नेताओं ने तैयारी पूरी कर ली है। कन्नौज से सपा अध्यक्ष के चुनाव लड़ने से यह हॉट सीट हो चुकी है। यही कारण है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व प्रत्याशी सुब्रत पाठक की जीत के लिए जोर लगाए हुए है। पांच मई को इटावा और चार मई को कानपुर में प्रधानमंत्री मोदी ने कन्नौज, मैनपुरी, फर्रुखाबाद और कानपुर के प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से वोट देने की अपील कर चुके हैं। बुधवार को तिर्वा के डीएन कॉलेज मैदान में गृहमंत्री अमित शाह ने सुब्रत की जीत के लिए राष्ट्रवाद, और मोदी की गारंटी पर वोट मांगे थे। तीन मई को कन्नौज लोस क्षेत्र के बिधूना पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा-कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की थी।





इधर अखिलेश यादव भी नामांकन के बाद तीन बार कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में रोडशो, जनसभा और व्यक्तिगत मुलाकातें कर चुके हैं। हाल ही में कन्नौज पहुंचने पर बाबा गौरीशंकर मंदिर के दर्शन और उसके बाद भाजपाइयों द्वारा मंदिर की धुलाई किए जाने पर जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि जनता वोट दे देकर भाजपा को धोएगी। अब शुक्रवार को दोनों नेता शहर को बोर्डिंग ग्राउंड से जनसभा को संबोधित कर समीकरण साधने का आखिरी प्रयास करेंगे। आखिरी इसलिए कि शनिवार यानी 11 मई को प्रचार का अंतिम दिन है।

बात समीकरणों की करें तो सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी का सकारात्मक पक्ष उनका मुस्लिम व यादव वोट बैंक है तो वहीं बड़ी संख्या में ऐसा वोट भी तोड़ने का प्रयास करेंगे जो कहीं न कहीं मौजूदा भाजपा प्रत्याशी से असंतुष्ट है। वहीं भाजपा का सकारात्मक पक्ष उसका सत्ताधारी होना और बुनियादी वोट किसी हालत में न कटना है। इसके साथ ही तमाम तो बस 'कमल' को जानते और पहचानते हैं। हालांकि नकारात्मक कक्ष धरातल पर विकास दिखाई न पड़ना और दलित वोट बैंक में बसपा प्रत्याशी के पक्ष में बंटवारा होने के प्रबल आसार होना है। उधर बसपा की बात करें तो जिस मंशा से प्रत्याशी को उतारा गया है वह बहुत हल होती नहीं दिख रही है। इनके वोट बैंक में भी बंटवारे के आसार साफ नजर आ रहे हैं। इन हालातों में माना जा रहा है कि बसपा प्रत्याशी भाजपा को नुकसान तो सपा को फायदा पहुंचाने वाला कारक बन सकते हैं। हालांकि आज होने वाली जनसभा के बाद ही जनता के ठीक-ठीक मूड का अनुमान लगाया जा सकेगा लेकिन असल मंशा तो चार जून को ही पता चलेगी।

# कांग्रेस ने देश को सबसे ज्यादा बर्बाद किया : मायावती

### तालग्राम रोड स्थित पायका मैदान में फर्रुखाबाद, कन्नौज व इटावा के लोकसभा प्रत्याशियों के लिए की चुनावी जनसभा

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने यहां गुरुवार को चुनावी जनसभा पांच साल बाद संबोधित की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। कहा कि कांग्रेस ने देश को सबसे ज्यादा बर्बाद करने का काम किया। इसके साथ ही कहा कि समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी भी हवा हवाई वादे कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। बसपा केंद्र की सत्ता में आई तो कागजों और वादों में नहीं बल्कि जमीन पर काम दिखेगा।

गुरुवार को मायावती ग्राम तेराजाकेट के तालग्राम रोड स्थित पायका मैदान में फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा के लोकसभा प्रत्याशियों के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि बसपा अपना घोषणापत्र जारी नहीं करती है बल्कि जनता से किए गए वादों को पूरा करती है। यही कारण है कि बसपा के चारों शासनकाल में एक भी दंगा नहीं हुआ। पार्टी ने बेहतर कानून व्यवस्था के साथ सभी को भयमुक्त वातावरण दिया था लेकिन विरोधी दल धर्म, जाति और संप्रदाय के नाम पर जनता को बांट कर अपनी राजनीति चमका रहे हैं। कहा कि भाजपा, सपा और कांग्रेस पूंजीपतियों से बांड के नाम पर भारी रकम एकत्र करते हैं जिसका मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। वहीं, बसपा अपने कार्यकर्ताओं और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से धन एकत्र करती है। केंद्र में सरकार बनने पर बसपा अधूरे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराएगी। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर परिवारवाद का आरोप लगाया। भाजपा के निशुल्क राशन वितरण पर कहा कि भाजपा के लोग नमक का हक अदा करने का जनता को हवाला देकर वोट देने की अपील कर रहे हैं जबकि भाजपा ने अपने धन से नहीं बल्कि जनता के टैक्स से ही जनता को मुफ्त राशन का वितरण किया है। उन्होंने लोगों से देश व संविधान विरोधी ताकतों को सत्ता में आने से रोकने की अपील की। उन्होंने सरकारी एजेंसियों के राजनीतिकरण किए जाने का भी आरोप लगाया।


जनसभा के दौरान मौजूद बसपा प्रत्याशी। अमृत विचार


जनसभा को संबोधित करती बसपा सुप्रीमो मायावती। अमृत विचार


जनसभा के दौरान मायावती को सुनते लोग। अमृत विचार

- कहा, बसपा जनता से किए वायदों को पूरा करती है
- सपा, भाजपा हवा-हवाई वादे कर गुमराह करने में लगे

### बसपा प्रत्याशियों ने भेंट किया सोने का मुकुट

**गुरसहायगंज।** बसपा प्रत्याशियों में कन्नौज से इमरान बिन जफर, फर्रुखाबाद से कांती पांडेय और इटावा से सारिका सिंह बघेल ने बसपा सुप्रीमो को सोने का मुकुट भेंट किया। मंडल कोआर्डिनेटर नौशाद अली, अनिल पाल, नरेन्द्र राजपूत, संजय गौतम, जुनैद अली, सैयद अहमद उसैब, बलवीर भास्कर, मनोज दोहरे, सतेन्द्र भारती, प्रवेश कुरील, देवेन्द्र बघेल, नागेन्द्र कुमार, बबलू गौतम आदि मौजूद रहे।

### जीतने के बाद कैलेंडर में दिखते हैं जनप्रतिनिधि

**गुरसहायगंज।** बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर ने कहा कि अब तक जीते प्रत्याशी सिर्फ कैलेण्डर में दिखे हैं। जमीन पर कोई नजर नहीं आया। जनसंपर्क के दौरान तमाम लोगों ने उनसे इसकी शिकायत की है। कहा कि दलितों का वोट चाहिए, लेकिन उनके घर का खाना तक नहीं खाया जाता। ऐसे प्रत्याशियों को जनता को नकार रही है। 2007 से 2012 तक जनता को सर्व जन हिताय और सर्व जन सुखाय वाली बसपा सरकार मिली थी। जिसको इस बार केन्द्र में भी लाना है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने फर्रुखाबाद, कन्नौज और इटावा के प्रत्याशियों के लिए जनसभा की। तीनों ही प्रत्याशी अपने-अपने जनपदों से वाहनों के द्वारा जनता को लाए थे। भीड़ को देख मायावती गदगद दिखीं।

### विरोधी दलों पर निशाना, ब्राह्मण व मुस्लिमों को साधा

**गुरसहायगंज।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान को तीन दिन का समय बचा है। ऐसे में चुनावी पारा तेजी से चढ़ा है। तेराजाकेट में आयोजित जनसभा में बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भाषण के दौरान विरोधी दलों सपा-भाजपा पर निशाना साधा तो वहीं ब्राह्मण व मुस्लिम वोटरों का हितचिंतक बनाकर अपने पाले में करने की कोशिश की। गुरुवार को ग्राम तेराजाकेट के तालग्राम रोड स्थित पायका मैदान पर दोपहर लगभग 1.35 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचीं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने लगभग 35 मिनट के भाषण में न सिर्फ भाजपा, सपा, कांग्रेस पर हमला बोला बल्कि दलित, मुस्लिम व ब्राह्मण वोटरों को भी साधने का प्रयास किया। कहा कि भाजपा शासनकाल में खासकर ब्राह्मणों का शोषण हुआ है। कानपुर मंडल में सबसे ज्यादा अत्याचार उन पर हुए जबकि बसपा ने हमेशा ब्राह्मणों का सम्मान किया है। संत और महापुरुषों का सम्मान करते हुए भदौई जिला का नाम संत रविदास के नाम पर रखा। इसे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने शासनकाल में बदलवा दिया। सपा दलितों और महापुरुषों का सम्मान नहीं करती। इसलिए दलित, शोषित वर्ग सपा के पक्ष में मतदान न करें। कहा कि सपा आरोप लगाती है कि बसपा ने भाजपा के इशारे पर प्रत्याशियों को टिकट दिए लेकिन जब बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया तो होश उड़ गए। बसपा सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय के लिए कार्य करती है। ऐसी पार्टी को वोट न करें, जो मुस्लिम समाज का विरोध करती हो। सपा, भाजपा, कांग्रेस देश और संविधान को बचाने का ढोंग रच रही है जबकि यह तीनों ही देश और संविधान को बर्बाद कर रही हैं। उन्होंने बसपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की जनता से अपील की।

## न रोका गया वेतन न हुई रिपोर्ट... आदेश हवाहवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- प्रशिक्षण में 76 मतदानकार्मिक रहे थे गैरहाजिर
- प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने दिए थे कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार।** अधिकारियों के उन दावों की पोल खुल गई है जिसमें कहा गया है कि जो मतदानकार्मिक प्रशिक्षण से गैरहाजिर रहे उनका वेतन रोक दिया गया है। अब तक किसी का वेतन रोका गया है और न ही रिपोर्ट दर्ज हुई। मामला हवाहवाई निकला है।

दरअसल, शहर के पुलिस लाइन के निकट स्थित एक प्राइवेट स्कूल में तीन से आठ मई तक मतदानकार्मिकों का प्रशिक्षण चला। हर रोज मतदानकार्मिक गैरहाजिर रहे। अधिकारियों की ओर से जारी हुई विज्ञप्ति के मुताबिक कुल छह दिनों में 76 कार्मिक प्रशिक्षण लेने नहीं आए। प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी की ओर से गैरहाजिर कार्मिकों की सूची जारी की गई। साथ ही कहा गया कि संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि अनुपस्थित मतदानकार्मिकों का मई का वेतन रोका जाए। साथ ही उनके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम- 1951 की धारा-134 के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाए। प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने विभागीय कार्रवाई कर रिपोर्ट भी मांगी। कार्रवाई करने को लेकर जारी हुई विज्ञप्ति में प्रतिलिपि जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल, एसपी अमित आनंद व वरिष्ठ कोषाधिकारी अनिल मिश्र को भी भेजी गई। इसके अलावा डीपीआरओ, डीआईओएस, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन, नलकूप एक्सईएन, एआरटीओ, बीएसए, ईओ तिर्वा व समधन, प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी को भी कार्रवाई के लिए लिखने की बात बताई गई।

**अनुपस्थित रहे कर्मचारी**

| तारीख | संख्या |
|---|---|
| 03 मई | 12 |
| 04 मई | 14 |
| 05 मई | 08 |
| 06 मई | 18 |
| 07 मई | 08 |
| 08 मई | 16 |

### दोहरी ड्यूटी पर छाई खामोशी

मतदानकार्मिकों की दोहरी ड्यूटी लगाने व बरती गई लापरवाही पर अफसर-कर्मी चुप्पी साधे हैं। इसका जवाब देने के लिए वह तैयार नहीं हैं। कई निलंबित कर्मियों को भी चुनाव कराने की नियम विरुद्ध जिम्मेदारी दे दी गई। अपनी कमी छिपाने के लिए अफसर खामोश हैं। इसको लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेजी से चल रहा है। दोहरी ड्यूटी वाले कई कर्मियों को भी प्रशिक्षण से गैरहाजिर कर दिया गया। जिनको ड्यूटी नहीं मिली उनकी भी अनुपस्थिति लगा दी गई। इस बाबत कुछ कार्मिकों ने दबी जुबान से बताया कि कुछ अफसरों ने तानाशाह रवैया अपनाया।

"प्रशिक्षण से मतदानकार्मिकों के गैरहाजिर रहने को लेकर वेतन रोकने का कोई भी आदेश अब तक नहीं मिला है। अगर कोई पत्र आएगा तो कार्रवाई की जाएगी।
– अनिल मिश्र, वरिष्ठ कोषाधिकारी

अभी बताना मुश्किल है कि कितने कार्मिकों का वेतन रोका गया। कार्यालय में बैठकर ही बता सकते हैं। कुछ लोग अगले दिन ट्रेनिंग कर गए, इस वजह से कार्रवाई नहीं हुई होगी।
–नरेंद्र देव द्विवेदी, डीडीओ"


शहर में बीएसएफ के साथ रूट मार्च करते कोतवाल दिग्विजय सिंह। अमृत विचार

### पुलिस के साथ बीएसएफ, सीआरपीएफ जवानों का रूट मार्च

**कन्नौज।** गुरुवार को कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह व कला चौकी प्रभारी अजब सिंह की अगुवाई में रूट मार्च निकाला गया। बीएसएफ के 49 जवानों के साथ निकाले गये रूट मार्च के दौरान कोतवाली प्रभारी ने माइक से मतदाताओं को भय मुक्त होकर मतदान करने को कहा। जलालपुर पनवारा चौकी प्रभारी सुभाष चंद्र व पाल चौराहा चौकी प्रभारी धीरेंद्र कुमार की अगुवाई में सीआरपीएफ के 49 जवानों ने सारोतोप, घमाइचमऊ समेत अन्य संवेदनशील गांव में रूट मार्च किया। एसपी अमित कुमार आनन्द ने बताया कि रूट मार्च लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को देखते हुए निकाला गया।

## चुनाव से पहले भाजपा-सपा में शिकायतों का दौर शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- सपा जिलाध्यक्ष ने जताई दंगे की आशंका, भाजपाइयों पर आरोप
- भाजपा सांसद ने भी की जिला निर्वाचन अधिकारी से शिकायत

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग से पहले भाजपा-सपा में आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। दोनों दलों ने एक-दूसरे के कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी व चुनाव आयोग से शिकायत की है। सपा जिलाध्यक्ष ने तो जिले में दंगा होने की आशंका व्यक्त की है तो कार्यकर्ताओं की वॉट्सएप चैटिंग का स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा है। इसको लेकर भाजपा सांसद ने आपत्ति दर्ज कराई है।

सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने जिला निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की है कि जलालाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मस्जिद के बाहर आपत्तिजनक नारे लगाए, जिससे सांप्रदायिक तनाव फैल सकता है। बताया कि छिबरामऊ के बहबलपुर गांव में भाजपा के एक मंत्री व विधायक की मौजूदगी में सपा कार्यकर्ता को धमकाया गया और भाजपा को वोट न देने पर कार्यकर्ताओं ने 13 मई के बाद देख लेने की धमकी दी है। कहा कि कई भाजपा कार्यकर्ता मुस्लिमों के प्रति अभद्र टिप्पणी कर दंगा भड़काने की साजिश रच रहे हैं। वहीं, भाजपा सांसद एवं प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने बताया कि सपा ने चुनाव में दंगा भड़काने के लिए बाहर से विशेष समुदाय के असामाजिक तत्वों को भाड़े पर बुलाया है। ये लोग जिले में आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सपा के एक ग्रुप का स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा है, जिसमें सपा प्रत्याशी का पीएस सपाइयों से मवेशियों को हाइवे, सड़कों व भीड़भाड़ स्थानों पर खदेड़ने के लिए उकसा रहा है। यही नहीं उस चैटिंग में देश के गृह मंत्री अमित शाह के लिए अपशब्दों का भी प्रयोग किया गया है। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

**जागरुकता** | 13 मई को होने वाले मतदान के लिए लोकसभा क्षेत्र में प्रतिशत बढ़ाने की पहल

# प्रशिक्षु आईएएस व बीएसए ने स्कूटी रैली से जगाई अलख

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र कन्नौज में 13 मई को सांसद चुनने के लिए वोट डाले जाएंगे। मतदाताओं को जागरूक करने व वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए शहर में शिक्षिकाओं ने स्कूटी रैली निकाली। इसमें प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा व बीएसए भी नगर पालिका परिषद क्षेत्र में घूमीं।

कलक्ट्रेट परिसर से गुरुवार को सुबह जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल और एसपी अमित आनंद ने मतदान प्रतिज्ञा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर सभी लोग अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। मतदाता जागरुकता के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की इस पहल को बेहतर भी बताया। स्कूटी रैली से मतदाताओं में अच्छा संदेश जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने रैली से पूर्व मतदान की शपथ दिलाई। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर प्रतिभागियों ने फोटो को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। भोलू नामक कट आउट भी मतदान करने की अपील करता रहा। मतदान प्रतिज्ञा रैली कलक्ट्रेट परिसर से रवाना होकर गोल कुआं, केके बोर्डिंग मैदान से लाखन तिराहा, मकरंदनगर से होते हुए पीएसएम पीजी कॉलेज में समाप्त हुई। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने स्वीप कार्यक्रम के तहत शिक्षिकाओं के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह, एसडीएम न्यायिक सदर नवनीता राय, बीईओ विपिन कुमार, एसआरजी संजीव कटियार, शिक्षक आशुतोष दुबे, आशीष मिश्र, अतुल दीक्षित, गुंजन भदौरिया, शैली मिश्रा, उमा कटियार, रेनू कमल मौजूद रहीं।


कलेक्ट्रेट परिसर से स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल, साथ में मौजूद एसपी अमित आनंद। अमृत विचार

- नगर पालिका परिषद क्षेत्र कन्नौज में घूमीं शिक्षिकाओं की स्कूटी

## वादाखिलाफी पर आज से फिर मतदान बहिष्कार, प्रदर्शन

**कन्नौज।** एसडीएम के आश्वासन पर समाप्त हुआ शहर के मोहल्ला कृष्णा नगर में चल मतदान बहिष्कार व प्रदर्शन आज से फिर शुरू हो जाएगा।

बीते 27 अप्रैल से विकास कार्यों की अनदेखी को लेकर नगर के मोहल्ला कृष्णा नगर अकबरपुर सराय घाघ में चल रहे मतदान बहिष्कार के 12 दिन बाद एसडीएम सदर अविनाश गौतम व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने पहुंचकर लोगों से बात की थी। एसडीएम ने ईओ को साफ सफाई, फागिंग के निर्देश दिए थे। गुरुवार को भी कोई काम नहीं हुआ तो लोगों ने ईओ को फोन कियो तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इससे मोहल्ले की जनता फिर से नाराज हो गई है। शुक्रवार से मोहल्ले के लोग मतदान बहिष्कार का बैनर लगा कर फिर से प्रदर्शन करेंगे।

## सार-संक्षेप



छिबरामऊ में जनसंपर्क के दौरान डिंपल यादव का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता।

### डिंपल ने किया जनसंपर्क कर पति के लिए मांगे वोट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मैनपुरी लोकसभा सांसद व प्रत्याशी डिंपल यादव ने कन्नौज लोकसभा के छिबरामऊ विधानसभा में जनसंपर्क कर प्रत्याशी पति अखिलेश यादव के लिए वोट मांगे। इस दौरानरवि गुप्ता, प्रत्येश तोमर सहित कई लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने वरिष्ठ समाजवादी नेता दीपू चौहान के घर पहुंच कर परिवार जनों से मिलकर हालचाल जाना। इसके अलावा उमर फारूक बंटी के आवास पर पहुंटीं जहां पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान लोधी समाज के नेता हरगोविंद राजपूत के घर पहुंचीं। यहां पर महिलाओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया और भारी जनसमर्थन का वादा किया।

### 12 मई को कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

**कन्नौज।** प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी ने बताया कि 13 मई को लोस क्षेत्र का मतदान होगा। एक दिन पहले पोलिंग पार्टियां जिले के तीनों विस क्षेत्र से रवाना होंगी। कन्नौज व आसपास इलाके से जो मतदानकार्मिक तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज व नवीन मंडी समिति छिबरामऊ जाना चाहते हैं उनके लिए कन्नौज से बसें जाएंगी। 12 मई को सुबह साढ़े पांच बजे से एक घंटे तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। मतदानकार्मिक परिचय पत्र दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से बसों के जरिए तिर्वा व छिबरामऊ जाएंगे।

### आज आएंगे डिप्टी सीएम केशव मौर्य

**छिबरामऊ, कन्नौज।** लोकसभा क्षेत्र के चुनाव संयोजक नरेंद्र राजपूत ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 10 मई को हेलीकॉप्टर द्वारा आएंगे। वह सौरिख रोड स्थित ज्ञान शीतालय ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के हसेरन स्थित रामलीला मैदान में 12.20 बजे जनसभा होगी। औरैया जिले के एरवाकटरा में 1.40 बजे पहुंचेंगे और सभा को संबोधित करेंगे।

# चुनाव के लिए पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने डाला डेरा

## स्थानीय पुलिस ने माला पहनाकर व बुके देकर किया जवानों का स्वागत, 13 मई को जिले में होना है मतदान

**लोकसभा चुनाव**

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



राजेपुर में सीआरपीएफ के जवानों का स्वागत करते सीओ। अमृत विचार



अमृतपुर में जवानों को मेडिकल किट देतीं थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में 13 मई को होने जा रहे लोक सभा चुनाव में बाहरी जिलों से आये पुलिस फोर्स को विधान सभा बार ठहराया जा रहा है। स्थानीय पुलिस अपने-अपने क्षेत्र में बाहर से आये पुलिस फोर्स का माला पहना कर स्वागत कर रहे है। चुनावों की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ की टीम ने भी डेरा डाल दिया है।

थाना राजेपुर क्षेत्र के जमापुर छात्रावास में पंहुचे सीआरपीएफ के 80 जवानों का सीओ रविंद्र नाथ राय, थानाध्यक्ष रणविजय सिंह, इंस्पेक्टर कामिल खां, उपनिरीक्षक राजीव सिंह ने उनका स्वागत किया। सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय ने बताया कि 80 सीआरपीएफ के जवानों को छात्रावास में ठहराया गया है। यह लोकसभा चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था के लिए आये हुए हैं। लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराए जाएंगे। कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह की अफवाह न फैलाए। अगर किसी भी व्यक्ति ने अराजकता करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसारः** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स का आना शुरू हो चुका है। उनके ठहरने की व्यवस्था स्कूल कॉलेज तथा अन्य सुविधाजनक स्थानों पर की जा रही है। जिन स्थानों पर बाहर से आए हुए फोर्स को कैंप करना है। उन स्थानों का पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

लोकसभा चुनाव को सही ढंग से संपन्न करने के लिए स्थानीय पुलिस तथा प्रशासन पूरी तरह से सतर्क नजर आ रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बाहर से फोर्स आना शुरू हो गया है। इसको लेकर तैयारियां चल रही है। फोर्स के ठहरने के लिए पीएन फाउन्डेशन, जीआईसी भटासा, रायपुर इंटर कालेज, विद्या मंदिर डिग्री कालेज, आदर्श इंटर कालेज पितौरा में व्यवस्था की गई है। बाहर से आए हुए फोर्स को ठहरने के लिए चयनित स्थान पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के लिए क्या काम किया जाना है आज उसका निरीक्षण पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कायमगंज ने हर एक स्थल पर जाकर किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएन फाउन्डेशन में आईटीबीपी (भारत तिब्बत सीमा पुलिस) की अल्फा 36 के एसी संदीप तोमर, इंस्पेक्टर बीरबल के निर्देशन में 85 आईटीबीपी के जवान पहुंचे, जहां सीओ व इंस्पेक्टर ने एसी व उनकी टीम को बुके भेंट कर स्वागत किया। वहीं मेस, शौचालय, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था चेक की। सीओ ने बताया कि चुनाव के लिए बाहर से और फोर्स आएगा। उसको पहले चिह्नित किए गए स्थानों पर रुकने की व्यवस्था की जायेगी।

**अमृतपुर प्रतिनिधि के अनुसारः** चुनाव ड्यूटी के लिए बाहर से आए हुए जवानों के रुकने की व्यवस्था गनुआपुर के इंटर कॉलेज में की गई। थानाअध्यक्ष मीनेश पचौरी ने जिला देवरिया से आए होमगार्ड बीओ प्रेमचंद यादव अपने साथ में 45 जवानों को लेकर अमृतपुर थाना पहुंचे। जहां थाना अध्यक्ष मिनेश पचौरी ने इन जवानों को अमर ज्योति इंटर कॉलेज गानुआ गलारपुर में ठहरने के लिए व्यवस्था की। उन्होंने मौजूद जवानों को मेडिकल किट, साबुन, सोडा, मच्छर भगाने के लिए अगरबत्ती, बिजली, पंखा, लाइट आदि की व्यवस्था की। जिससे चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के लिए आने वाले जवानों को कोई असुविधा न हो। आने वाले जवानों का पुलिस कर्मियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। थाना प्रभारी ने कहा कि अगर आप लोगों को किसी प्रकार की कोई आवश्यकता हो तो हमारे सीयूजी नंबर पर फोन कर जानकारी दें। हम पूरा सहयोग करेंगे।



प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

# मतदान से 48 घंटे पहले जिला छोड़ दें बाहरी लोग

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- 11 मई की शाम को बंद हो जाएगा चुनाव प्रचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व प्रत्याशियों के साथ कलेक्ट्रट परिसर फतेहगढ़ में बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि सभी प्रत्याशी 11 मई को शाम 06 बजे तक ही प्रचार कर सकते है। 48 घंटे पहले सभी बाहरी व्यक्तिओं को जिला छोड़ना होगा। चुनाव के दिन चलने वाले वाहनों की अलग से परमिशन होगी, एक वाहन प्रत्याशी, एक प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता व प्रत्येक विधानसभा में एक वाहन अनुमन्य होगा। जिसकी परमीशन होगी, एक गाड़ी में ड्राइवर सहित कुल पांच व्यक्ति ही चल सकेंगे, सभी प्रत्याशी अपने बस्ते पोलिंग स्टेशन से 200 मीटर दूर लगाएंगे। हर पोलिंग बूथ पर व्हील चेयर उपलब्ध कराई गई है इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, नगर मजिस्ट्रेट व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



चुनाव के बहिष्कार की घोषणा करते ग्रामीण। अमृत विचार

# ब्राहिमपुर के लोगों ने किया चुनाव का बहिष्कार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना मोहम्मदाबाद के गांव ब्राहिमपुर कला पुठरी के लोगों ने चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया। ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार के पोस्टर भी लगा दिए हैं।

गांव के राजेश का कहना है कि गांव में किसी भी गली का डामरीकरण ना होना, गांव की नालियों के पानी का निकास न होना, गांव का किसी भी रोड से संपर्क न होने के कारण ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। गांव में कोई भी विकास न होने के कारण संपूर्ण गांव के लोग मतदान नहीं करेंगे।

## मामूली बात को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट क्षेत्र में मामूली सी बात पर विवाद हो गया। कई लोग घायल हो गये।

थाना क्षेत्र के गांव खानपुर मड़ैया निवासी जावेद के बेटे शादान की शादी में रिश्तेदार आए थे। देर रात पड़ोस के अर्जुन से मामूली विवाद हो गया। इसमें दोनों पक्ष में मारपीट हो गई। परिजनों को खबर लगी तो आमने-सामने आ गए। लाठी-डंडे चलने लगे। छतों से दोनों ओर से पथराव होने लगा। सूचना पर जब पुलिस पहुंची तब एक पक्ष की पूजा (26) पत्नी सर्वेश, पड़ोस की नन्ही देवी (40) और विनोद का पुत्र मोहन (12) दूसरी ओर से शाहरुख (24) गुड्डू की पत्नी रुखसाना (45), मुन्ना (35), जावेद की पत्नी शबनम (50) घायल हो गई। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# महाराणा प्रताप के शौर्य को किया याद

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह राजावत।

- जिले में धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

**अमृत विचार।** महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती जिले भर में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा नेता जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दीगई। इस दौरान महाराणा प्रताप के देश के लिए किए गए महान कार्यों को याद करते हुए उनके शौर्य व साहस का बखान किया गया।

शहर के विकास नगर स्थित आवास पर भाजपा नेता जितेंद्र सिंह ने महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

जितेंद्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप हमेशा मुगलों से युद्ध लड़ते रहे। आजीवन अधीनता स्वीकार नहीं की। सनातन हिंदू धर्म की रक्षा व देश की अखंडता के लिए उन्होंने अपने पूरे जीवन को बलिदान कर दिया। उनके त्याग तपस्या और बलिदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान प्रदीप सोमवंशी, अनुराग सिंह, विवेक सिंह, विशाल सिंह, गजेंद्र सिंह चौहान, अनन्य प्रताप सिंह, प्रहर्ष प्रताप सिंह, विक्रम सिंह, सुशील सिंह, रामवीर सिंह, गजेंद्र सिंह, डॉ यशवंत सिंह, नागेंद्र सिंह, संजीव सिंह, विक्की आदि ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

वहीं दूसरी तरफ करणी सेना के जिला अध्यक्ष मंथन ठाकुर ने कहा की करणी सेना जिले में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगवाने के साथ कई मुद्दों पर काम करेगी। क्षत्रीय समाज के महापुरुषों के नाम पर द्वारों के नाम रखवाये जायेंगे।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन से कटी महिला सफाई कर्मी निकली

**फर्रुखाबाद।** कंपिल थाना क्षेत्र के गांव कटिया के पास बुधवार दोपहर मालगाड़ी की चपेट में आने से चालीस वर्ष की एक महिला की मौत हो गई थी। पुलिस ने आस पास के गांव के लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। रात को गांव कटिया निवासी पप्पू पत्नी सोमवती की तलाश कर रहा था। उसको पता चला कि एक महिला की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। पप्पू ने रात में थाने में जाकर संपर्क किया। दरोगा शिव बहादुर ने महिला के फोटो दिखाए। उनको देखकर पप्पू ने पत्नी सोमवती की शिनाख्त कर ली। वह शाम को घर वापस आती थी। बुधवार को देर शाम तक नहीं आई। तब उसकी तलाश शुरू की। सोमवती की मौत की सूचना पर पुत्र कमल, पिंटू, पुत्री प्रियंका, कुसमा, रोशनी, सोनी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो बाराती हुए घायल

**कायमगंज /फर्रुखाबाद।** कंपिल थाना क्षेत्र के गांव अलियापुर से रत्नेश के बेटे रचित की पहले से चल रही प्रेम कहानी शादी संस्कार के रूप में परिवर्तित होने की बात तय हुई थी। इस पर वधू पक्ष से लड़की तथा उसकी मां कंपिल तीर्थ स्थल पर किसी मंदिर में शादी करने के लिए आए हुए थे। गांव से कुछ चंद लोग दूल्हा तथा उसका पिता एवं बाइक सवार युवा शादी रस्म अदायगी के समय बाराती के रूप में शामिल होने जा रहे थे। बताया गया कि एक बाइक पर अलियापुर गांव का निवासी 20 वर्षीय अक्षय तथा 18 वर्षीय शिवम यादव सवार होकर जा रहे थे। अलीगंज - कंपिल मार्ग पर किसी चौपहिया वाहन को ओवरटेक करते समय उनकी बाइक वाहन से टकरा गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार बहुत तेज थी। दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए। जिन्हें चौपहिया वाहन मालिक ने ही अपने वाहन से कायमगंज नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से उपचार के बाद दोनों को उनके घर पर भेज दिया गया। गंभीर रूप से घायल हो चुके इन दोनों युवकों में से शिवम की हालत अब भी खराब बताई जा रही है।

### रेलकर्मी पर चार लाख रुपये ठगने का लगाया आरोप

**फर्रुखाबाद।** रेलवे कर्मी ने बैंक कर्मचारी से चार लाख रुपये हजम कर लिए। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर रेलकर्मी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जनपद लखनऊ थाना आशियाना सेक्टर एम 1 निवासी राहुल कुमार विद्यार्थी ने मोहम्मदाबाद कोतवाली में हाईकोर्ट के आदेश पर लखनऊ के थाना गुडम्बा गायत्री पुरम कुर्सी रोड आदिल नगर निवासी रेलवे कर्मी अजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें बताया कि वह बरारिख आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। अजय कुमार उसका दोस्त है। अजय ने 28 मार्च 2022 को चार लाख रुपये अति आवश्यक काम होने के कारण उधार मांगे। इस पर राहुल ने अपने बचत खाते से 3 .35 लाख रुपये अजय कुमार के खाते में ट्रांसफर कर दिए। 40 हजार अभिषेक दुबे व 25 हजार रुपये परिचित प्रभाकर दुबे के खाते से अजय कुमार को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। अजय ने कुछ दिनों में रुपये वापस करने का वादा किया था। वर्तमान में अजय गुजरात में रेलवे विभाग में कार्यरत हैं। काफी समय बीतने के बाद भी अजय ने मांगने पर भी रुपये नहीं दिए। इस मामले में शिकायती प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में हाईकोर्ट में रिट दायर की। कोतवाल मनोज भाटी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## पैरामिलिट्री फोर्स के साथ पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** लोकसभा चुनाव नजदीक है। इस दौरान शहर का माहौल खराब न हो इसे देखते हुए पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स की टीम के साथ रूट मार्च निकाल लोगों को निष्पक्ष मतदान करने का संदेश दिया।

आम आदमी को मतदान से पहले तथा मतदान के समय तक पूरी तरह सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए बाहर से पैरामिलिट्री फोर्स तथा अन्य पुलिस फोर्स का आना शुरू हो गया है। अब तक यहां पहुंचे पैरामिलिट्री फोर्स में से आज भारत तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के साथ कायमगंज कोतवाली पुलिस ने नगर के प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च किया।

# बसों की भी लगाई गई चुनाव में ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- 50 बसें मैनपुरी तथा 46 बसें एटा से आएंगी

**अमृत विचार।** जिला अधिकारी डॉक्टर वी के सिंह के निर्देशन में परिवहन कार्यालय में जिला पूर्ति कार्यालय स्टाफ के साथ निर्वाचन के लिए मतदान पार्टी को ले जाने वाले बसों की ड्यूटी लगाई गई।

मतदान पार्टियों को ले जाने के लिए कुल 366 बसों की आवश्यकता है। जिनका अधिग्रहण पूर्व में ही कर लिया गया है। इन बसों में 14 बसें तहसील तथा विधानसभा स्तर पर रिजर्व के रूप में रखी जाएंगी।

कायमगंज विधानसभा में 111 बसों के सापेक्ष 32, अमृतपुर विधानसभा में 82 के सापेक्ष 38, फर्रुखाबाद विधानसभा में 75 के सापेक्ष 47 तथा भोजपुर विधानसभा में 84 के सापेक्ष 49 बसों की ड्यूटी लगा दी गई हैं। कार्यालय में शेष बसों की ड्यूटी लगाने का कार्य 10 मई 2024 को भी किया जाएगा। अभी बस स्वामी जिनकी बसों की ड्यूटी नहीं लगी है वह परिवहन कार्यालय में आकर सुविधा अनुसार अपने बस की ड्यूटी अवश्य लगवा लें ताकि 11 मई को वह सीधे जाकर निर्वाचन के लिएपार्किंग में अपने नियत स्थान पर खड़े हो सके।

## कल आएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**फर्रुखाबाद।** भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के समर्थन में रोड शो में शामिल होने के लिए 11 मई को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आ रहे हैं।

शहर कोतवाली क्षेत्र के गुड़गांव देवी मंदिर से लालगेट फव्वारा तिराहा तक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रोड शो करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जनपद आगमन की सूचना मिलते ही भाजपा नेता कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जिले में आने से चुनावी समीकरण बदल सकते हैं। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी दिलीप भारद्वाज ने बताया कि पहले राजनाथ सिंह का कार्यक्रम अमृतपुर विधान सभा क्षेत्र के कुम्हरोर में लगाया गया था लेकिन अब वह केवल रोड शो में हिस्सा लेंगे।

# दहेज के लिए पीटने पर शिक्षिका का गर्भपात

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- न्यायालय के आदेश पर पति सहित तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** थाना कादरीगेट क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी साधना ने महिला थाने में दिल्ली करौल बाग गली नंबर तीन देवन नगर निवासी पति विपिन कुमार, ससुर जीत सिंह, सास संतोष कुमारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसमें बताया कि वह बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिका है। उसका विवाह 15 जुलाई 2013 को विपिन के साथ विवाह हुआ था। ससुरालीजन कुछ दिन बाद ही दहेज की मांग कर उसको प्रताड़ित करने लगे। इसी बीच वह गर्भवती हो गई। पति ने गर्भपात करने का दबाव बनाया। 10 अप्रैल 2023 को पति सहित ससुरालीजनों ने मारपीट की पति ने पेट में लात मार दी। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। 8 मई 2023 को उसका गर्भपात हो गया। 21 अगस्त 2023 को ससुरालीजनों ने मारपीट कर उसको घर से निकाल दिया। तत्कालीन एसपी को प्रार्थना पत्र देने पर दोनों पक्षों को सुलह समझौता केंद्र में बुलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ने ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर रिपार्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।






**उफ! ये गर्मी** | वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. प्रवीण कुमार ने लोगों को गर्मी व लू से बचाव के तरीके बताए

# आसमान से बरस रही आग और गर्म हवाओं से सब बेहाल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



गर्मी से बचने के लिए शिकंजी पीते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आसमान से बरस रही आग और चल रही आग भरी हवाओं की वजह से कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ कर पारा 42 डिग्री के पार पहुंच गया है। अचानक पड़ी इस गर्मी में बीमार पड़ने के आसार भी बढ़ जाते हैं। ऐसे में कोशिश करें कि ज़्यादा समय घर पर ही गुज़ारें। यह कहना डाक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डाक्टर प्रवीण कुमार का है।

डाक्टर प्रवीण बताते है कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जाती है वैसे-वैसे अपने साथ कई बीमारियां लाती है। डायरिया, उल्टी, वायरल बुखार, लू, आंखों की समस्या आदि से अक्सर बच्चे और वयस्क परेशान रहते हैं। घर से बाहर निकलने पर आप खुद ही गर्मी में होने वाली इन बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। जैसे-जैसे तामपान बढ़ता है। मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ने लगती है। हॉस्पिटल जाने से आप बच सकते हैं यदि आप डॉक्टर प्रवीण कुमार की कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखें। जरा सी लापरवाही खतरनाक हो सकती हैं।

### बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें

दिन भर काम के सिलसिले में आपको बाहर आना-जाना पड़ता है। तो लिक्विड पदार्थों का सेवन खूब करें। कोशिश करें, जब बहुत जरूरी हो तभी घर से दिन में बाहर जाएं। 11 बजे से लेकर दिन में 3 बजे तक की धूप सेहत के लिए ठीक नहीं होती है। हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें। बाहर जाए बिना काम नहीं चल सकता तो छांव में या किसी पार्क में थोड़ी देर बैठ जाएं। भूलकर भी पार्किंग में खड़ी कार में एसी चलाकर ना बैठें, इससे आपको सर्द-गर्म लग सकता है।

### गर्मी में रहें हाइड्रेटेड

गर्मी में बाहर निकलने से पहले सुनिश्चित कर लें कि आप ठीक से हाइड्रेटेड हैं या नहीं, गर्मियों में पानी की जरूरत अधिक होती है। लिहाजा अधिक पानी पियें।

### तरल पेय पदार्थ आहार में करें शामिल

गर्मी के मौसम में ठोस आहार की जगह तरल पेय पदार्थ जैसे ठंडा पानी, नींबू शिकंजी, शरबत, कैरी का पना, फलों का रस, छाछ, लस्सी ज्यादा मात्रा में लें। इन सभी चीजों से शरीर में तरावट बने रहने के साथ शरीर में ऊर्जा का स्तर भी बना रहता है।

### हल्के रंग के कपड़े पहनें

गर्मी में खुद को कूल रखने के लिए हल्के रंग के कपड़ों का उपयोग करें। इस मौसम में पहनने के लिए कॉटन जैसे पतले और हल्के कपड़ों का चयन करें।

### हल्का, ताजा भोजन करें

गर्मियों में कोशिश करें कि हल्का, ताजा और जल्दी पचने वाला भोजन डाइट में शामिल करें। भूख से कम खाएं और ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं।

### संचारी रोगों से ऐसे बचें

बीमारियों से बचने के लिए घर के साथ-साथ खुद की भी साफ-सफाई का ध्यान रखें। घर के आसपास पानी जमा न होने दें। बच्चों के साथ-साथ आप भी फुल स्लीव्स के शर्ट और पैंट पहनें। रोड साइड पर मिलने वाली खाने-पीने की चीजों से परहेज करें। पानी उबाल कर ही पीयें।

### हीट स्ट्रोक की संभावना प्रबल

जो लोग धूप में दिन भर घूमकर काम करते हैं। उनमें सबसे ज्यादा हीट स्ट्रोक यानी लू लगने की संभावना होती है। अधिक धूप और गर्म तापमान में रहने से शरीर का तापमान बढ़ जाता है। इसे हीट स्ट्रोक कहते हैं। सिर दर्द, उल्टी, चक्कर आना, सिर घूमना, मांसपेशियों में खिंचाव, दिल की धड़कनों का तेज होना और बुखार आदि हीट स्ट्रोक के लक्षण होते हैं।

## दमयंती सिंह व पुत्र के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**फर्रुखाबाद।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती सिंह व उनके पुत्र के खिलाफ सीजेएम घनश्याम शुक्ला ने गैर जमानती वारंट जारी कर सुनवाई के लिए 23 मई की तिथि नियत की है।

नियत प्राधिकारी डीके सिंह ने 10 मई 2023 को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती सिंह, पुत्र अभिषेक सिंह व 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचक ने जांच के बाद दमयंती सिंह व उनके पुत्र अभिषेक सिंह के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। दमयंती सिंह व अभिषेक सिंह की ओर से जमानती प्रार्थना पत्र में चार्ज के लिए आठ मई की तिथि नियत की थी। उसके बाद भी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व उनके पुत्र कोर्ट में पेश नहीं हुए। सीजेएम ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती सिंह व अभिषेक सिंह के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है।



एक : क्षमावतां दोषो द्वतीयो नोपपद्यते।
यदेनं क्षमया युक्तमशक्तं मन्यते जन : ॥

क्षमाशील व्यक्तियों में क्षमा करने का गुण होता है, लेकिन कुछ लोग इसे उसके अवगुण की तरह देखते हैं। यह अनुचित है।


## संपादकीय

# दूरियां पाटने की कोशिश

मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर की पहली भारत यात्रा को भारत-मालदीव के बीच दूरियां कम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसी देश है। विदेश मंत्री जमीर की यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलने की उम्मीद है। करीब छह महीने पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने पर दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव आने के बाद से मालदीव की ओ्र से यह पहली उच्च-स्तरीय यात्रा है। मुइज्जू जितने भारत विरोधी हैं, उतने ही चीन के समर्थक भी। हाल ही में मालदीव और चीन के बीच कई अहम समझौते भी हुए हैं। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान उन्होंने 'इंडिया आउट' का कैंपेन चलाया था। मुइज्जू 'इंडिया आउट' के नारे के दम पर चुनाव जीते थे और उन्होंने राष्ट्रपति बनते ही पहले तुर्की और फिर चीन की यात्रा की थी। मुइज्जू के मालदीव में तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन करने वाले लगभग 90 भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर जोर देने के बाद द्विपक्षीय संबंधों में तनाव में आ गया। इस बीच भारत ने अब तक अपने 51 सैनिकों को वापस बुला लिया है। राष्ट्रपति मुइज्जू ने अपने देश से सभी भारतीय सैनिकों की वापसी के लिए 10 मई की समय सीमा निर्धारित की है। ऐसे में मूसा जमीर की भारत यात्रा को कई मायनों में खास माना जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत-मालदीव संबंधों का विकास आपसी हितों, पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। 1965 में जब मालदीव आजाद हुआ था, तो भारत उन देशों में शामिल था, जिसने उसे सबसे पहले मान्यता दी थी।

गौरतलब है कि भारत कई अवसरों पर मालदीव के लिए सबसे पहले आगे बढ़कर मदद देने वालों में रहा है। भारत मालदीव को विकास सहायता देने वाले देशों में भी प्रमुख है। भारत की कई परियोजनाओं से मालदीव के लोगों को लाभ हुआ। इनमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और सामाजिक पहल से लेकर चिकित्सा निकासी और स्वास्थ्य केंद्र तक शामिल हैं। भारत ने अनुकूल शर्तों पर वित्तीय सहायता दी है। भारत के सहयोग ने साझा गतिविधियों, उपकरण, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के माध्यम से मालदीव की सुरक्षा और कल्याण को भी मजबूत किया है। हिंद महासागर की शांति और सुरक्षा दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। हिंद महासागर को शांतिपूर्ण क्षेत्र बनाने के लिए मिलकर काम करना सभी के हित में है। भारत और मालदीव के रिश्तों के इतिहास को देखते हुए, उम्मीद है विदेश मंत्री जमीर का दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूती देगा।

# सतयुग-त्रेतायुग के संक्रमण काल के महानायक परशुराम



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

**भारतीय कृषि के साथ परशुराम को जोड़ा जाता है। अगस्त, कश्यप ऋषि तथा इंद्र की सहायता से परशुराम ने साढ़े तीन सौ कोस के समुद्री तट को समुद्र से मुक्त कराकर कृषि योग्य बनाया जिसे सप्त कोंकण कहा जाता है।**

महर्षि भृगु से लेकर परशुराम तक भार्गव वंश को ज्ञान और विद्या से जोड़ा जाता है। भृगु तो भृगुसंहिता के प्रणेता थे ही, परशुराम के पितामह ऋचीक अथर्वण मंत्रदृष्टा ऋषि थे। राम भार्गवेय नामक एक वैदिक ऋषि का सूक्तद्रष्टा ऋषि के रूप में आया है। परशुराम की प्रारंभिक शिक्षा ऋषि जमदग्नि के आश्रम में हुई उसके पश्चात् ऋषि कश्यप से दीक्षा ली तदंतर कैलाश पर्वत पर जाकर भगवान शंकर से समस्त शास्त्र और शस्त्र तथा मंत्र-तंत्र की विद्या में पारंगत हुए। भार्गव और अंगिरस कुल के ऋषियों ने समस्त शास्त्रों का नवसंस्कार किया है।

भार्गव और हैहयों में बारह पीढ़ी से द्वंद्व होता रहा है। इसका एक प्रमुख कारण यह रहा है कि हैहय ऋषि परंपरा को समाप्त कर राजाश्रित पुरोहिती परंपरा का पक्षधर था उसने वेतन पर ऋषियों को अपने राज्य में रखना चाहा। आर्येतर जातियों को अपने राज्याश्रित गुरुकुलों में प्रवेश नहीं देता था। भगवान दत्तात्रेय से वरदान पाकर सहस्रार्जुन कार्तवीर्य दंभी हो गया, उसके अनीति और विस्तारवादी नीति से जम्बूद्वीप के राजाओं और ऋषियों-मुनियों में असंतोष फैलाने लगा था। पराकाष्ठा तो तब हो गई जब एक बार अर्जुन, जमदग्नि से मिलने उसके आश्रम आया और आश्रम की कामधेनु की मांग कर दी, जमदग्नि ने समझाया की यह कामधेनु मेरे पुत्र परशुराम की अमानत है। इस आश्रम में मैं तुम्हे दान स्वरूप भी इसे नहीं दे सकता। अर्जुन तो विवाद के उद्देश्य से आया था उसने बलात जमदग्नि ऋषि की हत्या करके कामधेनु गौ का अपहरण कर आश्रम को ध्वस्त कर दिया। इस घटना का उल्लेख अथर्ववेद (5 /18 /10) में आया है।

भार्गवेय परशुराम अध्ययन और तपस्या के उपरांत उसी समय अपने आश्रम कतिपय संकल्पों के साथ लौट रहे थे। उन्हें अपने युग की प्रतीति थी। राजाओं का अत्याचार चरम पर था, आर्य और आर्येतर जातियों में असमानता बढ़ता जा रहा था, ऋषियों के आश्रम में भय व्याप्त था। इनके निदान के संकल्प के साथ जब परशुराम आश्रम पहुंचे तो उनका स्वागत मां के विलाप और ध्वस्त आश्रम तथा भयभीत ऋषियों ने किया। इन क्षणों में परशुराम को वेद की वे ऋचाएं संबल बनी- हे वाचस्पति हमें शास्त्र और शास्त्र धारण करने की बुद्धि और शक्ति प्रदान करे। संपूर्ण जम्बूद्वीप में इस कुकृत्य की निंदा होने लगी ऋषिकुलों से ऋचीक, वशिष्ठ विश्वामित्र, कश्यप, अगस्त आदि ऋषियों के साथ कई राजशक्तियां और आर्येतर जातियों के प्रतिनिधि परशुराम के आश्रम में एकत्र हुए और यह निर्णय लिया कि हैहयों के विरुद्ध एक संगठित युद्ध की घोषणा परशुराम के नेतृत्व में की जाए। पितामह ऋचीक ने विष्णु का दिव्य वैष्णव धनुष परशुराम को दिया, ब्रह्मर्षि कश्यप ने अविनाशी वैष्णव मंत्र दिया। परशुराम कैलाश गिरिश्रृंग जाकर भगवान शंकर का आशीर्वाद रूप में विशिष्ट दिव्यास्त्र विद्युदभि नामक परशु प्राप्त किया।



परशुराम जयंती पर

परशुराम पहले नायक हैं, जिन्होंने किसी अत्याचारी राजा को दंड देने के लिए राजाओं को ऋषियों को ग्रामवासियों को एक जुट किया और उनके अंतःकरण से भय तिरोहित कर न्याय स्थापित करने की आग प्रज्ज्वलित की। इसके पूर्व पुरुरवा, वेन, नहुष जैसे राजाओं के अत्याचार पर ऋषियों ने अपने स्तर पर ही दंडित किया। उस काल में समस्त जम्बूद्वीप में हैहयों की सौ अक्षौहिणी सेना का बड़ा आतंक था। उसने धन के बल पर विशाल सेना और आयुध इकठ्ठा कर रखा था, महिष्मति के अलावा हैहयों के चार राजवंश थे। सिंध और राजस्थान के राजवंश भी हैहयों के साथ थे। ऋषिकुलों के प्रयास से सूर्यवंशी राजाओं के साथ चंद्रवंशी राजा भी परशुराम के साथ खड़े हुए। ऋषि अंगिरस के प्रयास से शम्बर, बल, नमुचि, वृत्र, पाणी जैसे अनार्य भार्गव के पक्ष में खड़े हुए। कश्यप ने सप्तसिंधु और सारस्वत क्षेत्र के राजवंशों के साथ ही सागर देश के राजवंशों को भी भार्गव के पक्ष में खड़ा किया। हैहयों से प्रताड़ित यदुवंशी और हैहयवंशी जिसमे सुबलहैहय और शत्रुघ्न यादव प्रमुख रूप से युद्ध में सम्मिलित हुए। इस महायुद्ध के लिए परशुराम ने ग्रामजनों को भी शस्त्र शिक्षा दी। अत्रि की पत्नी अनुसुइया, अगस्त की पत्नी लोपामुद्रा तथा परशुराम शिष्य के अकृत्वान ने एक विशाल नारी सेना भी तैयार की थी।

जम्बूद्वीप का प्रथम महायुद्ध-भार्गव हैहय महायुद्ध, मानवता का दानवता के विरुद्ध, सभ्यता का बर्बरता के विरुद्ध, नम्रता का अहम के खिलाफ, शिष्टता का अशिष्टता के विरुद्ध युद्ध था। यह ऋषि परंपरा को जीवित रखने के लिए युद्ध हुआ। सहस्रार्जुन का वध करके परशुराम ने समस्त विजित प्रदेश अपने गुरु कश्यप ऋषि को सौंप कर गुरु की आज्ञा से प्रायश्चित कर शूर्पारक प्रदेश चले गए। भृगुकच्छ-भड़ोच से लेकर कन्याकुमारी तक का पश्चिम समुद्र तट का प्रदेश-परशुराम प्रदेश या शूर्पारक नाम से प्रसिद्ध है।

भारतीय कृषि के साथ परशुराम को जोड़ा जाता है। अगस्त, कश्यप ऋषि तथा इंद्र की सहायता से परशुराम ने साढ़े तीन सौ कोस के समुद्री तट को समुद्र से मुक्त कराकर कृषि योग्य बनाया जिसे सप्त कोंकण कहा जाता है। कृषि गीता एक मलयालम ग्रंथ है जिसमें कृषि को लेकर परशुराम और ब्राह्मणों में चर्चा है। इसके मूल लेखक और रचनाकाल का पता तो नहीं चल पाया, पर यह रचना पंद्रह सौ ईसवी की मानी जाती है। परशुराम ने अछूत माने जाने वाले लोगों को शिक्षित किया और उन्हें कृषि कर्म में लगाया। उन्होंने दुराचारी संस्कारहीन ब्राह्मणों का सामाजिक बहिष्कार किया। उनके आश्रम में अध्ययन करने वाले ऋषि ब्राह्मण जो ऋषिकर्म स्वीकार नहीं करते थे, उन्हें परशुराम कृषिकर्म के लिए प्रेरित करते थे। इस महायुद्ध के पश्चात् ही कृषि जीवन जीने वाले भूमिहार ब्राह्मण अस्तित्व में आए जिन्हें त्यागी, महिपाल, गालव, अनाविल, कार्वे, राव, हेगड़े, अयंगर, अय्यर आदि उपनामों से विभूषित किया जाता है। श्रीविद्या के आदि साधकों में परशुराम की गणना की जाती है जिसके आदिदेव भगवान दत्तात्रेय हैं। दक्षिण भारत में एक तांत्रिक संप्रदाय परशुराम के नाम से जाना जाता है जिसके प्रसिद्ध ग्रंथ हैं-परशुराम कल्पसूत्र और परशुराम प्रताप। मालाबार में अभी भी परशुराम शक संवत चालू है। कलरीपायट्टु केरल की एक युद्ध कला है, जो परशुराम से जुड़ी मानी जाती है। परशुराम सतयुग त्रेतायुग के संक्रमण काल के महानायक थे, जिन्होंने ऋषि परंपरा के स्वतंत्रता की रक्षा की अनीति के विरोध में जनमानस को तैयार किया ज्ञानार्जन के लिए भेद को समाप्त किया। परशुराम के महाभारत और रामायण में प्राप्त निर्देश कालविपर्यस्त हैं, अतः अनैतिहासिक हैं। परशुराम रामायण, महाभारत के बहुत पूर्वकालीन थे। इस काल विपर्यन का स्पष्टीकरण चिरंजीवता से उपयुक्त नहीं लगता। परशुराम की ऋषि परंपरा रामायण-महाभारत काल तक रही हो और उस काल के परशुराम को महिमामंडित करने के लिए पूर्व पुरुष का सातत्य बनाए रखा गया हो।

भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार हैं, सातवें-आठवें अवतार राम व कृष्ण हैं जिन पर बहुत काव्य महाकाव्य लिखे गए। परशुराम पर कोई भी महाकाव्य, रामायण, महाभारत की भांति उपलब्ध नहीं है। ऋग्वेद में पांच सूक्त ही विष्णु से संबंधित हैं, जो की ब्राह्मण ग्रंथों के सर्वश्रेष्ठ देवता हो गए। पाणिनि काल में वासुदेव की उपासना की जाती रही। दक्षिण भारत से पनपे वैष्णव संप्रदाय में राम और कृष्ण के भक्तिमार्ग का विकास हुआ। भक्ति मार्ग में विष्णु के अवतार परशुराम स्थान नहीं प्राप्त कर सके। लोकजीवन में परशुराम का महत्व और चर्चा विष्णु के राम व कृष्ण के अवतार रूप से कम नहीं है। वे ऋषि परंपरा से समाज और राज्य की व्यवस्था को स्थापित करने वाले जननायक हैं।

## प्रसंगवश

# लोकतंत्र का वीरगाथा काल

पुराने समय में जब राजा लोग युद्ध के लिए निकलते थे तो तमाम तरह के ताम-झाम के साथ निकलते थे। मेरा मतलब प्रयाण करते थे। रानियां बख्तरबंद पहनाती थीं। पंडित मंत्रोच्चार करते थे। चापलूस और भाट उनकी तारीफ के किस्से चिल्लाते हुए गाते थे। अपने-अपने राजाओं को सूर्य के समान तेजस्वी, सागर के समान विशाल हृदय वाला, चंद्रमा के समान शीतल टाइप बताते थे, जो भाट जित्ती कुशलता से अपने अन्नदाता की तारीफ कर सके वो उत्ता बड़ा कवि माना जाता था जिसके दरबार में जित्ता बड़ा कवि होता था वो राजा उत्ता शूरवीर कहलाता था। राजाओं की वीरता उनके दरबारी कवियों की काबिलियत पर निर्भर करती थी।

युद्ध में एक राजा हार जाता होगा। मारा जाता होगा। एक राजा के हारने का मतलब एक चापलूस कवि के सूर्य का अस्त हो जाना, एक समुद्र का सूख जाना, एक चंद्रमा पर ग्रहण लग जाना होता था। हारे हुए राजा का कवि अपना पोथी-पत्रा उठाकर प्रतिद्वंद्वी कवि के अंडर में काम करने लगता होगा। कभी जिस राजा का अलग-अलग तरीके से संहार करवाया होगा अपने मरे हुए राजा से अब उसी राजा की वीरता का श्रृंगार करने लगता होगा।



अनूप शुक्ल
कानपुर

आज जमाना आधुनिक हो गया है। युद्ध की जगह चुनाव होने लगे हैं। तलवारों की जगह जबाने चलती हैं। पहले राजाओं के पास अपने खास हथियार होते थे, जिन्हें वे अपनी कड़ी मेहनत और घोर तपस्या से अर्जित करते थे। आज जमाना बहुत आगे जा चुका है। आज के शूरवीरों को अपने लिए हथियार अर्जित करने के लिए मेहनत नहीं करनी पड़ती। एक बहादुर दूसरे की कमियों को अपने हथियार की तरह प्रयोग करता है। एक की नीचता दूसरे की महानता बन जाती है। एक का घपला दूसरे के लिए उपलब्धि बन जाता है। एक का भ्रष्टाचार दूसरे का हथियार। जब एक की कमजोरी दूसरे की ताकत बन जाती है तो काहे के लिए अपनी ताकत के लिए पसीना बहाना। दूसरे की कमियां खोजो, बड़े मियां बन जाओ। पुराने जमाने में राजा लोग जब लड़ते थे तो तलवारें टकराती थीं। चिंगारियां निकलती थीं। खून बहता था। लोग घायल होते थे। अब जमाना आधुनिक हो गया है। भाले, तलवार की जगह घपले, दंगे, भाई-भतीजावाद, वंशवाद के आरोपों से हमले होते हैं। एक के एक घपले का जबाब अगले के पचीस घपले हैं। छोटे दंगे का जवाब बड़ा दंगा है। छोटी नीचता का जवाब बड़ी नीचता है। एक रंगी चिरकुटई के जबाब में अगले की बहुरंगी हरकतें हैं। मामला फुल हाईटेक हो गया है।

चुनाव चल रहा है। प्रचार युद्ध शुरू हो चुका है। प्रचारक अपने-अपने हथियार तेज कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर नए-नए खाते बन रहे हैं। पुरानी खबरों/सूचनाओं को अपने-अपने हिसाब से रंग-रोगन करके दूसरे पक्ष पर हमले शुरू हो गए हैं। अपने यहां संसदीय लोकतंत्र है। प्रधानमंत्री बहुमत पाए दल के लोग चुनते हैं। कौन जीतेगा यह तय नहीं। वोटिंग अभी चल रही है, लेकिन प्रधानमंत्री चुन लिए गए हैं। जिस दल ने नहीं चुने उसका उसके प्रधानमंत्री प्रतिद्वंद्वी दल ने चुन के दे दिया है। ले बे, ये है तेरा प्रधानमंत्री। चल युद्ध शुरू करें।

युद्ध भूमि भी पहले की तरह संकुचित नहीं रही। पूरे देश में पसरा है लड़ाई का मैदान। जहां-जहां वोटर है, वहां -वहां युद्ध का मैदान है। चापलूस और भाट सोशल मीडिया पर मुस्तैद हो गए हैं। टीवी चैनल पर डट गए हैं। अखबार में कलम कस के आ गए हैं। हमले शुरू हो गए हैं। हमले और बचाव का फीता कट गया है। सोशल मीडिया पर तैनात अनगिनत स्वतःस्फूर्त और भाड़े के प्रचारक किसी भी सूचना या बयान को अपने नेता खिलाफ पाते हैं तो वे उस पर टूट पड़ते हैं। सूचना और बयानबाज के चिथड़े-चिथड़े कर डालते हैं। अपने नेता की शान के खिलाफ बोलता हुआ हर व्यक्ति उनके लिए पांडवों के कुत्ते सरीखा है जिसका मुंह वे एकलव्य की तरह अपने बयान बाणों से बंद कर देते हैं।

यहां नेता कैसा भी हो, उसके कसीदे ही काढ़े जाने हैं। दोनों तरफ से अपने नायक की संभावित विजय की गाथाएं भी लिखी जा चुकी हैं। मजे की बात है कि दोनों विजयगाथाओं को लिखने का ठेका एक ही भाट कंपनी को मिला है। एडवांस में लिखी जा रही विजयगाथा का भुगतान भी एडवांस में हो चुका है।

# कितने सेल्फ गोल करेंगे



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

**उधर समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने तो सनातन पर एक और चोट करते हुए कह दिया अयोध्या में बना राम मंदिर बेकार है, इसका नक्शा खराब है। क्या इनको यह नहीं मालूम कि अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था से जुड़ा है। उन सभी भक्तों की भावना कितनी आहत कर दी, वो भी एक वर्ग का वोट पाने के लिए। यह इंडी गठबंधन के नेता सनातन को डेंगू, मलेरिया, एचआईवी, कोरोना कहकर, सनातन समाप्त करने की बात करते हैं या भारत के राज्यों को चमड़ी के रंग से, नैन नक्श से, जातियों में बांटकर ही चुनाव जीतना चाहते हैं।**

एक बार, दो बार, तीन बार, कितनी बार, इंडी गठबंधन के नेता बारंबार सेल्फ गोल मारेंगे तो मोदी को 2024 के लोकतंत्र का सबसे बड़ा मैच का विजेता बनने से कौन रोक सकता है। आप रायता फैलाते रहो और फिर उसे समेटते रहो। आपके सामने जो ऑल राउंडर कप्तान खड़ा है वो हर गूगली, बाउंसर और फुल टॉस को मैदान के बाहर भेजने का एक्सपर्ट है।

हाल ही में राजीव गांधी के सलाहकार रह चुके और वर्तमान में राहुल गांधी के राजनैतिक गुरु सैम पित्रोदा ने भारत राष्ट्र की अस्मिता पर हमला करते हुए देश को नैन नक्श और चमड़ी के रंग से ही बांटने का कुत्सित प्रयास कर दिया। उन्होंने एक वक्तव्य में कहा कि इंडिया में उत्तर पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में अफ्रीकन जैसे दिखते हैं, पश्चिम में अरब जैसे और उत्तर में गोरे होते हैं। क्या इन्हें नहीं पता कि भारत विविधताओं से भरा हुआ एक सुंदर गुलदस्ता है, जहां विभिन्न नैन नक्श, चमड़ी के रंग, भाषा और भौगोलिक परिस्थिति में भारतीय रहते हैं, उन्हें आप किसी भी रूप में बांट नहीं सकते। क्योंकि इन सब में भारत की आत्मा बसती है, भारत के संस्कार और मूल्य बस्ते हैं, इतनी सारी विविधताओं के बावजूद हम सब एक हैं।

एक चुनावी रैली में इस वक्तव्य का मोदी ने जवाब दिया तो पूरी कांग्रेस के नेताओं ने पहले कहा अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस के चेयरमैन पित्रोदा के इस वक्तव्य से कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है। यह उनका व्यक्तिगत विचार है। समझ में नहीं आता सार्वजनिक जीवन में सार्वजनिक मंच से कही गई कोई बात कैसे सुविधानुसार व्यक्तिगत हो जाती है? हैरानी तब हुई जब कांग्रेस ने कोई एक्शन नहीं लिया, क्योंकि वो कांग्रेस में सर्वशक्तिमान के गुरु हैं। एक दिखावा जरूर किया जब पित्रोदा ने स्वतः अपने पद से इस्तीफा देने की नौटंकी की।

ध्यान रहे कांग्रेस ने कोई एक्शन नहीं लिया है। यह वही हैं, जो वही बयान देते हैं, जो इनका शिष्य चाहता है या जो कहना चाहते हैं, वह शिष्य से कहलवा देते हैं। ध्यान रहे जब चुनाव घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जातीय आधार पर जनगणना कर किसी बड़े एक्शन की बात कही तो पित्रोदा ने तब यह कह कर कि मृत्यु के बाद अमेरिका में पचपन प्रतिशत संपत्ति पर सरकारी अधिकार होने का जुमला उछाल कर चुनावी भूकंप ला दिया। लोगों में संशय पैदा हो गया कि यह बात कहीं भारत में न लागू करवा दें। भारत एक राष्ट्र नहीं राज्यों का समूह है, यह विभाजनकारी वक्तव्य भी पित्रोदा द्वारा आयोजित एक समारोह में राहुल ने दिया था।

अभी इस अनर्गल झंझट से निपट ही रहे थे कि लालू ने 7 मई की सुबह चुनाव प्रारंभ होने से पहले यह कहकर कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए मुस्लिम वोट पाने के लिए चुनाव का आख्यान ही बदल दिया और जब शाम को चुनाव संपन्न हो गया तब एक शातिर झूठे की तरह सुबह के बयान से शाम को पलटते हुए कह दिया आरक्षण का आधार सामाजिक होना चाहिए।

उधर समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने तो सनातन पर एक और चोट करते हुए कह दिया अयोध्या में बना राम मंदिर बेकार है, इसका नक्शा खराब है। क्या इनको यह नहीं मालूम कि अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था से जुड़ा है। उन सभी भक्तों की भावना कितनी आहत कर दी, वो भी एक वर्ग का वोट पाने के लिए। यह इंडी गठबंधन के नेता सनातन को डेंगू, मलेरिया, एचआईवी, कोरोना कहकर, सनातन समाप्त करने की बात करते हैं या भारत के राज्यों को चमड़ी के रंग से, नैन नक्श से, जातियों में बांटकर ही चुनाव जीतना चाहते हैं। दुर्भाग्य है हमारे देश में सत्ता प्राप्ति के लिए किसी भी हद तक गिरने वाले नेताओं को राष्ट्र प्रेमी जनता को झेलना पड़ रहा है।

## सोशल फोरम

# जंगल की आग

अकबर-बीरबल संवाद शायद होगा। अकबर ने दरबारियों से पूछा कि सबसे अच्छी धूप कौन सी लगती है? बीरबल ने कहा था कि वो धूप जो लंबी बारिश के बाद होती है। कल पुंगराऊ, नाकुरी और महरगाड़ी की घाटियों में इतनी बारिश तो हो ही गई जिसने जलते जंगल की अग्नि को फिलहाल शांत कर दिया है।

हालांकि इस बारिश से मेरे गांव में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को कुछ नुकसान हुआ है, लेकिन इस नुकसान की तुलना में जंगल में लगी आग को बुझाने में इस बारिश का योगदान अतुलनीय है। जिन मित्रों ने पहाड़ी जीवन जिया है उनको पता है कि अभी डेढ़ माह भयंकर गर्मी पहाड़ में दुबारा जंगलों में गिर गए पत्तों में आग का खतरा पैदा कर देगी, लेकिन जमीन में कुछ नमी इसके प्रभाव को कम कर सकती है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

बांज के जो जंगल कुछ बच गए हैं, नए पत्ते आने से उनमें जीवन आ जाएगा। किसी न्यूज चैनल में देख रहा था कि शासन ने इस ओर ध्यान देना शुरू कर दिया है। सेवानिवृत्त होने के बाद शासन के कार्य पर लिखना छोड़ दिया है, लेकिन इस विपदा को देखते हुए सुझाव देना जरूरी हो गया है कि वन विभाग की जवाबदेही प्रत्येक स्तर पर तय करना जरूरी हो गया है। साथ ही स्थानीय जनता के मन में अपने वनों से जुड़ने का अभियान चलाया जाना भी आवश्यक है।

वन विभाग की मानसिकता स्वयं को अभेद्य होने की हो गई है। शायद उच्च न्यायालय जैसी संस्था कभी इस बात का संज्ञान ले सके और विभाग से पूछ सके कि आग पर नियंत्रण के लिए विभाग ने क्या क्या तैयारी की थी और स्थानीय जनता को सहयोग करने के लिए क्या प्रयास किया था? यह तो सर्वविदित है कि दो-चार कर्मचारी बिना जनसहयोग से स्थिति नहीं सुधार सकते हैं। अपने गांव डौणू में सभी परिवार बांज-बुरांस के जंगल पालने में समर्पित रहते हैं। इसलिए चार किलोमीटर की परिधि में हरियाली सुरक्षित है।

-फेसबुक वॉल से

# कर्मवीर पंडित सुंदर लाल



सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

देश के प्रमुख स्वाधीनता सेनानी, विश्व-शांति आंदोलन के कर्ताधर्ता, 'भारत में अंग्रेजी राज' जैसे गौरव-ग्रंथ के लेखक और इलाहाबाद से छपने वाले 'भविष्य', 'कर्मयोगी' तथा देवनागरी और उर्दू दो लिपियों में छपने वाले 'नया हिन्द' के संपादक कर्मवीर पंडित सुंदर लाल का 9 मई, 1981 को 95 वर्ष की आयु में दिल्ली में निधन हुआ तब उनकी अंतिम यात्रा में विष्णु प्रभाकर, विश्वंभर नाथ पाण्डेय और विश्वनाथ प्रताप सिंह शामिल हुए थे।

विश्व राजनीति के इस पुरोधा को लोगों ने जल्दी ही भुला दिया जिसके ख्रुश्चेव, माओ जैसे लोगों से व्यक्तिगत संबंध थे। गांधी, मोतीलाल नेहरू, मंजर अली सोख्ता, जवाहर लाल नेहरू, महात्मा भगवान दीन, डॉ. ताराचंद, अब्दुल मजीद, ख्वाजा मौलाना सुलेमान नदवी, तेज बहादुर सप्रू जैसे लोगों के साथ मिलकर उन्होंने बहुत काम किया। क्रांतिकारी अमीर चंद बंबवाल, लाला हनुवंत सहाय और पंडित परमानंद उनके गहरे मित्र थे। बाद को विश्वंभर नाथ पाण्डेय ने तो उनके साथ रहकर बहुत काम किया। सांप्रदायिक सद्भाव के लिए उन्होंने जीवन भर काम किया। पंडित जी ने अपना अंतिम समय अपने मित्र इश्तियाक मिर्जा के घर बिताया। शुरुआत में अरविंद से प्रभावित होकर क्रांतिकारी आंदोलन में सक्रियता के बाद वे गांधी और कांग्रेस से जुड़े, लेकिन उनमें उग्र राजनीतिक चेतना बरकरार रही। देश आजाद होने के बाद नेहरू उन्हें मंत्रिमंडल में लेना चाहते थे, लेकिन सुंदर लाल इसके लिए तैयार नहीं हुए। 1951 में नेहरू ने उन्हें चीन की यात्रा पर सद्भावना मिशन का नेता बनाकर भेजा जिसमें उनके साथ मुल्कराज आनंद और आरके करंजिया जैसे लोग थे। वहां वे माओत्से तुंग, चाउ एन लाई, लिउ शाओ चि तथा अन्य चीनी नेताओं से मिले। उन्होंने क्यूबा, वियतनाम, वियना, स्टॉकहोम, कोलंबो, मास्को, लेनिनग्राड, बर्लिन, वार्सा, लंदन की यात्राएं करके देश का गौरव बढ़ाया।

26 सितंबर, 1886 को मुजफ्फरनगर जिले के खतौली कस्बे में जन्मे सुंदर लाल ने अपनी आत्मकथा भी लिखी जिसमें उनके राजनीतिक सफरनामा और विचार पक्ष को बखूबी चीन्हा जा सकता है। मुझे संतोष है कि पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी, विष्णु प्रभाकर, मुल्कराज आनंद, कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर', ओमप्रकाश पालीवाल, शिव वर्मा, मन्मथनाथ गुप्त, बैजनाथ सिंह 'विनोद', भगवानदास केला, जनार्दन भट्ट, हंसराज रहबर, सैयद मुजफ्फर हसन और सत्यभक्त के पास उनकी यादों का जो अकूत खजाना था, उसे मैंने समय रहते सुरक्षित कर लिया।

# हैं तो सभी होमो सेपियेंस ही



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

जो लगता है अक्सर होता नहीं है। होता कुछ है लगता कुछ है। सैम पित्रोदा ने भारतीयों की पहचान को लेकर जो सामान्यीकरण किया वह अनावश्यक था। पहली बात तो आमतौर पर मनुष्य मात्र को लेकर, उसके उद्भव और विकास को लेकर विज्ञान सम्मत जानकारी का अभाव है। ऐसे में मनुष्य की पहचान, उसकी जाति और रहन-सहन आदि मुद्दों पर कैजुअल टिप्पणी से बचना चाहिए। सच तो यह है कि वैज्ञानिक वर्गीकरण में धरती पर कम से कम 45-50 हजार वर्षों से जिस मनुष्य नाम्नी प्राणी का एकछत्र राज्य रहा है, उसका नाम है होमो सैपियेंस यानि प्रबुद्ध मानव।

वैज्ञानिक वर्गीकरण में बस यही एक 'प्रजाति' है, जो धरती के कोने-कोने में अपना अधिपत्य जमाए हुए है। चाहे वह धरती भौगोलिक-राजनीतिक लिहाज से चीन, रूस अमेरिका, इंग्लैंड, भारत की, कहीं की भी हो। सब में आनुवंशिकी के समान धागों-गुणसूत्रों की संख्या 46 ही है। कोई फर्क नहीं है। हां आबो हवा और चमड़ी तथा रंगरूप और अन्य शारीरिक फर्कों के हिसाब से उनकी कई उपजातियां (रेसेज) हैं। यहां जाति यानि कास्ट का अभिप्राय एकदम अलग है, जो सामाजिक मान्यताओं की देन है।

कार्लेटन एस कून नामक वर्गीकरण विज्ञानी द्वारा 1962 में किए गए मानव उपजातियों के वर्गीकरण को आज भी व्यापक स्वीकृति मिली है जिसके अनुसार पूरे विश्व में चार उपजातियां (रेसेज) हैं, मगर हैं सभी मूलतः होमो सैपियेंस। काकैसायड-गोरे रंग वाली यह उपजाति रूस-पश्चिमी एशिया, यूरोपीय भागों और उत्तरी अफ्रीका की है। कहते हैं रामायण की पात्र कैकेयी एक सोवियत रूस के क्षेत्र काकेशस मूल की थीं (वैज्ञानिक पुष्टिकरण वांछित)। मांगोलॉयड-इनका अधिपत्य पूर्वी एशिया और सहारा के दक्षिणी हिस्से में है। यही मंगोल हैं। चीन में इनकी ही प्रमुख आबादी है। निग्रोयड-काले रंगी प्रमुखतः अफ्रीका वासी हैं और सहारा के दक्षिण में भी हैं। आस्ट्रैलॉयड-आस्ट्रेलियाई मूल के सभी लोग इसी मूल के हैं।

हालांकि इस मुख्य विभाजन के दीगर भी गौण संख्या में ख्वायसैनायड- बुशमेन, होटेनाट्स और प्रशांत वंशीय भी हैं। आदिवासी भी हैं। एक तरह से कुल मिला जुलाकर दर्जन भर उपजातियां हैं, मगर सभी होमो सैपियेंस ही हैं। और अब ज्यादातर वैज्ञानिक यही मानते हैं कि आज के मानव का उद्भव अफ्रीका में हुआ और वहीं से कालान्तर में यह प्रजाति विश्व भर में फैलती गई।

इसके बावजूद दुनिया भर में रंग रूप के आधार पर मानव मानव में विभेद, नस्लीय भेदभाव का काला इतिहास रहा है। किसी भी विवेकवान व्यक्ति को ऐसी टिप्पणियों और वक्तव्यों से बचना चाहिए, क्योंकि इनके अनेक साभिप्रायपूर्ण निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। विवादित हो सकते हैं। भारत के किसी भी प्रांत में रहने वाले वाह्य रुप से किन्हीं भी उपजातियों से साम्य रखें, हैं तो सभी होमो सेपियेंस ही।

# पुलिस के बल पर चुनाव जीतना चाहती है भाजपा

## सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव कूदे प्रचार में, बढ़पुरा व महेवा ब्लॉक में एक दिन में तीन सभाएं कीं

संवाददाता उदी, इटावा


जैतपुरा की सभा में शिवपाल सिंह और रामसेवक गंगापुरा का स्वागत करते राजीव यादव।


महेवा की जनसभा में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इटावा लोकसभा सीट पर अब अंतिम चरण के चुनाव प्रचार में सपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल तो पहले से ही इटावा में जनसभाएं और जनसंपर्क करने में जुटे थे। अब सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव भी चुनाव प्रचार में कूद पड़े हैं। इटावा लोकसभा में बढ़पुरा और महेवा ब्लाक में एक ही दिन में तीन जनसभाएं कीं। जहां उन्होंने कहा कि भाजपा अब गुंडई और पुलिस के बल पर चुनाव जीतना चाहती है।

उन्होंने मड़ैया करीलगढ़, जैतपुरा और महेवा में जनसभा में कहा कि इंडिया गठबंधन लोकसभा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे को जिताना है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा षड्यंत्रकारी, झूठ बोलने वाली एवं भ्रष्ट पार्टी है। गुंडई और पुलिस के बल पर झूठी रिपोर्ट लिखाकर व सरकारी लोगों को परेशान किया जा रहा है। यहां तक कि यह कभी नहीं हुआ कि एजेंटों पर झूठा मुकदमा लिखा करके एजेंट व एजेंट के परिवारों को दो दिन पहले से उठाना के काम शुरू कर दिया गया हो। उन्होंने कहा कि 13 मई को चुनाव के दिन हमारे जितने नेता व एजेंट लोग पुलिस को मिलें नहीं। जसवंतनगर का चुनाव भाजपा सरकार ने पुलिस और गुंडई के बल पर कराने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि चंबल नदी का पुल सपा सरकार में स्वीकृत कराया गया था। भाजपा सरकार उसको आज तक नहीं बना पाई। हमारी सरकार में कई पुल बनाए गए थे। वहीं पूर्व मंत्री रामसेवक यादव ने कहा कि भाजपा बाबा साहब के संविधान को पलटना चाहती है। जनसभा में जिलापंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव, लोकसभा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, जिला पंचायत सदस्य दौलतराम बघेल, महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया, लीलावती राजपूत, पूर्वचेयरमैन कुलदीप संटू गुप्ता, टंटी यादव, आशीष राजपूत, ग्राम प्रधान नीरज यादव, विजय यादव, पंडित रतन चौधरी, देवेंद्र भदौरिया, पप्पू यादव के अलावा पार्टी के तमाम नेता मौजूद रहे।

## भाजपा का बस्ता लगाने पर ताना तमंचा

**जसवंतनगर, इटावा।** मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान भाजपा का बस्ता लगाने पर नामजदों ने तमंचा तानकर धमकाया। रात में गांव में जुलूस निकालकर विरोधियों को दहशतजदा किया। पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर लीं है।

थाना में इसी क्षेत्र में गांव नगला केहरी में रहने वाले राजकमल ने इसी गांव के सुनील यादव, बृजेंद्र यादव थाना मैनपुरी में थाना करहल क्षेत्र में गांव धोबई के बृजलाल यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि भाजपा का बस्ता लगाने से नामजदों ने तमंचे से फायर किया लेकिन फायर मिस हो गया। मतदान के बाद रात साढ़े 10 बजे गांव जुलूस निकालकर जान माल की धमकी दी गई, इससे भाजपा समर्थकों में इनकी दहशत व्याप्त हो गई। थाना प्रभारी कपिल दुबे ने बताया कि नामजदों की तलाश की जा रही है।

## सार-संक्षेप


रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर मतदाताओं को किया जागरूक

**भरथना, इटावा।** देश में लोक सभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदान के प्रति अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मां अम्बे पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं से संवाद किया। संस्था प्रबन्धक वीरेन्द्र सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह चौहान, सिद्धान्त सिंह चौहान के निर्देशन में नगर के प्रमुख मार्गों पर मतदाता जागरूकता रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने आओ मिलकर अलख जगायें-शत् प्रतिशत मतदान करायें, हम सबका है आवाहन, सब मिलकर करें मतदान के नारे लगाये। राहगीरों व दुकानदारों से संवाद कर लोगों को लोकतंत्रहित में मतदान दिवस 13 मई पर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अशोक रावत, एचओडी निहारिका तिवारी, सुषमा रावत सहित कई छात्र-छात्राओं की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।



संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल के चैंपियन छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### एथलेटिक्स में छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भरथना, इटावा।** मुख्यालय पर संचालित सुदिति ग्लोबल स्कूल में हुई इंटर स्कूल किड्स चैंपियनशिप में भरथना की शिक्षण संस्था संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अंडर-10 में आर्यन कक्षा 6 और अंडर-12 में शैलेन्द्र कक्षा 7 ने शटल रन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-12 बालिका वर्ग शटल रन में सृष्टि कक्षा 6 ने तृतीय तथा अंडर-10 बालक वर्ग शटल रन में कृष्णा यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-8 बालिका वर्ग रोप स्किपिंग में डेलिसा वीरा सिंह ने प्रथम। अंडर-6 बालक वर्ग में अभिसिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-12 लंबी कूद में शैलेंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के क्रीड़ा शिक्षक पवन यादव और सहयक अध्यापक अश्वनी कुमार मौजूद रहे। संस्था के डायरेक्टर अंकित यादव व प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह ने उन्हें गोल्ड, सिल्वर, कांस्य पदक से सम्मानित किया।


महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण करते चेयरमैन अजय यादव गुल्लू।

### जयंती पर महाराणा प्रताप को किया नमन

**भरथना, इटावा।** नगर के समाजसेवियों ने महाराणा प्रताप की जयंती गुरुवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी। समाजसेवियों ने महाराणा प्रताप के राष्ट्रहित में किये गये अतुलनीय कार्यों का स्मरण किया। भरथना नगर के मोहल्ला महावीर नगर में स्थित मां अम्बे पब्लिक स्कूल में उनके चित्र पर माल्यार्पण, तिलक वन्दन करते हुए केक काटकर उनका जन्मोत्सव मनाया। इस मौके पर भरथना के पालिकाध्यक्ष अजय कुमार गुल्लू यादव, राजेन्द्र चौधरी, वीरेन्द्र सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह चौहान, अनिल कुमार श्रीवास्तव, अंकुर चौहान, महेश यादव, राजेश यादव पण्डा, कृष्ण सिंह सेंगर बलखण्डी, विष्णु भदौरिया, हाकिम सिंह यादव, राजू तोमर उपस्थित रहे।

### वीरांगना इकाई ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती

**इटावा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की वीरांगना इकाई के तत्वावधान में शिवा कालोनी निवासी जया सिंह राजावत के आवास पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। वीरांगना इकाई की युवा प्रदेश अध्यक्ष स्मृति सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप का जीवन समग्र भारतीय समाज के लिए प्रेरणा का श्रोत है। प्रदेश अध्यक्ष स्मृति जादौन, मंडल उपाध्यक्ष अंजना भदौरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष वंदना भदौरिया, मंडल अध्यक्ष सीमा सिंह, पूजा सिंह, निधि सिंह, संध्या भदौरिया, पूनम सिसोदिया, बीना जादौन, रानु सिंह, सीमा राजावत उपस्थित रहे।

### महामंत्री का इस्तीफा, प्रदीप कार्यवाहक महामंत्री बने

**इटावा।** डिस्ट्रिक्ट बार एसो. इटावा के महामंत्री राजेश कुमार यादव ने महामंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया। इस पर डीबीए कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे की अध्यक्षता में हुई। संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार कुशवाहा को नियमानुसार कार्यवाहक महामंत्री के पद पर मनोनीति किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विवेक द्विवेदी ने दी है। उन्होंने बताया कि एक अन्य प्रस्ताव में निर्णय लिया गया कि जिन अधिवक्ताओं का सदस्यता शुल्क चुनाव वर्ष 2024-2025 हेतु 360 रुपए जमा हुए थे, उन सभी अधिवक्ताओं की अतिरिक्त शुल्क 180 रुपये वापस किये जायें। अध्यक्ष ने सभी अधिवक्ताओं से अनुरोध किया कि वे अपने 180 रुपए 14 मई से 25 मई के मध्य 9 बजे से 1 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में वापस ले ले। अरविन्द प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह, रीना यादव, संजय राजपूत, भुवनेश यादव, गुरू प्रसाद द्विवेदी, राजू यादव, अनिल वर्मा, मैराज अली खान, अनिल कष्यप, प्रदीप कुशवाहा, विवेक द्विवेदी, अमित चौरसिया, अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### परशुराम जन्मोत्सव पर विचार गोष्ठी आज

**इकदिल, इटावा।** अक्षय तृतीया पर परशुराम सेवा समिति उप्र के तत्वावधान में श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव पर विचार गोष्ठी का आयोजन 10 मई को प्रात : 10 बजे से मां जगदंबा मंदिर प्रकाश कोल्ड स्टोर फूफई इकदिल में किया जायेगा। यह जानकारी समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट व प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा ने दी है।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**भरथना, इटावा।** एसआई सुरेश चंद्र ने बताया कि क्षेत्र में असफपुर गांव का वारंटी लल्ला यादव को सटीक सूचना पर फोर्स के साथ दविश देकर घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट आदि संगीन धाराओं के तहत अभियोग दर्ज है। जिला न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद अर्से से फरार चल रहा था।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बकेवर, इटावा।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम इंगुर्री निवासी बाबूराम पुत्र सोने लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार दोपहर उसकी पत्नी पड़ोस में ही अपने पुत्र जगदीप के घर गई थी। उसकी 25 वर्षीय पुत्री रीजू घर पर अकेली थी। पुत्री ने घर के अंदर कमरे में छत में लगे लोहे के कुडे में दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। जब पत्नी वापस लौटी तो उसने रीजू को फंदे पर लटकते देखा। परिजनों ने घटना की सूचना लवेदी थानाध्यक्ष सनत कुमार को दी। वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। थानाध्यक्ष सनत कुमार ने बताया कि युवती की शादी कस्वा लखना में पिता ने पक्की कर दी थी। बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणो के चलते युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### मारपीट के मामले में चार दोषियों पर जुर्माना

**इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र के गांव नगला विशुन निवासी अशोक कुमार, शोभारानी, मान सिंह, सुनील कुमार के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। छानबीन के बाद पुलिस ने उन लोगो के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई सिविल जज जूनियर डिवीजन की कोर्ट में हुई। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने चारो को दोषी पाया और उन पर एक एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें आठ दिन का कारावास भोगना पड़ेगा।

## डाकपाल को सरकारी धन के गबन में पांच साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कोर्ट ने 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया
- 26 साल पुराने मामले मे कोर्ट ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीरज कुशवाहा ने धोखाधड़ी व सरकारी पैसे के गबन के एक 26 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी डाकपाल को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे पांच साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन अधिकारी उदय श्याम तिवारी व आशुतोष सिंह ने बताया कि बिठौली थाना क्षेत्र के गांव करियावली निवासी महिपाल सिंह पुत्र राम प्रकाश सिंह करियावली पोस्ट आफिस में डाकपाल के पद पर तैनात था। उसके खिलाफ वर्ष 1998 में सहायक अधीक्षक औरैया सरदार सिंह शर्मा ने धोखाधड़ी व सरकारी धन के गबन की धाराओ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

आरोप था कि क्षेत्र के लोगों के आवर्ती व बचत खातों के खातेदारों ने उसे पैसा जमा करने के लिए दिया था। जिसकी प्रविष्टि उसने पासबुक में बाकायदा कर दी लेकिन उस रकम को डाकघर में जमा नही किया। आरोप सही पाए जाने पर पलिस ने उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। बाद में पुलिस ने महिपाल सिंह का गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने महिपाल सिंह को दोषी पाया और उसे पांच साल की सजा व 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

## कारोबारी के पुत्र ने लगाई फांसी

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** कस्बा के मोहल्ला आजादनगर में रहने वाले एक कपड़ा कारोबारी के 33 वर्षीय पुत्र का शव घर के कमरे में पंखे के पाइप से गमछे से लटका मिला। जानकारी होते ही परिजनों ने उसे फंदे से उतारा और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गृह क्लेश के चलते आत्महत्या करने की बात बताई जा रही है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कस्बा के आजाद नगर में रहने वाले कपड़ा व्यवसायी कृष्णा क्लाथ इंपोरियम के मालिक कृष्ण कुमार गोयल के 33 वर्षीय पुत्र संजय गोयल उर्फ बंटी ने बुधवार रात्रि करीब एक बजे घर के अंदर कमरे लगे पंखे लगाने वाले एक लोहे के पाइप से गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। करीब सवा बजे अचानक पत्नी प्रियंका ने देखा तो अपने ससुर कृष्ण कुमार को जगाया। घर वालों को जानकारी हुई तो घर वाले उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल लेकर भागे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या करने के पीछे गृह क्लेश बताया जा रहा है। संजय उर्फ बंटी का मोबाइल फोन करीब एक सप्ताह पहले कहीं गिर गया था। वह बुधवार को पिता से कुछ पैसे लेकर 53 हजार का नया मोबाइल इटावा से खरीद कर करीब 10 बजे लौटा था और खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला गया। बाद मे वह फंदे पर लटक गया। बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि गृह कलह के चलते फांसी लगाने की बात सामने आ रही है। शिव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


संजय।

### पहली पत्नी से तलाक के बाद की थी दूसरी शादी

युवक की पहली शादी में पत्नी से करीब 9 साल पहले तलाक होने के बाद दूसरी शादी करपिया गांव से प्रियंका के साथ हुई थी, उससे दो बच्चे हैं। संजय पिता के साथ ही कपड़े की दुकान पर ही बैठता था। कपड़ा व्यवसायी के एक पुत्र की 2013 में एक दुघर्टना में मृत्यु हो गयी थी। कपड़ा व्यवसायी कृष्ण कुमार गोयल के एक पुत्र विनय जो आईआईटी कर रहा था। पढ़ाई समाप्त होने पर अंतिम साल में दोस्तों के साथ रीवा मध्य प्रदेश में किसी नदी के झरने में पिकनिक मनाने गया था। जहां नदी में कूदते समय सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गयी थी।

## अधिकारियों ने किया स्ट्रांगरूम व मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**इटावा।** लोकसभा चुनाव में इटावा में होने वाले चतुर्थ चरण के मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस ने कमर कस ली है। डीएम व एसएसपी ने गुरुवार को स्ट्रांग रुम का निरीक्षण किया। उन्होंने कुछ मतदान केंद्रो पर जाकर वहां की व्यवस्थाएं भी देखीं।

गुरुवार को डीएम अवनीश कुमार राय व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने थाना फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित नवीन मंडी ईवीएम स्ट्रांग रूम एवं थाना बकेवर स्थित पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। लोकसभा चुनाव को लेकर कानून व्यवस्था/ सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्रान्तर्गत स्थित नवीन मंडभ् में ईवीएम स्ट्रांग रूम को चेक किया गया एवं संबंधित को निर्वाचन संबंधी निर्देश दिए गए। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के बाद दोनों अधिकारियों ने थाना बकेवर स्थित जनता इंटर कॉलेज एवं जनता डिग्री कॉलेज में पोलिंग बूथ को चेक किया।


भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लेते प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह।

## मतदाता पर्ची और मोदी का पत्र हर घर में पहुंचाएं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री ने कार्यकर्ताओं से किया आह्वान

**अमृत विचार।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में जनता को आर्थिक व सामाजिक रूप से सबल भी किया गया। उन्होंने कहा कि वोटर पर्ची ओर मोदी का पत्र हर घर तक पहुंचाना है।

भाजपा कार्यालय पर बैठक में उन्होंने कहा कि योगी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार में उत्तर प्रदेश दंगा, गुंडागर्दी से मुक्त हुआ है। सपाई और कांग्रेसी पिछड़ों और अनुसूचित वर्ग से आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहते है।

इटावा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, औरैया जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, सदर विधायक सरिता भदौरिया, गुड़िया कठेरिया, औरैया प्रभारी व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह, लोस प्रभारी नीरज चतुर्वेदी, लोस संयोजक रजनीश पांडेय, विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया, गोपाल मोहन शर्मा, श्रीराम मिश्रा, विधानसभा प्रभारी विनोद दुबे, श्रीकांत पाठक, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, रोहित शाक्य उपस्थित रहे।

## वंदेभारत में आग की सूचना से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता इटावा

- 20 मिनट जांच के बाद दिल्ली के लिए रवाना की गई ट्रेन

**अमृत विचार।** बनारस से नई दिल्ली जा रही सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस में आग की सूचना से रेलवे में हड़कंप मच गया। ट्रेन को इटावा जंक्शन पर रोका गया। ट्रेन लगभग 20 मिनट तक खड़ी रही। जांच में आग या धुंआ जैसा कुछ न मिलने पर ट्रेन को रवाना किया गया। इटावा जंक्शन पर ट्रेन सुबह 11:22 पर खड़ी हुई थी और 11:43 बजे आगे के लिए रवाना हो सकी।

गाड़ी संख्या 22415 अप बनारस नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 11: 03 बजे जब इकदिल रेलवे स्टेशन से पास हो रही थी। यहीं पर लूप लाइन पर एक मालगाड़ी खड़ी हुई थी। मालगाड़ी के गार्ड को बंदे भारत ट्रेन में आग जैसा कुछ प्रतीत हुआ तो उसने इकदिल स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दी। इकदिल स्टेशन मास्टर ने तुरंत ओएचई बंद करायी जिससे ट्रेन व अप होम सिग्नल के निकट गेट नंबर 26 सुन्दरपुर फाटक पर खड़ी हो गई। कंट्रोल की सूचना पर ट्रेन को इटावा जंक्शन पर सुबह 11:22 पर रोका गया। ट्रेन के रुकते ही स्टेशन अधीक्षक पीएम मीना, एसएसई टीएक्सआर विपिन कुमार, आरपीएफ के एएसआई मुकेश कुमार पहुंचे। टी एक्सआर स्टाफ ने टेंपरेचर गन सहित अन्य उपकरणों से गार्ड के डिब्बे से दूसरा कोच सी-14 व अन्य कोच चेक किए और ट्रेन को फिट दिया।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

वंदे भारत एक्सप्रेस में धुएं की सूचना के चलते एहतियाद के तौर पर ट्रेन को इटावा जंक्शन पर रोका गया था। टी एक्सआर द्वारा ट्रेन को बारीकी से चेक किया गया लेकिन कुछ भी नहीं मिला।
**-अमित कुमार सिंह,** जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे।

**लोकसभा चुनाव** | भाजपा प्रत्याशी ने कचहरी में अधिवक्ताओं से मिलकर मांगे वोट, शहर में की नुक्कड़ सभा

# अराजकता करने वालों को सबक सिखाए जनता : कठेरिया

कार्यालय संवाददाता, इटावा


नुक्कड़ सभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया।


कचहरी में अधिवक्ताओं से वोट मांगते डॉ. रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इटावा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया का जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। गुरुवार को उन्होंने कचहरी में अधिवक्ताओं से वोट मांगे। बजुर्ग अधिवक्ताओं का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार ने अधिवक्ताओं के हित में कई महत्वपूर्ण काम किए हैं। अधिवक्ता समाज के ऊपर जनता को जागरूक करने का बहुत बड़ा दायित्व है। आज समाज और राष्ट्र हित की खातिर भाजपा का समर्थन करें। गुंडई और बदमाशी करने वालों को आम जनता के बीच बेकनाब करें।

उन्होंने कहा कि अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने इटावा में इतने विकास कार्य करायें है जो पहले कभी नहीं हुए। सपा सरकार के मुखिया भी इटावा से रहे। उनके कार्यकाल में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का बंदरवांट और भ्रष्टाचार हुआ। आज भाजपा की योगी सरकार में कोइ गुंडा बदमाश सड़कों पर फटक नहीं सकता। कोई भी महिला दिन हो या रात आराम से पूरी सुरक्षा और सम्मान के साथ कही भी आ जा सकती है। सपा की सरकार में छात्राओं का कोचिंग जाना मुश्किल होता था। आज छात्राएं बेखौफ कोचिंग जाती हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर सरकार ने युवाओं को कौशलयुक्त शिक्षा का प्रावधान किया है।

कचहरी के बाद उन्होंने धर्मनगर टीबी अस्पताल के पास नुक्कड़ सभा की। सुल्तानपुर में श्रीमदभागवत कथा में शामिल हुए। लक्ष्मण कालोनी में भी जनसभा को संबोधित कर भाजपा सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। उन्होने कहा कि केंद्र में अबकी बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपना अमूल्य मत प्रदान करें। जनता का एक एक मत अमूल्य है।

वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम बाजपेयी, राम कुमार चौधरी, अरविंद दीक्षित, जितेंद्र गौड़, राजकुमार वर्मा, रजत चौधरी, विवेक गुप्ता, अमित तिवारी मानू समेत तमाम भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रारूप सी-1
(समाचार पत्र, टी.वी. में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की याचिका (सिविल) सं0 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता- **डा. राम शंकर कठेरिया**
**1. टीचर्स होम विश्वविद्यालय परिषद रबांदारी, आगरा।**

राजनैतिक दल का नाम- **भारतीय जनता पार्टी**
(**निर्दलीय अभ्यार्थी यहाँ** ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नामः- **लोकसभा सामान्य निर्वाचन**
*निर्वाचन क्षेत्र का नाम - **41 इटावा (अ0जा0)**

**मैं डा. राम शंकर कठेरिया** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पुर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँः-

**(क) लंबित आपराधिक मामले**

| क्र0 सं0 | न्यायालय का नाम | मामले की सं0 एवं तारीख | मामले (लों) की स्थिति | सम्बन्धित अधिनियमो की धारा (ऐं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय आगरा | दण्डवाद सं0-7753/2024 20 मई 2024 रिवीजन में है | लम्बित | 147/353/283 भा0द0सं0 व 174 रेलवे एक्ट व 7 क्रिमिनल लॉ अमेन्डमेन्ट एक्ट 200 व्यक्तियों के साथ राजकीय कार्य में बाधाव रेलवे ट्रैक बाधित करना |
| 2. | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय आगरा | दण्डवाद सं0-7754/2024 20 मई 2024 रिवीजन में है | लम्बित | 147/353/283 भा0द0सं0 व 174 रेलवे एक्ट व 7 क्रिमिनल लॉ अमेन्डमेन्ट एक्ट 200 व्यक्तियों के साथ राजकीय कार्य में बाधाव रेलवे ट्रैक बाधित करना |
| 3. | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय आगरा | दण्डवाद सं0-7755/2024 20 मई 2024 रिवीजन में है | लम्बित | 147/353/283/506 भा0द0सं0 व 174 रेलवे एक्ट व 7 क्रिमिनल लॉ अमेन्डमेन्ट एक्ट 200 व्यक्तियों के साथ राजकीय कार्य में बाधाव रेलवे ट्रैक बाधित करना |

**(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के सम्बन्धमें विवरण**

| क्र0सं0 | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
|---|---|---|---|
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* राज्य सभा के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन-क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# पित्रोदा के पीछे पड़ी भाजपा, बचाव में कांग्रेस

## योगी ने कहा- ऐसे बुद्धिमान लोग कांग्रेस को ही मुबारक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की बर्खास्तगी की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सैम पित्रोदा के विवादित बयान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीखी प्रतिक्रिया के बाद प्रदेश में भी इसकी गूंज है। भाजपा नेता पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस पर हमलावर हो गए हैं।




गुरुवार को भाजपा सरकार और संगठन दोनों के नेतृत्वकर्ताओं ने पित्रोदा को लेकर कांग्रेस की नीयत पर सवाल खड़े किए। वहीं, कांग्रेस इस मसले पर बचाव की मुद्रा में है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने जहां उनके बयान को बकवास करार दिया, वहीं दूसरे नेता भी ऐसे बयानों से पल्ला झाड़ रहे हैं।

### देश से माफी मांगे कांग्रेस : योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इस मुद्दे पर अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि सैम पित्रोदा कांग्रेस के बुद्धिदाता हैं। वे कांग्रेस की बांटो और राज करो की नीति को बयां कर रहे हैं। कांग्रेस ने आजादी के बाद भी जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर देश को बांटने का पाप किया है। सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस सैम पित्रोदा के मुंह से जो बोलवा रही है, उसके लिए उसे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। वे लोग उत्तर भारत, दक्षिण भारत, पूर्वी भारत, पश्चिमी भारत को रंग व चमड़ी के आधार पर बांटने का प्रयास कर रहे हैं। यह देश के प्रति साजिश का पर्दाफाश होने के साथ ही कांग्रेस की बहुत खतरनाक मंशा है।

### इस्तीफा राजनीतिक नाटक मात्र : भूपेंद्र



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भी गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि राहुल गांधी के गुरु और उनके राजनीतिक सलाहकार कहे जाने वाले सैम पित्रोदा जो कि वर्षों से कांग्रेस की ओवरसीज सेल के अध्यक्ष भी रहे हैं, ने 140 करोड़ भारतीयों पर नस्लभेदी और रंगभेदी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा का इस्तीफा एक राजनीतिक नाटक मात्र है। क्या कांग्रेस सैम पित्रोदा को पार्टी से बर्खास्त करने की हिम्मत दिखायेगी? अगर नहीं तो ये इस्तीफा बस डैमेज कंट्रोल के लिए है। चौधरी के मुताबिक, अभी तक राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और सोनिया गांधी ने सैम पित्रोदा के बयान की कड़ी निंदा नहीं की।

### पित्रोदा का बयान बकवास : रॉबर्ट वाड्रा



इस बीच पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने मीडिया को दी प्रतिक्रिया में पित्रोदा के बयान को बकवास करार दिया है। वाड्रा ने कहा, जब आप इस परिवार (गांधी) से जुड़ जाते हैं, तो बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है, आपको कोई भी कदम उठाने से पहले सोचना पड़ता है। सैम पित्रोदा ने जो कहा है, उससे मैं बिल्कुल सहमत नहीं हूं। मिस्टर सैम पित्रोदा ने जो भी कहा है, बकवास ही की है। कोई आदमी जो इतना पढ़ा लिखा है, वो कैसे ऐसा बोल सकता है?

### पित्रोदा औपचारिक प्रवक्ता नहीं : पंखुड़ी

बुधवार को अमेठी पहुंची कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रभारी पंखुड़ी पाठक ने भी कहा था कि सैम पित्रोदा हमारे औपचारिक प्रवक्ता नहीं हैं। उन्होंने जो भी बयान दिया है, उसका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भी एक्स पर लिखा था कि उनके बयानों से पार्टी का कोई संबंध नहीं है।

## एक नजर

### 42 लाख की अफीम के साथ तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. एसटीएफ की बरेली इकाई ने गुरुवार को 42 लाख कीमत की अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गन्ना मिल नेकपुर में हुई है। एसटीएफ उपाधीक्षक अब्दुल कादिर ने बताया कि इनमें विशारतगंज बरेली के रहने वाले रईस अहमद, यहीं के संजय कश्यप और चौपारन हजारीबाग के रहने वाले विकास कुमार शामिल हैं। पूछताछ के दौरान रईस अहमद ने बताया कि वह चौपारन हजारीबाग से रंजीत दांगी से संपर्क कर अफीम मंगवाता है। अच्छे दामों पर बरेली व आस-पास के जनपदों में बिक्री कर देता है, इससे मोटा मुनाफा होता है।

### मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिद्धार्थनगर के थाना चिल्हिया पुलिस एवं क्राइम ब्रांच ने बुधवार की देर रात मुठभेड़ के दौरान 50 हजार के इनामी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर हत्या, गैंगस्टर सहित 36 मुकदमे दर्ज थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नेपाल के पकड़ीहवा के रास्ते ग्राम चेतरा के पास कुख्यात अपराधी रमजान उर्फ बन्नर को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा था। इस दौरान रमजान की तरफ से पुलिस पर फायरिंग की गई। हालांकि इस फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ। कुछ देर बार पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### व्यापारी से लूट का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** 2022 में कौशांबी के ककोडा हाईवे पर व्यापारी से लूट करने के आरोप में वांछित अपराधी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम रखा हुआ था। एएसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि बृजेश यादव जौनपुर के सफराबाद का निवासी है। बृजेश यादव ने पूछताछ में बताया कि व्यापारी से लूट कांड की घटना में उसने अपने साथी संजू डोकरे, रोशन यादव, अरून गुप्ता और अन्य 3-4 व्यक्तियों के साथ मिलकर किया था।

# बहुजन समाज के लिए अंतिम सांस तक लड़ूंगा : आकाश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**पद छिनने के बाद आकाश आनंद ने बसपा प्रमुख के प्रति प्रकट की आस्था**



**अमृत विचार :** नेशनल कॉआर्डिनेटर का पद और उत्तराधिकार गंवाने के 36 घंटे के भीतर गुरुवार सुबह आकाश आनंद ने बसपा प्रमुख मायावती के प्रति परिपक्व शब्दों में पूरी आस्था प्रकट की, साथ ही अपना उद्देश्य भी स्पष्ट किया। आकाश ने अपनी 'एक्स' पोस्ट पर बसपा प्रमुख को संबोधित कर लिखा कि वह उनकी सर्वमान्य नेता हैं। उनका आदेश सिर माथे पर। उन्होंने कहा कि भीम मिशन और अपने समाज के लिए वह अपनी अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे।

पूर्व नेशनल कॉआर्डिनेटर आकाश ने लिखा कि बसपा प्रमुख पूरे बहुजन समाज के लिए एक आदर्श हैं। करोड़ों देशवासी उनको पूजते हैं। उनके संघर्षों की वजह से ही आज बहुजन समाज को एक ऐसी राजनीतिक ताकत मिली है, जिसके बूते बहुजन समाज आज सम्मान से जीना सीख पाया है।

मालूम हो कि बीते मंगलवार रात को मायावती ने आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी बनाने का फैसला वापस लेते हुए नेशनल कॉआर्डिनेटर के पद से भी मुक्त कर दिया था। साथ ही यह कहा था कि पार्टी व आंदोलन के व्यापक हित में पूर्ण परिपक्वता आने तक अभी उन्हें इन दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि आकाश के पिता आनन्द कुमार पार्टी व आंदोलन में सक्रियता निभाते रहेंगे।

# अब्बास अंसारी की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज की

विधि संवाददाता, लखनऊ

**कहा, अभियुक्त मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत प्रथमदृष्टया निर्दोष नहीं**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लांड्रिंग के एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि मनी लांड्रिंग एक्ट के प्रावधानों के तहत कोर्ट प्रथमदृष्टया इस बात से संतुष्ट नहीं है कि अभियुक्त इस मामले में निर्दोष है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने पारित किया है। मामले में आरोप है कि मेसर्स विकास कंस्ट्रक्शन नाम की फर्म मनी लांड्रिंग में सीधे तौर पर शामिल है, उक्त फर्म के द्वारा जमीनों पर कब्जा कर गोदामों का निर्माण कराया गया और उन गोदामों को एफसीआई को किराए पर देकर 15 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की गई। कहा गया है कि उक्त फर्म ने नाबार्ड से सवा दो करोड़ रुपये की सब्सिडी भी प्राप्त कर ली। आरोप है कि उक्त विकास कंस्ट्रक्शन की मेजर शेयर होल्डर अभियुक्त की मां अफशां अंसारी है तथा विकास कंस्ट्रक्शन सीधे तौर पर मेसर्स आगाज से सम्बंधित है जो अभियुक्त के नाना की कंपनी है।

अब्बास अंसारी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि यदि उक्त दोनों फर्म मनी लांड्रिंग में शामिल भी हैं तो भी इनसे अभियुक्त का सीधे कोई सम्बंध नहीं है।




आगरा में ईवीएम स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

# आगरा में रिणवा ने देखा ईवीएम स्ट्रांग रूम

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गुरुवार को आगरा के फिरोजाबाद रोड स्थित नवीन मंडी समिति परिसर में स्थापित ईवीएम स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आगरा (अजा) के प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम स्ट्रांग रूम व वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

रिणवा ने विधान सभावार ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कैमरों और वहां पर तैनात सुरक्षा बलों की जानकारी ली। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और सभी कैमरों की 'लाइव पोजीशन' की जांच की। इसके अलावा उन्होंने जलेसर विधानसभा की ईवीएम के बारे में भी जानकारी प्राप्त की, जिसे सुरक्षित रूप से एटा में जमा कराया गया है।

# गोरखपुर से लारेंस विश्नोई गैंग का सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**हरियाणा व उप्र. एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से मिली सफलता**

**अमृत विचार :** हरियाणा और उप्र. एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से गुरुवार की देर शाम गोरखपुर से लारेंस विश्नोई गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी गोरखपुर के रहने वाले लारेंस गैंग के एक अन्य सदस्य के साथ मिलकर गैंग के लिए मध्य इंदौर से असलहों की सप्लाई करता था।

लारेंस विश्नोई गैंग के सदस्य मनीष कुमार यादव की गिरफ्तारी गोरखपुर के चिलुआताल थाना क्षेत्र से की गई। मनीष यहीं के वार्ड नंबर 43 बरगतवा (रामलीला मैदान के पास) का निवासी भी है। एसटीएफ इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि गोरखपुर के ही आदर्शनगर सिंघड़िया निवासी शशांक पांडेय विगत दिनों अंबाला जेल में बंद था। जेल में ही शशांक पांडेय की मुलाकात विक्की लाला से हुई थी। विक्की लाला लारेंस गैंग का सदस्य है। जेल से छूटने के बाद शशांक पांडेय भी विक्की लाला के माध्यम से लारेंस गैंग का सदस्य बन गया। यह लोग इंदौर मध्य से लारेंस गैंग के लिए असलहों की सप्लाई करने लगे। मनीष कुमार यादव भी गोरखपुर के शशांक पांडेय के माध्यम से विक्की लाला से मिला और तीनों मिलकर लारेंस गैंग को असलहा सप्लाई का काम करते रहे।

# भगवती सिंह और गणेश कुमार को निदेशक का अतिरिक्त प्रभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षा विभाग के दो संयुक्त शिक्षा निदेशकों को निदेशक स्तर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। गुरुवार को विभाग के प्रमुख सचिव डा. एम. के. शन्मुगा सुन्दरम् ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके तहत माध्यमिक शिक्षा के संयुक्त शिक्षा निदेशक भगवती सिंह को निदेशक साक्षरता, वैकल्पिक शिक्षा, उर्दू एवं प्राच्य भाषाएं का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है जबकि बेसिक शिक्षा निदेशालय में संयुक्त शिक्षा निदेशक गणेश कुमार को निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। दोनों शिक्षा अधिकारियों के पास पुराने पद के साथ अतिरिक्त पद का कार्यभार रहेगा।



एनआईए महानिदेशक सदानंद दाते को स्मृति चिन्ह भेंट करते डीजीपी प्रशांत कुमार।

# महानिदेशकों के बीच आतंकवाद रोकने पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुरुवार को पुलिस मुख्यालय पर राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण (एनआईए) नई दिल्ली के महानिदेशक सदानंद दाते ने उप्र. के डीजीपी प्रशांत कुमार से मुलाकात की। इस दौरान दोनों अफसरों में उप्र. पुलिस और एनआईए के बीच बेहतर समन्वय, आतंकवादी विरोधी उपायों एवं उनके संगठनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ साथ अन्वेषण आदि मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

# नेपाल की सिम से वाट्सएप अकाउंट बनाकर जियाउलहक देता रहा जांच एजेंसियों को चकमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**पूछताछ में पाकिस्तानी एजेंट ने कबूला, एटीएस ने 14 तक रिमांड कस्टडी पर लिया**

**अमृत विचार :** पांच दिन पहले एटीएस द्वारा गिरफ्तार किया गया पाकिस्तानी एजेंट जियाउलहक उप्र. में बैठकर पाकिस्तानी कमांडर को सूचनाएं देता था। स्वयं की पहचान छिपाने के लिए वह नेपाल की सिम से वाट्सएप अकाउंट बनाकर जांच एजेंसियों को चकमा देता रहा। यह जानकारी रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में एजेंट जियाउल हक ने दी। एजेंट को 14 मई तक के रिमांड कस्टडी पर लाया गया है।

पूछताछ के दौरान जियाउल हक ने बताया कि पाकिस्तान में बैठे कमांडर को वह जो भी सूचनाएं देता था, उसके एवज में पैसा ट्रांसफर कराता था। पैसा ट्रांसफर साइबर ठगी के द्वारा किया जाता था। पूछताछ में जियाउलहक का इजहारुल के साथ नाम सामने आया है। इजहारुल बिहार की जेल में बंद था। एटीएस सूत्रों के मुताबिक, जियाउल हक सीधे तौर पर पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में था। आईएसआई के पाकिस्तानी कमांडर के कहने पर भारतीय खुफिया जानकारी देने वाले एजेंट्स को पैसे भेजने का काम करता था। इसके लिए कई लोगों को पैसे का लालच देकर उनके खाते खुलवाए। सभी बैंक खातों को वह स्वयं आपरेट करता था। जियाउलहक ने मार्च 2023 में गिरफ्तार किए गए रियाजुद्दीन के खाते में साइबर ठगी के 70 लाख रुपये जमा कराये थे। यह पैसा रियाजुदीन के खाते में मार्च 2022 से अप्रैल 2022 तक जमा हुआ था। इन पैसों को जियाउलहक ने कई खातों में भेजकर भारतीय एजेंट को मुहैया कराता था।

# पुष्टाहार प्लांटों का परीक्षण कर निकाली जाएगी लागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**एमडी ने सभी सीडीओ को दिए परीक्षण कराने के निर्देश**

**अमृत विचार :** 43 जिलों पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित टेक होम राशन यानी टीएचआर प्लांट में पुष्टाहार उत्पादन की लागत निकाली जाएगी। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने संबंधित मुख्य विकास अधिकारियों को परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं।

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अनुबंध पर 43 जिलों में 204 टीएचआर प्लांट करीब दो साल पहले खोले गए थे। इनमें समूह की महिलाएं द्वारा पुष्टाहार बनाया जाता है। इसकी एवज में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग धनराशि देता है। बजट के अभाव में ज्यादातर प्लांट बंद है। इधर, शासन ने प्लांट में पुष्टाहार उत्पादन की लागत मांगी है। इस क्रम में मिशन निदेशक दीपा रंजन ने संबंधित मुख्य विकास अधिकारी को पत्र जारी कर पुष्टाहार उत्पादन में आने वाली लागत का परीक्षण कर रिपोर्ट मांगी है।

### इन जिलों में हैं टीएचआर प्लांट

आगरा, अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बहाइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबांकी, बस्ती, बिजनौर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, इटावा, फतेहपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, झांसी, कन्नौज, लखीमपुर, ललितपुर, लखनऊ, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव व वाराणसी।

### राजनाथ के समर्थन में 13 को होगा व्यापारी सम्मेलन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के सभी व्यापारी संगठन लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समर्थन में खड़े हैं। 13 मई को रक्षा मंत्री के समर्थन में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने गुरुवार को हजरतगंज के हलवासिया कोर्ट स्थित केंद्रीय कार्यालय में व्यापारी सम्मेलन की तैयारी पर आयोजित बैठक में दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में लखनऊ महानगर के सभी व्यापार मंडल एवं संगठन शामिल होंगे।

## वर्ग पहेली-65

**बाएं से दाएं**

1. 1. दल बनाना 2. आपस में कुछ लोगों के साथ मिलकर अलग गुट या दल बनाने की क्रिया या भाव 3. आपसी मतभेद के कारण किसी समुदाय या संस्था के सदस्यों का छोटे-छोटे गुट या दल बनाना।


5. 1. जो उदारवादी न हो, रूढ़िवादी 2. रूढ़िवादी दल से संबद्ध 3. संकीर्ण मानसिकतावाला।

6. 1. जल्दी मचाना, आतुर होना, उतावला हो जाना 2. तन-मन से असंतुलित हो जाना।

8. 1. योग 2. संयोग, मिलाप 3. जोड़ 4. एक प्रकार का गीत जो कन्या और वर दोनों पक्षों में विवाह के समय गाया जाता है।

9. 1. किसी वस्तु को क्रय करने के लिए दिया जाने वाला धन, मूल्य, दाम 2. प्रतिष्ठा, महत्व 3. योग्यता, गुण।

**ऊपर से नीचे**




2. वह दिखावे भर की घुड़की जिसका कोई परिणाम न हो, महज़ डराने भर की धमकी, झूठी धमकी, गीदड़ भभकी।

3. 1. रंगीन द्रव जो किसी सतह पर साज-सज्जा या सुरक्षा हेतु लगाया जाता है 2. चित्र बनाने में प्रयुक्त होने वाले रंगीन द्रव, रोगन।

4. सुंदर अवसर, अच्छा मौका, कार्य-साधन हेतु अनुकूल और उपयुक्त परिस्थितियां।

7. जो नष्ट हो चुका हो या किया जा चुका हो, नष्ट।

### वर्ग पहेली -64 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | | | 2 अ | 3 गु | रु | |
| हू | | 4 वि | भे | द | | 5 या |
| र | | | द | | | द |
| | | | मू | | | आ |
| 6 अ | वि | च | ल | 7 ता | | व |
| ब | | | 8 क | र | ता | री |
| री | | | | | | |

## सुडोकू -144

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 1 | 3 | | |
| 4 | | | | | 2 | | | |
| 6 | | | | | | 1 | | |
| | 8 | | | 5 | | | | |
| | 2 | 6 | | | | | | |
| | 3 | | | 4 | | | | |
| | | 1 | 6 | | | | | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| | | | | | | | 4 | |

### सुडोकू -143 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 11 मई 02 .50 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** – आज आपको यात्रा कम से कम करनी चाहिए। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाकर रखें। आपको जीवन की सच्चाइयों का सामना करना पड़ेगा। कारोबार बढ़ाने के अतिरिक्त प्रयास करने पड़ेंगे। भावनात्मक उतार-चढ़ाव पर नियंत्रण रखें।

**वृष** – आज लोगों पर आपका प्रभाव काफी अच्छा पड़ेगा। आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं। आप अपनी आय बढ़ाने के काफी प्रयास करेंगे। परिवार के छोटों की चिंता रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साहवर्धन करेगा।

**मिथुन** – आज दांपत्य जीवन में कड़वाहट हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपकी तरक्की से जलेंगे। दिखावे के लिए खर्च करने से बचें। आपको तनाव वाली परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करें।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहना वाला है। प्रेमीजन से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे। आप दूसरों की काफी मदद करेंगे। इससे आपकी सामाजिक छवि में वृद्धि होगी। नए कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं।

**सिंह** – आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा है। प्रबंधन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। साहित्य में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। आपको शारीरिक श्रम ज्यादा करना पड़ेगा,किंतु आप एकाग्र होकर अपने कार्यों में लगे रहें।

**कन्या** – आज जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण करें इससे आपको लाभ होगा। नया वाहन खरीद सकते हैं। व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। पुराने लोन को चुकाने में सफलता मिलेगी। अधिकारी वर्ग से मनमुटाव हो सकता है। लोगों की बातों को ज्यादा महत्व न दें।

**तुला** – आज मित्रों की राय लेना न भूलें। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। आपको उधार धन देने से बचना होगा। गलत और अनैतिक कार्यों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। धन के निवेश को लेकर सावधान रहें। मन में असंतोष का भाव रहेगा।

**वृश्चिक** – आज किसी ऐसे व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है जिसका आप काफी इंतजार कर रहे थे। आप अपने मित्रों की काफी सहायता करेंगे। व्यापार में धन लाभ होगा। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। संतान से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।


**धनु** – आज आप चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। अधूरे पड़े कार्य आप शुरू कर सकते हैं। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही अच्छा है। स्वर्ण और महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आपका दिन विशेष उन्नति कारक रहेगा।

**मकर** – आज आपके पाचन तंत्र में गड़बड़ी हो सकती है। शेयर मार्केट के माध्यम से लाभ हो सकता है। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। संतान की पढ़ाई को लेकर चिन्तित हो सकते हैं। आपके भीतर स्नेह और वात्सल्य की भावना रहेगी।

**कुंभ** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को आलोचना झेलनी पड़ेगी। वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। घर के सदस्यों से मनमुटाव हो सकता है। माता की सेहत का विशेष ध्यान रखें। शाम के समय दोस्तों के साथ अच्छा समय व्यतीत कर सकते हैं।

**मीन** – आज व्यापार में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। यात्राओं के लिए दिन शुभ है। आपको पिछले अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। अधिकारी आपके कार्यों से खुश रहेंगे। बिजनेस में गति आ सकती है। प्रतियोगिता और परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 10 .47 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जान से प्यारा – सुबह :10 .47
- लोहा – रात : 07 .02

&pictures
- बत्ती गुल मीटर चालू – सुबह : 08 .06
- खट्टा मीठा – दोपहर : 02 .15

SONY PIX
- एनाकोंडा – सुबह : 10 .15
- एज ऑफ टूमारो – रात : 07 .17

ZEE CINEMA
- बाजी – सुबह : 10 .15
- नाम शबाना – रात : 07 .55

colors CINEPLEX
- दो रास्ते – सुबह : 11 .27
- कुछ कुछ होता है – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 02 .15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस (चोर से)- तुम एक ही दुकान में तीन बार चोरी करने क्यों गए?
चोर-सर चोरी तो मैंने पहली बार में ही अपनी पत्नी के लिए ड्रेस चुराकर कर ली थी,
बाकी दो बार तो मुझे सिर्फ उसे बदलने के लिए जाना पड़ा...

पति- मैं नाश्ता नहीं करुंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी-मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
चार पराठे खाने के बाद
पति- मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी-अजवाइन
सुनते ही पति के होश उड़ गए।

# त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी केंद्रीय मंत्री की हैट्रिक

**जालौन संसदीय सीट**

जामवंत सिंह, जालौन

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड की जालौन- गरौठा- भोगनीपुर संसदीय सीट को हॉट सीट माना जाता है। इसकी वजह है केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा का यहां से मैदान में होना। भानु प्रताप वर्मा जहां जीत की हैट्रिक लगाने के लिए पसीना बहा रहे हैं तो सपा के नारायण दास अहिरवार और बसपा के सुरेश चंद्र उन्हें रोक कर सांसद बनने के लिए उनकी क्षेत्र में गैर मौजूदगी को मुद्दा बना रहे हैं। भाजपा भी यहां मोदी की गारंटी



भानु प्रताप वर्मा।

और लाभार्थीपरक योजनाओं के सहारे जीत सुनिश्चित करने में जुटी है । जल्द ही यहां कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव संयुक्त रूप से रैली को संबोधित कर सकते हैं। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित जालौन संसदीय सीट पर इस बार भानु प्रताप वर्मा



नारायण दास अहिरवार ।

के लिए जीत आसान नहीं दिख रही है। वे कड़े मुकाबले में फंस गए हैं। कालपी, माधौगढ़, भोगनीपुर और गरौठा पांच विधानसभा सीटें इस लोकसभा क्षेत्र में आती हैं। भोगनीपुर सीट कानपुर देहात तो गरौठा सीट झांसी जिले में है। शेष तीनों सीटें जालौन जिले की हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा



सुरेश चंद्र ।

को चार सीटों पर जीत मिली थी। कालपी सीट पर सपा के विनोद चतुर्वेदी ने जीती थी। समाजवादी पार्टी ने इस सीट को जीतने के लिए बसपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री रहे नारायद दास अहिरवार को चुना है। बसपा नेतृत्व से अनबन होने के बाद अहिरवार सपा में चले गए थे और लगातार क्षेत्र में बने हुए थे। मुख्य मुकाबला भी इस सीट पर सपा और भाजपा उम्मीदवार के बीच दिख रहा है। हालांकि बसपा की कोशिश है कि सपा- भाजपा की लड़ाई में उसका उम्मीदवार बाजी मार ले। वैसे इस सीट पर 1999 में बसपा के बृजलाल खाबरी जीत चुके हैं। 2009 में सपा के घनश्याम अनुरागी यहां से सांसद बने थे। खाबरी अब कांग्रेस में हैं और वे प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। इस सीट से वे टिकट के दावेदार भी थे लेकिन गठबंधन की वजह से सीट सपा के हिस्से में गई तो चुनाव लड़ने का उनका सपना टूट गया। हालांकि गठबंधन उम्मीदवार की जीत के लिए लगातार कोशिश कर रहे हैं और क्षेत्र में बने हुए हैं।

### पांचवीं बार सांसद बनने की कोशिश में भानु प्रताप

वैसे तो इस सीट को भाजपा ने 1991 में जीता था। तब पार्टी उम्मीदवार गया प्रसाद कोरी को यहां जीत मिली थी। 1996 के चुनाव में भाजपा ने भानु प्रताप वर्मा को मैदान में उतारा। वे न सिर्फ यहां से जीते बल्कि जब 1998 में चुनाव हुआ तो फिर सांसद बनने में कामयाब रहे। 2014 और 2019 में भी वे सांसद बने अब पांचवीं जीत के साथ ही हैट्रिक मारने की कोशिश कर रहे हैं। राजनीति के मंझे खिलाड़ी भानु प्रताप वर्मा क्षेत्र के रहने वाले उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि व अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को ही अपना हीरो बताने में लगे हैं। लाभार्थियों से संपर्क करने के साथ उनसे दूसरों को भी भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करने का आग्रह भी कर रहे हैं। पीएम मोदी की गारंटी के लाभ भी गिना रहे हैं। विरोधी दल भाजपा संविधान बदलकर आरक्षण खत्म कर देगी यही मतदाताओं को बताने में लगे हैं।

- भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा से गठबंधन के नारायण दास अहिरवार का मुकाबला
- बसपा सुरेश चंद्र इस मुकाबले को त्रिकोणीय संघर्ष में बदले का कर रहे हैं प्रयास




### मतदाताओं ने यहां हर दल को दिया मौका

- इस सीट पर मतदाताओं ने हर दल को जीत का मौका दिया। जनता पार्टी, जनता दल, बसपा, कांग्रेस , सपा और भाजपा के उम्मीदवार यहां से जीत चुके हैं। 1990 के बाद के चुनावों में बीजेपी का दबदबा रहा है। 1991, 1996 और 1998 , 2014, 2019 में भाजपा जीती। इससे पहले 1952,1957 ,1962 ,1967 और 1971 में भी कांग्रेस को यहां जीत मिली। आपात काल के विरोध में यहां के मतदाताओं ने 1977 लोकदल के रामचरण को सांसद चुना था लेकिन 1980 और 1984 में कांग्रेस ने फिर इस सीट पर कब्जा किया। 1989 में जनता दल से मिली हार के बाद कांग्रेस को कभी यहां जीत नहीं मिली।

# 13 सीटों पर 13 मई को चुनौती हैट्रिक और साख की

## अवध, सेंट्रल यूपी और तराई क्षेत्र की सीटों पर मुख्य संघर्ष भाजपा और सपा-कांग्रेस के बीच, बसपा का कई सीटों पर त्रिकोण

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। राज्य के अवध, सेंट्रल यूपी और तराई क्षेत्र में आने वाली इन सीटों पर मुख्य संघर्ष भाजपा और सपा-कांग्रेस के बीच ही नजर आ रहा है। लेकिन बसपा ने प्रत्याशी चयन में जातीय समीकरण की चतुराई से लगभग आधा दर्जन लोकसभा क्षेत्रों में मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा के सामने पिछले लोकसभा चुनाव की तरह सभी 13 सीटों पर कमल खिलाने की चुनौती है, जबकि कन्नौज में सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सामने साख का सवाल है।

भाजपा ने इन 13 में 11 सीटों पर अपने मौजूदा सांसदों को ही चुनाव मैदान में उतार रखा है। केवल कानपुर और बहराइच में प्रत्याशी बदले हैं। इसके पीछे दरअसल एक कारण यह भी है कि भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में इन 13 सीटों में से करीब 10 सीटों पर 12 से 32 प्रतिशत से अधिक मतों से चुनाव जीता था। भाजपा के लिए इस बार संतोष की बात ये है कि उसके साथ इस बार रालोद भी है जो पिछली बार समाजवादी पार्टी के साथ थी। सपा और बसपा के भी अलग-अलग चुनाव लड़ने का फायदा भाजपा को मिलने वाला है। पिछली बार कन्नौज, मिश्रिख और इटावा में ही सपा-बसपा भाजपा को टक्कर दे सकीं थीं। उसमें भी कांटे की टक्कर तो केवल कन्नौज लोकसभा सीट पर ही देखने में आई थी।

### कानपुर में भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर

- ब्राह्मण बाहुल्य मानी जाने वाली कानपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद सत्यदेव पचौरी की जगह रमेश अवस्थी पर दांव लगा रखा है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस से आलोक मिश्रा उनका मुकाबला कर रहे हैं। बसपा से कुलदीप भदौरिया हैं। लेकिन जानकार यहां पहले की ही तरह कांग्रेस और भाजपा में सीधा संघर्ष मान रहे हैं।

### अकबरपुर में भोले और पाल में सीधा मुकाबला

- कानपुर देहात के हिस्से वाली अकबरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले जीत की हैट्रिक लगाने को तैयार हैं। यहां सपा से पूर्व सांसद राजराम पाल उन्हें चुनौती दे रहे हैं। मुकाबले में बसपा के राजेश द्विवेदी भी हैं, लेकिन माना जा रहा है कि इस सीट पर भोले और राजाराम में सीधी टक्कर होने जा रही है।

### कन्नौज में बदला लेने उतरे हैं अखिलेश यादव

- कन्नौज लोकसभा सीट से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव लड़ने का फैसला लेकर माहौल बदल दिया है। भाजपा से यहां उनके मुकाबले में मौजूदा सांसद सुब्रत मैदान में हैं। यहां कहा जा रहा है कि सपा के गढ़ में 2019 में हुई पत्नी डिंपल यादव की हार का बदला लेने के लिए अखिलेश आए हैं। डिंपल भाजपा के सुब्रत पाठक से 12 हजार वोटों से चुनाव हार गई थीं। कन्नौज में 1998 से 2014 तक यादव परिवार का सदस्य ही चुनाव जीतता रहा है। बसपा ने कानपुर निवासी इमरान बिन जफर को उम्मीदवार बनाकर सपा के मुस्लिम वोटों में सेंध लगाने की कोशिश की है।



### मिश्रिख में रावत और राजवंशी में मुकाबला

- कानपुर, हरदोई और सीतापुर जिले में फैली मिश्रिख लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां भाजपा से सांसद डॉ. अशोक रावत फिर मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन में सपा से संगीता राजवंशी उन्हें चुनौती दे रही हैं, जो रिश्ते में सांसद रावत की सलहज लगती हैं। बसपा से पूर्व अधिकारी डॉ. बीआर अहिरवार मैदान में हैं, जो भाजपा-सपा के बीच सिमटते मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। बसपा प्रत्याशी बीआर अहिरवार प्रभागीय वन निदेशक रहे हैं और बामसेफ से जुड़े हैं।

### उन्नाव में साक्षी महाराज की इस बार लगेगी जीत की हैट्रिक?

- उन्नाव लोकसभा सीट पर भाजपा सासंद साक्षी महाराज जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। यहां सपा से चुनाव लड़ रहीं कांग्रेस की पूर्व सासंद अन्नू टंडन उन्हें कई इलाकों में कड़ी चुनौती देती नजर आ रही हैं। बसपा के अशोक पांडेय सजातीय और कॉडर वोट पर मजबूत पकड़ बनाने में जुटे हैं।

### इटावा का गढ़ फतेह करने की फिराक में सपा

- इटावा लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद राम शंकर कठेरिया पर भरोसा जताते हुए जीत की हैट्रिक लगाने का ताना-बाना बुना है। सपा ने यादव लैंड से जुड़ी इस सीट पर जितेंद्र दोहरे को उतारा है। बसपा ने पूर्व सांसद सारिका सिंह पर दांव लगाया है। भाजपा पिछला चुनाव करीब 65 हजार मतों से जीती थी। इस बार फिर यहां भाजपा-सपा में सीधी लड़ाई नजर आ रही है।

### बहराइच में भाजपा और सपा की जवाबी मोर्चेबंदी

- बहराइच लोकसभा सीट पर भाजपा ने तीसरी जीत के लिए इस बार भी नए चेहरे मौजूदा सांसद अक्षयवरलाल गोंड के बेटे अरविंद गोंड को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व विधायक रमेश गौतम को उतारकर चुनौती दी है। बसपा से बृजेश कुमार सोनकर उम्मीदवार हैं। पिछली बार भाजपा यहां सपा से करीब सवा लाख मतों से जीती थी। इस बार भी दोनों दलों में मुकाबला माना जा रहा है।

### हरदोई में फिर 2019 वाला मुकाबला

- हरदोई लोकसभा सीट पर भी पिछले दो चुनाव से भाजपा का कब्जा चला आ रहा है। इस बार पार्टी से मौजूदा सांसद जयप्रकाश रावत एक बार फिर कमल खिलाने उतरे हैं। समाजवादी पार्टी ने भी दोबारा पूर्व सांसद उषा वर्मा को उतार कर यहां मुकाबला कड़ा कर दिया है। बसपा ने यहां भीमराव अंबेडकर को उम्मीदवार बनाया है। पिछली बार जयप्रकाश ने सपा की उषा वर्मा को 1.30 लाख मतों से हरा दिया था। हरदोई सीट पर आज तक बसपा का खाता नहीं खुला है। नरेश अग्रवाल के साथ आने से इस इलाके में भाजपा को मजबूती मिली है।

### खीरी में टेनी की तीसरी जीत रोकने के प्रयास

- किसान आंदोलन के दौरान चर्चा में आयी खीरी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी तीसरी बार जीत हासिल करना चाहते हैं। सपा ने यहां जातीय समीकरण देखकर कुर्मी समाज के उत्कर्ष वर्मा को उतारा है। लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी और अन्य ओबीसी के वोटर छह लाख से ज्यादा हैं। बसपा ने सिख समुदाय से आने वाले युवा अंशय कालरा को उम्मीदवार बनाकर तिकुनिया कांड से नाराज सिखों और दलित बिरादरी के करीब ढाई लाख वोट साधने का दांव खेला है।

### सीतापुर में त्रिकोणीय संघर्ष की तस्वीर

- सीतापुर लोकसभा सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद राजेश वर्मा फिर मैदान में हैं। वह यहां से चार बार सांसद रह चुके हैं। इस बार हैट्रिक लगाने की कोशिश में हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने बसपा के नकुल दुबे पर एक लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। यहां इंडिया गठबंधन से कांग्रेस ने राकेश राठौड़ को उनके मुकाबले में उतारा है। 2019 में कांग्रेस की कैसर जहान ने लगभग एक लाख वोट पाए थे। बसपा ने भाजपा छोड़कर आए महेंद्र यादव को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है।

### शाहजहांपुर में बसपा ने मुकाबला बनाया तिकोना

- शाहजहांपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद अरुण कुमार सागर को मैदान में उतारा है। पिछले चुनाव में अरुण कुमार ने ढाई लाखों से ज्यादा वोटों से बसपा प्रत्याशी पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस तीसरे नंबर पर थी। इस बार इंडिया गठबंधन से सपा ने यहां ज्योत्सना गोंड को मैदान में उतारा है। पार्टी ने पहले राजेश कश्यप को टिकट दिया था। बसपा ने दोदराम वर्मा को उम्मीदवार बनाया है।

### फर्रुखाबाद में क्या सपा दे पाएगी भाजपा को चुनौती

- फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर साल 2014 से भाजपा का कब्जा है। सांसद मुकेश राजपूत इस बार जीत की हैट्रिक के लिए प्रयासरत हैं। इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा ने डॉ. नवल किशोर शाक्य को इतार कर जातीय समीकरण में उन्हें उलझाने का प्रयास किया है। नवल किशोर पहले बसपा में थे और पेशे से कैंसर सर्जन हैं। बसपा के क्रांति पांडे प्यवसायी हैं और भाजपा के लिए यहां परेशानी बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

### धौरहरा में जातीय समीकरणों में उलझ गई लड़ाई

- धौरहरा सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद रेखा वर्मा फिर मैदान में हैं। पिछले 10 साल से सांसद रेखा वर्मा ने बसपा के अरशद इलियास को डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। कांग्रेस के जितिन प्रसाद 1.63 लाख वोट पाकर तीसरे नंबर थे। इस बार सपा ने यहां आनंद भदौरिया पर दांव लगाया है, तो बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए श्याम किशोर अवस्थी को उतारा है।



छोटे लाल खरवार।



रिंकी कोल।



धनेश्वर गौतम।

# भाजपा के बागी पूर्व सांसद पर दांव लगा सकती है सपा

**राबर्ट्सगंज संसदीय सीट**

विनय जयसवाल

**मऊ।** राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का हो सकता है। समाजवादी पार्टी ने इस सीट पर जीत दर्ज करने के लिए बड़ा दांव खेला है। पार्टी यहां से भाजपा के बागी पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार को मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। ऐसे में यहां से भाजपा की सहयोगी अपना दल की उम्मीदवार विधायक रिंकी कोल के लिए चुनाव जीतना मुश्किल होगा। अपना दल ने यहां से वर्तमान सांसद पकौड़ी लाल कोल का टिकट काट कर उनकी नाराजगी के बाद भी बहू रिंकी कोल को मैदान में उतारा है। सांसद पकौड़ी कोल ने जाति विशेष पर टिप्पणी की थी। इसी को उनका टिकट काटे जाने का आधार माना जा रहा है।

2014 की मोदी लहर में भाजपा ने इस लोकसभा सीट से छोटेलाल खरवार को मैदान में उतारा था। छोटे लाल खरवार नेतृत्व की उम्मीदों पर खरे उतरे थे। उन्होंने इस सीट को 1.90 लाख वोटों के अंतर से जीत लिया था। छोटे लाल को उम्मीद थी कि पार्टी उन्हें 2019 में भी टिकट देगी लेकिन उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया था क्योंकि पार्टी ने यह सीट गठबंधन में शामिल अपना दल एस को दे दिया था। तब अपना दल ने सपा से 2009 में सांसद रहे पकौड़ी लाल को मैदान में उतार कर मैदान मार लिया था। इस बार भी छोटे लाल खरवार ने भाजपा नेतृत्व से टिकट मांगा था।

बताते हैं कि वे चाहते थे कि उन्हें अपना दल के सिंबल पर ही मैदान में उतार दे पर ऐसा नहीं हुआ। परिणाम स्वरूप सपा नेतृत्व ने उन्हें अपना लिया। छोटे लाल खरवार का सपा में जाना भाजपा और अपना दल गठबंधन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। सपा यदि इस सीट पर उन्हें मौका देती है तो मुकाबला रोचक हो जाएगा। यहां की दुद्धी विधानसभा क्षेत्र में खरवार जाति निर्णायक होता है। यह विधानसभा, राबर्ट्सगंज संसदीय क्षेत्र में आती है। यहां उप चुनाव भी हो रहा है। इसका असर उप चुनाव में भी दिखेगा। छोटेलाल खरवार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पूर्व सांसद दुद्धी सीट से टिकट मांग रहे थे यहां से भी उनके हाथ निराशा लगी। उधर रिंकी कोल को टिकट दिए जाने से सांसद पकौड़ी लाल कोल भी नेतृत्व से नाराज थे।

वे चाहते थे कि यदि उन्हें टिकट नहीं दिया जा रहा है तो उनके बेटे को दिया जाए पर पार्टी नेतृत्व ने उनकी नाराजगी को अनसुना करके उनकी बहू को टिकट दे दिया। यही वजह थी कि पहले रिंकी ने इन्कार किया और बाद में वह चुनाव लड़ने को राजी हुईं। बसपा ने इस सीट पर धनेश्वर गौतम को उम्मीदवार बनाया है।

वह वर्ष 2017 व 2022 में छानबे विधानसभा क्षेत्र से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। बसपा इस सीट पर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाना चाह रही है। अब देखना यह है कि वह कितना सफल हो पाती है।




- सांसद पकौड़ी कोल की बहू विधायक रिंकी कोल अब अपना दल से मैदान में
- छानबे सीट से विधायक हैं रिंकी, सपा और बसपा उन्हें घेरने में लगी हैं



**अम्मा का हाथ** उत्तर-पूर्वी दिल्ली से भाजपा के प्रत्याशी सांसद मनोज तिवारी ने प्रचार अभियान के दौरान घर-घर जाकर मताओं-बहनों से आशीर्वाद लिया।

# कन्नौज से ही राजीव गांधी ने की थी वयस्क मताधिकार देने की घोषणा

**अतीत के झरोखे से**

अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज

**अमृत विचार।** क्या आपको पता है..कि 18 साल की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदान के अधिकार की घोषणा कन्नौज की धरती से हुई थी? तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने यह घोषणा यहां शीला दीक्षित के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए की थी और फिर इसे अमलीजामा भी पहनाया था। संविधान में संशोधन कर युवाओं को मतदान का हथियार दिया, जिससे देश व प्रदेश की दशा और दिशा ही बदल गई।

राजीव गांधी ने युवा प्रधानमंत्री होने के नाते युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास किया था। 1984 के आम चुनाव में कन्नौज सीट पर कांग्रेस से शीला दीक्षित उम्मीदवार थीं और राजीव गांधी रैली करने आए थे। गुरसहायगंज के पास तेराजाकेट में जनसभा थी। हजारों की संख्या में युवा राजीव को देखने आए थे। यह नजारा देखकर उन्होंने 18 साल उम्र पूरी करने वाले युवाओं को मताधिकार दिलाने की घोषणा कर डाली। उस समय मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष थी। जब राजीव चुनाव लड़कर प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने सबसे पहले संसद के दोनों सदनों में विधेयक पास कराया और 62वें संविधान संशोधन में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदान का अधिकार दिलाया। कांग्रेस के पूर्व विधायक संतोष चतुर्वेदी बताते हैं कि राजीव गांधी ने हमेशा युवा शक्ति को प्रोत्साहन दिया था। कन्नौज की पावन धरती से उन्होंने वयस्क मताधिकार की घोषणा की, जिसे बाद में मूर्त रूप भी दिया था।



**दिखाया दम** नई दिल्ली से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने लक्ष्मी नगर में बाइक रैली निकाल कर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया।



# लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों के लिए जीत का मंत्र दे गये नड्डा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा,प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

- **बोले, नरेन्द्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री**
- **उप्र. की सभी लोस सीटों पर भाजपा व सहयोगी दलों की होगी जीत**

**अमृत विचार:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यहां संगठन की बैठकों में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को करो या मरो का मूलमंत्र देते हुए लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों के लिए जी-जान से जुट जाने को कहा है। गुरुवार को लखनऊ पहुंचे जेपी नड्डा ने चार लोकसभा सीटों के चुनाव प्रबंधन में लगे जिम्मेदार पदाधिकारियों से एक-एक बूथ पर वोट प्रतिशत बढ़ाने को उत्साहित किया। इस दौरान नड्डा ने अपने पर्टीजनों का यह कहते हुए उत्साहवर्धन किया कि उप्र. की सभी लोकसभा सीटों पर हम जीत दर्ज करने जा रहे है। पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

नड्डा ने पार्टी उम्मीदवारों को जिताने के लिए हर घर कुंडी खटखटाने की सलाह दी। वहीं चुनाव प्रचार और जनसंपर्क अभियान की समीक्षा में पन्ना प्रमुखों से भी उम्मीद की कि वह अपने पन्ने के सभी वोटों पर जोर दें। हर मतदाता से कम से कम तीन-चार बार संपर्क हो जाये। इसके साथ ही उन्होंने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को अपने -अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने और पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने जैसे बिन्दुओं पर भी सुझाव दिया।इतना ही नहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अब तक के चुनावी चरणों में पार्टी के प्रदर्शन की जानकारी लेते हुए रायबरेली और अमेठी के भी राजनीतिक माहौल का फीडबैक लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में एक-एक घंटे की दो अलग-अलग बैठकों में शामिल हुए और लोकसभा की चार सीटों की समीक्षा की। इस दौरान बैठक में लखनऊ, मोहनलालगंज, उन्नाव और रायबरेली सीट को लेकर मंथन किया गया।

चौथे चरण का माहौल समझाने के साथ पांचवें चरण के चुनाव जिसमें दो केंद्रीय मंत्रियों की सीट शामिल है, की रणनीति तैयार की गई।

लखनऊ सीट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मोहनलाल गंज सीट पर मंत्री कौशल किशोर को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। नड्डा ने सभी लोकसभा सीटों के प्रभारी और क्लस्टर इंचार्ज से भी अलग-अलग चुनाव पर चर्चा की। इसके साथ ही भाजपा की तरफ से चलाए जा रहे सभी चुनावी अभियानों की समीक्षा भी उन्होंने पदाधिकारियों के साथ की हैं। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## चुनावी चक्कर

**43 साल अमेठी की सेवा की है:**
अमेठी और रायबरेली सीट गांधी परिवार की है। 1983 से गांधी परिवार के साथ और आपकी सेवा मे हूँ। यह बातें अमेठी से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बुधवार को गौरीगंज में कहीं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी अमेठी से चार बार सांसद चुने गए थे। दुर्भाग्यवश 1991 में राजीव गांधी की हत्या हो गई ।इसके बाद राजीव गांधी की खड़ाऊ लेकर कैप्टन सतीश शर्मा अमेठी में चुनाव लड़कर जीते थे। अमेठी से सोनिया गांधी सांसद चुनी गई थी। इसके बाद 2004 में सोनिया गांधी अपनी सियासी विरासत राहुल गांधी को सौंप कर रायबरेली से चुनाव लड़कर सांसद बनी। राहुल गांधी अमेठी से तीन बार 2004,2009 और 2014 में सांसद चुना गया। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि आपके प्रेम और गांधी परिवार के नेतृत्व के साथ आपके हर सुख-दुख में मैं साथ रहा।

## अपनी ढपली अपना राग


अब भाजपा और सपा की नाटकबाजी, जुमलेबाजी या गारंटी काम में आने वाली नहीं। इनकी गारंटी और वादे हकीकत में पूरे नहीं हुए। सब जानते हैं। -मायावती


भारत में मुस्लिम आबादी का बढ़ना लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए घातक, चार बीवी 40 बच्चे भारत में नहीं चलना चाहिए। जो व्यवस्था राष्ट्र हित में हो उसका कड़ाई से अनुपालन होना चाहिए। - साक्षी महराज


मै भी इंडी गठबंधन का हिस्सा था, वहां कोई विजन नहीं है, केवल कनफ्यूजन है। भटक गया था। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने पर यह सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। -जयंत चौधरी


भाजपा और संघ अनुसुचित वर्गों, पिछड़ों और आदिवासियों से नफरत करते हैं। संघ प्रमुख खुले तौर पर कह चुके हैं आरक्षण ख़त्म होना चाहिए। -संजय सिंह

# अपनों को जिताने के लिए भूल गये पुरानी राजनीतिक दुश्मनी

### बाराबंकी से तनुज तो गोंडा से श्रेया को जिताने के लिए जुगलबंदी

### पीएल पुनिया और बेनी प्रसाद के बीच हमेशा होती रही राजनीतिक तकरार

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कहते हैं राजनीति में न कोई किसी का हमेशा का दोस्त होता है और न ही हमेशा का दुश्मन। सब कुछ समय पर निर्भर करता है। चुनाव के लिये हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के इंडिया गठबंधन ने बाराबंकी और गोंडा लोकसभा सीट पर यह कहावत एकदम सच साबित कर दिया है। क्योंकि दोनों ही पार्टी के दो दिग्गज नेता जो कभी एक दूसरे के धुर विरोधी थे, आज चुनावी मजबूरी के चलते उनकी दूसरी पीढ़ी एक मंच पर दिखाई पड़ रही है।

हम बात कर रहे हैं सपा के कद्दावर नेता रहे स्व. बेनी प्रसाद वर्मा यानी बाबूजी और कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद और अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाले पीएल पुनिया की। जब तक बाबूजी जिंदा रहे, उन्होंने बाराबंकी में पीएल पुनिया का पुरजोर विरोध किया। वह खुले मंच से पुनिया पर बाहरी होने का आरोप लगाते थे। वहीं जवाब में पुनिया भी बेनी बाबू पर जवाबी तीर चलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते थे। क्योंकि दोनों की राजनीति की धुरी बाराबंकी से ही जुड़ी थी और वर्चस्व की लड़ाई में दोनों खुद को एकदूसरे से बड़ा साबित करना चाहते थे। लेकिन, पिछले दो लोकसभा चुनाव में भाजपा से मिली करारी हार के बाद दोनों ही दलों को यह लग गया कि अगर वे मिलकर चुनावी मैदान में उतरें, तभी भाजपा का मुकाबला कर सकते हैं। शायद इसी वजह से सपा का गढ़ कही जाने वाली बाराबंकी सीट अखिलेश यादव को जिले के नेताओं की इच्छा के खिलाफ जाकर भी कांग्रेस को देनी पड़ी। तो पीएल पुनिया और पूर्व मंत्री राकेश वर्मा को अपने बच्चों को जीत दिलाने के लिये अपनी पुरानी सियासी दुश्मनी तक भुलानी पड़ी। हालांकि इंडी गठबंधन ने कांग्रेस के तनुज पुनिया को बाराबंकी से तो सपा की श्रेया वर्मा को गोंडा से प्रत्याशी बनाकर एक तीर से दो निशाने भी साधे। गठबंधन ने कुर्मी और अनुसूचित वर्ग के वोट बैंक को अपने पक्ष के होने का भी संदेश दिया है। आज दोनों लोकसभा सीटों का आलम यह है कि कभी एक स्थान पर न दिखने वाले स्व. बेनी प्रसाद वर्मा और डॉ. पीएल की दूसरी पीढ़ी यानी पूर्व मंत्री राकेश वर्मा और तनुज पुनिया बाराबंकी में अक्सर मंच साझा कर रहे हैं। जबकि गोंडा लोकसभा सीट पर खुद डॉ. पीएल पुनिया बेनी बाबू की पोती के लिये जीत का माहौल बना रहे हैं।

### बेनी प्रसाद को लेकर पुनिया का चर्चित बयान


कांग्रेस से वापस सपा में जाने के बाद डॉ. पीएल पुनिया ने कहा था कि बेनी कांग्रेस से नहीं गए, बल्कि गंदगी चली गई। आस्तीन के सांपों का चला जाना ही ठीक है। वह कांग्रेस की जड़ों में मट्ठा डाल रहे थे। उनके जाने से कांग्रेस खिलेगी। बेनी प्रसाद वर्मा का कुर्मियों में कोई प्रभाव नहीं है। कुर्मी समाज किसी के कहने भर से फैसले नहीं लेता। वह अपने पुत्र को कुर्मी बाहुल्य इलाके से भी चुनाव नहीं जिता पाए।

### पीएल पुनिया को लेकर बेनी प्रसाद का चर्चित बयान


जिले में राजनीतिक वर्चस्व को लेकर अक्सर दोनों नेताओं के बीच तनातनी रहती थी। स्व. बेनी प्रसाद वर्मा खुली सभा से कई बार कह चुके थे पीएल पुनिया पंजाब से आए हैं। बाराबंकी में बाहरियों का कोई काम नहीं। उनका बाराबंकी से कोई लेना-देना नहीं। यहां के सब लोग हमारे साथ हैं। बेनी बाबू के इन बयानों के बाद जिले से लेकर दिल्ली तक की राजनीति भी कई बार गर्माती देखी गई थी।


बाराबंकी के सिद्धौर में तनुज पुनिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते राकेश वर्मा।


गोंडा में श्रेया वर्मा के पक्ष में बैठक करते पीएल पुनिया और राकेश वर्मा। अमृत विचार

दरअसल स्व. बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य होने के साथ ही उत्तर प्रदेश में कुर्मियों के बड़े नेता माने जाते थे। एक समय बाराबंकी में उन्होंने एकक्षत्र राज किया। जातियों में उलझी प्रदेश की राजनीति में किसी दूसरी पार्टी के पास कुर्मी लीडर के तौर पर वर्मा की काट नहीं थी। बाराबंकी से लेकर बहराइच और लखीमपुर तक के कुर्मी वोटों पर उनकी मजबूत पकड़ थी। ऐसे में बेनी बाबू की पुरानी राजनीतिक जमीं को देखते हुए कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया एक बात बहुत अच्छे से समझते हैं कि पुत्र तनुज पुनिया को बाराबंकी लोकसभा सीट से जीत दिलाने के लिये उन्हें हर हाल में बाकी वोट बैंकों के साथ कुर्मी मतदाताओं को भी साधना ही होगा। इसी वजह से कभी बेनी को कांग्रेस की गंदगी बताने वाले डॉ. पीएल पुनिया आज उनके कसीदे पढ़ रहे हैं।

हाल ही में हुई जनसभाओं में पीएल पुनिया बेनी बाबू को कर्मयोगी और विकास पुरुष बता रहे हैं। पुनिया सपा कार्यकर्ताओं को बाबूजी की फौज का सिपाही बताकर अपने पक्ष में माहौल बनाने में लगे हैं। तो वहीं राकेश वर्मा गोंडा में पीएल पुनिया के सहारे दलित वोट बैंक श्रेया वर्मा के पक्ष में लाने में लगे हैं। इसके अलावा मुस्लिम और यादव वोटबैंक को दोनों ही अपने पक्ष में मानकर रहे हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव के नतीजों में बाराबंकी और गोंडा सीट से भाजपा बाजी मारेगी या इंडी गठबंधन, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन इस चुनाव में स्व. बेनी प्रसाद वर्मा और डॉ पीएल पुनिया की दूसरी पीढ़ी की दोस्ती ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सियासत में जनता भले ही नेताओं को स्थाई दोस्त या दुश्मन माने। लेकिन अपना फायदा दिखते ही वही नेता अपने सारे पुराने गिले शिकवे भूलकर किसी से साथ भी हाथ मिला सकते हैं।

बाराबंकी की सियासत को काफी नजदीक से समझने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर श्रीवास्तव का कहना है कि भारतीय राजनीति उतनी सीधी सपाट नहीं है, जितनी दिखाई पड़ती है। वह जलेबी जैसी गोल और उलझी हुई है। विचारधारा, सामाजिक-न्याय, जनता की सेवा और कट्टर ईमानदारी जैसे जुमले अपनी जगह हैं। लेकिन समय के साथ किसी को दोस्त और किसी को दुश्मन बनाना अच्छे और सफल राजनेता की असली पहचान होती है।

स्व. बेनी बाबू ने अपनी जिंदगी में हमेशा दो कदम आगे की सोची। वहीं पीएल पुनिया का भी बड़ा राजनीतिक अनुभव है। ऐसे में दोनों की दूसरी पीढ़ी के साथ आने को भले ही कोई राजनीतिक मजबूरी कहे, लेकिन शायद दोनों को समय की यही मांग दिख रही होगी।

# 8 वर्षों बाद सोनिया ने जोड़ा था अमेठी से गांधी परिवार का रिश्ता

**1991** में पहली बार अमेठी से गांधी परिवार का टूटा था रिश्ता

**1999** में सोनिया गांधी ने अमेठी से राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी


वर्ष 2001 में अमेठी संसदीय क्षेत्र के परशदेपुर में लोगों के साथ तत्कालीन सांसद सोनिया गांधी। (फाइल फोटो)

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार:** गांधी परिवार के चुनाव ना लड़ने से अमेठी इस समय पूरे देश में चर्चित है, लेकिन इसके पहले भी 33 वर्ष पूर्व राजीव गांधी की मौत के बाद गांधी परिवार ने अमेठी में चुनाव नहीं लड़ा था। उस समय अमेठी से गांधी परिवार के टूटे रिश्ते को जोड़ने के लिए सोनिया गांधी आगे आई थी और उन्होंने 1999 में अपने राजनीतिक सफर की शुरुवात अमेठी से कर के 8 वर्षों बाद गांधी परिवार से अमेठी के रिश्ते को जोड़ा था।

वर्ष 1991 में देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री राजीव गांधी अमेठी से लगातार चौथी बार चुनाव लड़ रहे थे। 20 मई को मतदान हुआ और 21 मई को राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में चुनावी रैली के दौरान आत्मघाती हमले में हत्या कर दी गई। मतगणना में मतों की गिनती हुई तो दिवंगत राजीव गांधी एक लाख 12 हजार 85 मतों से विजयी हुए, लेकिन उनकी मौत से अमेठी में लोकसभा का उपचुनाव कराने की नौबत आ गई। सोनिया गांधी के राजनीति में आने से इंकार करने की वजह से 1977 के बाद पहली बार ऐसा हुआ जब गांधी परिवार से अमेठी में कोई चुनावी मैदान में नहीं उतरा। राजीव गांधी के करीबी कैप्टन सतीश शर्मा चुनाव लड़ें और जीते भी। सतीश शर्मा ने 1996 में भी जीत हासिल की, लेकिन 1998 में भाजपा के संजय सिंह ने सतीश शर्मा को पराजित कर पहली बार कांग्रेस के गढ़ में कमल खिलाने में सफलता हासिल की, जहां कांग्रेस के गढ़ में भाजपा का कब्जा हो गया था।

वहीं गांधी परिवार से भी अमेठी की दूरी काफी बढ़ गई थी। ऐसे में 1999 में सोनिया गांधी अपना राजनीतिक सफर शुरू करने के लिए अमेठी आई। सोनिया गांधी को 4 लाख 18 हजार 960 वोट मिले थे और उन्होंने 3 लाख 12 वोटों से बड़ी जीत हासिल की थी।

### दूसरी बार गांधी परिवार से टूटा रिश्ता

पहली बार राजीव गांधी की मौत के बाद 1991 में अमेठी का गांधी परिवार से रिश्ता टूटा था जो 08 वर्षों बाद सोनिया गांधी के अमेठी आने पर जुड़ा था। अब 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के रायबरेली जाने से दूसरी बार अमेठी का गांधी परिवार से रिश्ता टूटा है। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा गांधी परिवार के काफी करीबी हैं और खुद प्रियंका गांधी उनके समर्थन में चुनाव प्रचार में जुटी हैं।

### बेल्लारी से भी मिली जीत, नहीं छोड़ा अमेठी

सोनिया गांधी ने अमेठी के अलावां कर्नाटक की बेल्लारी सीट से भी लोकसभा का चुनाव लड़ा था। दोनों जगह जीतने के बाद उन्होंने बेल्लारी छोड़ दिया था जिससे 8 वर्षों बाद गांधी परिवार से अमेठी का टूटा रिश्ता फिर जुड़ गया।

# राजनीति की वंशबेलि के भविष्य को भी तय करेगा चुनाव

### जीत-हार के पीछे अयोध्या में लिखी जा रही एक और पटकथा


### एक साथ चल रही सियासत से विरासत की जंग

### फैजाबाद लोकसभा चुनाव में 13 प्रत्याशी हैं मैदान में

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या


लल्लू सिंह


अवधेश प्रसाद


अरविंद सेन

**अमृत विचार:** अयोध्या का लोकसभा चुनाव कई मायनों में अहम है। यह जिले में दशकों से सक्रिय राजनीतिक परिवारों के भविष्य को भी तय करेगा। जीत-हार के पीछे गणित की एक और पटकथा लिखी जा रही है। यह विरासत के साथ भविष्य के सियासत की है। इसके लिए भी यह चुनाव याद किया जाएगा।

वर्तमान की राजनीति में अयोध्या अहम है। यह देश की राजनीति को नई दिशा देने की तैयारी कर रही है। सबसे सशक्त मुद्दों के बीच तैर रही है। नेताओं के भाषण की अंतर्धारा में कहीं न कही अयोध्या चल रही है। जो देश की सियासत को हवा दे रहा है। लेकिन अयोध्या में चुनावी घमासान के पर्दे के पीछे भी राजनीति की एक और पटकथा लिखी जा रही है। यह जीत-हार से अलग है लेकिन प्रत्याशियों की जीत हार से ही इसका गहरा संबंध है। राजनीति के जानकार इस पर मंथन कर रहे हैं। संभावनाएं तलाश रहे हैं।

अयोध्या में कई राजनीतिक परिवारों की वंशबेलि रही है। कुछ समय के साथ पर्दे के पीछे चले गए लेकिन कुछ का प्रकाश और प्रभाव टिमटिमा रहा है। यह चुनाव उसके लिए भी संजीवनी का काम करेगा। विरासत के साथ भावी सियासत इसकी पृष्ठ भूमि में है। भाकपा प्रत्याशी अरविंद सेन इसके पहले उदाहरण हैं। वह चुनाव के जरिए सेन परिवार के विरासत की जंग लड रहे हैं।

सत्तर के दशक से जिले की सियासत में अपना अलग मुकाम रखने वाले स्व. मित्रसेन यादव इसकी जड़ में है। सेन परिवार की तीन पीढियां राजनीति में पहुंच गई। बेटे और बहू के बाद पोता भी सियासत में है। लेकिन पिछला लोकसभा चुनाव लड़कर रनर रहने वाले आनंदसेन का टिकट कटने के बाद इस परिवार की राजनीति पर कुछ समय के लिए कुहासा महसूस किया गया। हालांकि वह अब भी सपा में सक्रिय हैं। लेकिन राजनीति में एक बार धारा से किनारे लगने पर फिर धारा मे वापस आने मे वक्त लगता है। इसे भांपकर ही स्व. मित्रसेन के बड़े बेटे अरविंद सेन अपने परिवार की सियासी विरासत को सहेजने के लिए मैदान में आ डटे। चुनाव में हार हो या जीत लेकिन सेन परिवार सियासत की मुख्य धारा में बना रहेगा।

इंडी गठबंधन और सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद उम्र के जिस पड़ाव पर है। विरासत वहीं से अगली पीढ़ी के लिए हस्तांतरित किए जाने का प्रयास होता है। वह 79 साल के हैं।

सत्तर के दशक से सियासत में है। नौ बार के विधायक और कई बार के मंत्री हैं। वह इस समय स्वयं विधायक हैं लेकिन अगली पीढ़ी को प्रयास के बावजूद राजनीति की मुख्य धारा में नहीं ला पाए हैं। बेटे को जिला पंचायत का चुनाव लड़ाया लेकिन कामयाब नहीं रहे। यह उनके लिए सियासी विरासत को आगे बढ़ाने का बेहतर मौका हो सकता है।


भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह सांसद है। 80 के दशक में विद्यार्थी परिषद से कॅरिअर की शुरुआत की। संघ से गहरा रिश्ता है। साल 1989 से चुनावी शतरंज पर मोहरे चलते आ रहे हैं।

पांच बार के विधायक और दो बार के सांसद है। प्रदेश सरकार में मंत्री रहे। 69 साल के हो गए। जिले में सियासी परिवार के रूप में पहचान है। सियासी विरासत अगली पीढ़ी तक हस्तांतरित होने के लिए अब अनुकूल माहौल चाहिए।




### पिछले दो लोकसभा चुनाव का परिणाम

#### 2019 में किसको मिले कितने मत




#### 2014 में किसको मिले कितने मत




### वोट बैंक में सेंध लगाने के चक्कर में प्रत्याशी

फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में कुल 13 प्रत्याशी है। चुनाव में चार प्रत्याशियों के बीच कदमताल तेज है। यह चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिए रात दिन एक कर रहे है। भाजपा और सपा प्रत्याशी एक दूसरे के वोट बैंक में सेंध लगाने के चक्कर में है। जबकि अन्य दो अपना वोट बैंक सहेजकर टक्कर देने प्रयास में हैं। भाजपा से सांसद लल्लू सिंह पांचवी बार लोकसभा के चुनाव मैदान में है। इंडिया गठंधन व सपा से अवधेश प्रसाद पहली बार इस लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। इसके पहले एक बार वह अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से भी चुनाव लड़ चुके हैं। बहुजन समाज पार्टी से सच्चिदानंद पहली बार लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के आईपीएस रहे अरविंद सेन भी पहली बार लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी है।

### जन बल की अधिक जरूरत

राजनीति के जानकार कहते हैं कि सियासत में विरासत को आगे बढ़ाने के लिए धन बल के साथ ही जन बल ज्यादा जरूरी होता है। दौर बदलने के बाद भी जन बल ज्यादा प्रभावी है। सियासत के लिए राजनीति दलों की निगाह व्यक्ति के व्यक्तित्व के साथ पीछे खड़ी भीड़ पर होती है। चुनाव में प्रत्याशी की जीत-हार के साथ ही मिले वोट उसकी सियासी हैसियत का आंकलन करवाते है। ऐसे में सांसद लल्लू सिंह और विधायक अवधेश प्रसाद के सियासी परिवार की राजनीति का भविष्य उनकी जीत-हार और मिले मतों से जुड़ा है। भविष्य में इसका असर दिखाई पड़ेगा।

## चौथे चरण में प्रमुख उम्मीदवार


हैदराबाद, तेलंगाना : एआई एम आईएम नेता असदुद्दीन औवेसी


सिंकदराबाद, तेलंगाना : जी किशन रेड्डी, राज्य भाजपा अध्यक्ष, केंद्रीय पर्यटन मंत्री


लखीमपुर खीरी, यूपी : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी


कन्नौज, यूपी : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव


बेगुसराय, बिहार : भाजपा नेता गिरिराज सिंह


उजियारपुर, बिहार : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय।


मुंगेर, बिहार : जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह


कडपा, आंध्र प्रदेश
वाईएस शर्मिला


खूंटी, झारखंड
अर्जुन मुंडा


आसनसोल, पश्चिम बंगाल
शत्रुघ्न सिन्हा


बहरामपुर, पश्चिम बंगाल : अधीर रंजन चौधरी और यूसुफ पठान

13 मई को चौथे चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में भी लोकसभा चुनाव खत्म हो जाएगा। चौथे चरण की समाप्ति के साथ देश के 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 379 लोकसभा सीटों पर आम चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। लोकसभा की शेष बची 164 सीटों के लिए बचे हुए तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे। चौथे चरण में सबसे ज्यादा 42 लोकसभा सीटें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश की 13 मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में आठ-आठ के साथ बिहार की पांच और झारखंड व ओडिशा की चार-चार सीटें महत्वपूर्ण हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच इन सीटों पर कड़ा मुकाबला देखा जा रहा है। इनमें सर्वाधिक महत्पूर्ण आंध्र प्रदेश हैं, क्योंकि वहां 25 लोकसभा सीटों के साथ 13 मई को विधान सभा चुनाव के लिए भी वोट डाले जाएंगे।



## आंध्र प्रदेश में 13 मई को लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ, मुश्किल में फंसे नजर आ रहे सीएम जगन मोहन

# सियासत का हर रंग: विरासत, बदला जातीय चक्रव्यूह और परिवारिक जंग

मनोज त्रिपाठी

- टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा और पवन कल्याण की जनसेना के साथ मिलकर सत्ता विरोधी लहर को और तेज कर दिया
- भाजपा एनटी रामाराव की पुत्री डी पुरंदेश्वरी तो कांग्रेस वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला की अगुवाई में लड़ चुनाव रही


**अमृत विचार:** लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव होने के कारण आंध्र प्रदेश में सियासत का हर रंग देखने को मिल रहा है। कहीं विरासत की जंग है, तो कहीं बदले की राजनीति, कहीं पिता-पुत्र आमने-सामने हैं, तो कहीं भाई-बहन एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। इन सबके बीच जातीय समीकरण और लोक लुभावन स्कीमों का तड़का भी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 49.89% वोट प्राप्त करके 25 में से 22 सीटें जीती थीं। टीडीपी को 40.19% वोट मिले थे और वह लोकसभा की तीन सीटें ही जीत सकी थी। कांग्रेस और भाजपा का राज्य में खाता ही नहीं खुला था। विधानसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 49.95% वोट शेयर के साथ 175 सीटों में 151 सीटें जीती थीं। टीडीपी 39.17% वोट पाकर 23 सीटों पर सिमट गई थी। बसपा और वाम दलों के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ी जनसेना पार्टी ने एक सीट जीती थी, उसे 5.53% वोट मिले थे। कांग्रेस को मात्र 1.17% वोट मिले थे और उसका यहां भी खाता नहीं खुल पाया था। आंध्र प्रदेश में इस बार लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में टीडीपी और वाईएसआरसीपी के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। पिछली बार लोकसभा और विधानसभा का चुनाव टीडीपी अकेले लड़ी थी, लेकिन इस बार चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा और पवन कल्याण की जन सेना का साथ हासिल करके वाईएसआरसीपी प्रमुख और मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के सामने सत्ता और साख बचाने की ऐसी घेरेबंदी की है, जिससे बाहर निकलना उनके लिए काफी मुश्किल नजर आ रहा है। नायडू और जगन मोहन के बीच छिड़ी जंग के बीच दोनों राष्ट्रीय दल भाजपा और कांग्रेस राज्य के दिग्गज नेताओं की पुत्रियों के सहारे जमीन तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा एनटी रामाराव की बेटी डी पुरंदेश्वरी और कांग्रेस वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला की अगुवाई में चुनाव लड़ रही है। वाईएस शर्मिला मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की सगी बहन हैं।

### जो विधानसभा जीतेगा, लोकसभा चुनाव में भी उसी का ऊंचा रहेगा झंडा

- आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं। ऐसे में मतदाता भी केंद्र व राज्य के लिए अलग-अलग वोट करते नहीं दिखते हैं। जो पार्टी विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करती है, लोकसभा की ज्यादा सीटें भी वही जीतती है। 2014 के चुनाव में टीडीपी ने अविभाजित आंध्र प्रदेश में 16 लोकसभा सीटें जीती थीं, जबकि वाईएसआरसीपी को नौ सीटें मिली थीं। विधानसभा चुनाव चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी ने जीता था। 2019 के चुनाव में वाईएसआरसीपी ने विधानसभा की 151 सीटों को साथ लोकसभा की 22 सीटें जीत ली थीं।

- **भाजपा के साथ होकर भी मुस्लिम आरक्षण पर टीडीपी की अलग राह :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार अपनी चुनावी रैलियों में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर हमलावर हैं, जबकि आंध्र प्रदेश में भाजपा की सहयोगी एनडीए में शामिल टीडीपी मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर अलग रुख रखती है। टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू भाजपा के प्रचार के खिलाफ वादा कर रहे हैं कि सत्ता में आने पर वह मुस्लिमों को चार फीसदी आरक्षण जारी रखेंगे। हालांकि भाजपा इस पर चुप है।

### चुनावी अभियान में 'सिद्धम' और 'मेमंता सिद्धम' की गूंज


चंद्रबाबू नायडू।


जगन मोहन रेड्डी

- आंध्र प्रदेश में पूरा चुनावी अभियान नायडू के 'सिद्धम' और जगन मोहन के 'मेमंता सिद्धम' के बीच छिड़ा नजर आ रहा है। तेलुगु के सिद्धम शब्द का अर्थ जहां तैयार हैं, तो मेमंता सिद्धम का मतलब हम तैयार हैं है। भाजपा और जनसेना से गठबंधन करने से पहले राज्य में टीडीपी कमजोर दिख रही थी, तब जगन मोहन ने "175 क्यों नहीं" का नारा देकर चुनावी अभियान शुरू किया था। लेकिन टीडीपी, भाजपा और जनसेना का गठबंधन बनते ही हालात तेजी से बदले हैं। ऐसे में जगन ने सत्ता विरोधी लहर भांपते हुए सबसे पहले पार्टी के कमजोर उम्मीदवारों को हटा दिया। एक चौथाई मौजूदा विधायक या तो चुनाव नहीं लड़ रहे हैं या उनकी सीट बदल दी गई है। इसी तरह 22 सांसदों में केवल छह ही दोबारा मैदान में उतरे हैं और पांच साल के काम तथा डायरेक्ट बेनिफिट स्कीमों के सहारे चुनाव मैदान में है।

### तेलुगू सुपरस्टार पवन कल्याण को रोक पाएंगी वाईएसआरसीपी सांसद


पवन कल्याण।


वंगा गीता विश्वनाथ।

- ईस्ट गोदावरी जिले की पिठापुरम विधानसभा सीट से जनसेना पार्टी के मुखिया और तेलुगू के सुपरस्टार पवन कल्याण चुनावी मैदान में हैं। पवन का मुकाबला वाईएसआर कांग्रेस की काकीनाडा से सांसद वंगा गीता विश्वनाथ से है। पवन कल्याण को रोकने के लिए जगन मोहन ने अपनी लोकप्रिय सांसद को यहां से उतारा है। गीता पहली बार पवन कल्याण के बड़े भाई अभिनेता चिरंजीवी की पार्टी प्रजा राज्यम से विधायक बनी थीं। पवन को लेकर युवाओं में खासा जोश है। उनका कहना है कि वे लोग उन्हें पर्दे पर देखकर बड़े हुए हैं, अब अपने बीच पाकर उत्साहित हैं।




**हम ही असली**
थाणे लोकसभा क्षेत्र में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रत्याशी नरेश मास्के के समर्थन में भाजपा विधायक के साथ प्रचार करके खुद को असली शिवसेना बताया।

## नाबालिग बेटे से ईवीएम का बटन दबवाना पड़ा महंगा

**भोपाल।** भोपाल में एक भाजपा नेता पर कथित तौर पर अपने नाबालिग बेटे को सात मई को बैरसिया में एक मतदान केंद्र पर ले जाने और उससे ईवीएम का बटन दबवाना महंगा पड़ गया है। वीडियो वायरल होने पर निर्वाचन आयोग के आदेश पर भाजपा नेता पर मामला दर्ज किया गया है। निर्वाचन विभाग से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक भोपाल के जिलाधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मतदान केंद्र संख्या 71-खितवास के मतदान अधिकारी संदीप सैनी को निलंबित कर दिया है और भाजपा जिला पंचायत सदस्य विजय मेहर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिलाधिकारी ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि मेहर के वीडियो का संज्ञान लेकर जांच शुरू की गई है। यह वीडियो वायरल हो गया है। पीठासीन अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने 'एक्स' पर वीडियो साझा किया और कहा कि यह 'चुनाव प्रक्रिया का मजाक' है।

# तेलंगाना: दलबदल का दलदल


सांसद धर्मपुरी आनंद।


पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव।


मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी।

तेलंगाना की सभी 17 सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। यहां कांग्रेस से विधानसभा चुनाव हारने के बाद केसीआर की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अपना गढ़ बचाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस विधानसभा चुनाव जैसी ही सफलता की उम्मीद लगाए है, जबकि भाजपा नेता अपनी सीटों की संख्या दहाई तक पहुंचाने के लिए धुआंधार प्रचार में जुटे हैं। लेकिन हकीकत यह है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों यहां बीआरएस की कीमत पर दलबदल के सहारे चुनाव मैदान में हैं। राज्य की 14 सीटों पर तीनों प्रमुख पार्टियों का कोई न कोई उम्मीदवार 'दलबदलू' है। 2019 में भाजपा ने चार, कांग्रेस ने तीन, एआईएमआईएम ने एक और बीआरएस ने नौ लोकसभा सीटें जीती थीं, लेकिन बीआरएस के छह सांसद भाजपा और कांग्रेस में जा चुके हैं। भाजपा के तो 17 में 12 प्रत्याशी दूसरे दलों से आए हुए नेता हैं। हालांकि कांग्रेस और बीआरएस भी दलबदल के इस खेल में पीछे नहीं हैं। कांग्रेस के छह और बीआरएस के आठ प्रत्याशी ऐसे हैं जिनका नाता दूसरे दलों से रहा है। कांग्रेस ने बीआरएस से आए सभी छह नेताओं पर दांव लगाया है।

### हैदराबाद में पहली बार ओवैसी को मिल रही कड़ी टक्कर

- भाजपा प्रत्याशी शास्त्रीय नृत्यांगना और उद्यमी डॉ. माधवी लता ने यहां हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को कड़ी टक्कर दे रखी है। मुस्लिम आबादी वाला पुराना शहर ओवैसी का गढ़ है, लेकिन वहां भी माधवी लता जमकर प्रचार कर रही हैं। औवेसी 2004 से अब तक चार बार यहां से जीत चुके हैं। इससे पहले उनके पिता सुल्तान सलाहुद्दीन ओवेसी 1984 से 2004 तक लगातार छह बार हैदराबाद से सांसद चुने गए थे।

### निजामाबाद में भाजपा को फिर जीत की उम्मीद

- भाजपा के फायरब्रांड नेता सांसद धर्मपुरी अरविंद का मुकाबला निजामाबाद लोकसभा सीट पर बीआरएस नेता बाजीरेड्डी गोवर्धन और कांग्रेस के टी. जीवन रेड्डी से हो रहा है। धर्मपुरी ने 2019 में बीआरएस की के कविता को हराया था। इस बार त्रिकोणीय संघर्ष है। विधानसभा चुनावों में भाजपा ने निजामाबाद के सात विधानसभा क्षेत्रों में से दो पर जीत हासिल की थी।

### सिंकदराबाद में भाजपा लगा सकती जीत की हैट्रिक

- सिकंदराबाद सीट पर भाजपा दो बार से जीत रही है। 2014 में बंडारू दत्तात्रेय के बाद 2019 में जी किशन रेड्डी जीते थे। वह तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष और मोदी सरकार में पर्यटन मंत्री हैं। इस बार उनका मुकाबला चार बार के विधायक बीआरएस के टी पद्मा राव से है। कांग्रेस से पूर्व मंत्री और खैरताबाद से विधायक दानम नागेंद्र इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं। नागेंद्र बीआरएस छोड़कर कांग्रेस में आए हैं।
- करीमनगर में भाजपा के पूर्व राज्य प्रमुख और मौजूदा सांसद बंदी संजय कुमार का मुकाबला बीआरएस नेता पूर्व सांसद बी विनोद कुमार से है। कांग्रेस ने यहां वेलिचाला राजेंद्र राव को उतारा है। विस चुनाव में वोट बढ़ने के बाद भी करीम नगर की एक भी सीट भाजपा नहीं जीत सकी थी। 2019 में बंदी संजय कुमार ने बीआरएस के विनोद कुमार को करीब 90,000 वोटों से हराया था। इस बार वह त्रिकोणीय संघर्ष में फंसे नजर आ रहे हैं।

# भाजपा दिल्ली में वरिष्ठ नागरिकों को दे सकती छूट

राजपुरुष

- केंद्रीय स्कूलों व अस्पतालों की संख्या और सुविधा में वृद्धि, सायंकालीन कॉलेज, पार्किंग सुविधा बढ़ाने के साथ महिलाओं को 24 घंटे सहायता हो सकते हैं भाजपा के संकल्प पत्र का हिस्सा
- मतदान का एक पखवाड़ा शेष पर घोषणा के बावजूद आप और कांग्रेस अपने संकल्प पत्र को लेकर गंभीर नहीं, आप उलझी रही केजरीवाल की गिरफ्तारी में, कांग्रेस में नहीं हुई कोई बैठक

**अमृत विचार।** भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने घोषणा करने के बावजूद लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली का अलग से घोषणा पत्र अभी जारी नहीं किया है, जबकि दिल्ली की सातों सीटों पर 25 मई को होने वाले मतदान में एक पखवाड़ा ही बचा है। जानकारी के मुताबिक भाजपा का 50 सूत्रीय संकल्प पत्र लगभग तैयार है, पार्टी अगले दो-तीन दिन में इसे सावर्जनिक करने पर विचार कर रही है।

भाजपा ने घोषणा पत्र में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों और राजधानी पर उनके सकारात्मक प्रभाव की जानकारी देने के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण, सार्वजनिक सुविधाएं, यातायात, अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण, आवारा कुत्तों की आबादी नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके विपरीत घोषणा पत्र के सवाल पर आम आदमी पार्टी जहां चुप्पी साधे है, वहीं कांग्रेस की घोषणा पत्र तैयार करने के लिए बनायी गयी कमेटी अभी बैठक ही नहीं कर पायी है।

भाजपा ने पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी के नेतृत्व में दिल्ली के लिए अलग से संकल्प पत्र तैयार करने के लिए कमेटी बनाकर सुझाव देने के लिए मोबाइल नंबर जारी किया था। जानकारी के अनुसार पार्टी संकल्प पत्र में केंद्र द्वारा संचालित स्कूलों और अस्पतालों की संख्या और सुविधा में वृद्धि, वरिष्ठ नागरिकों के लिए बस, मेट्रो और रेलवे किराये में छूट, सायंकालीन कॉलेज बढ़ाने, पार्किंग सुविधा में वृद्धि, महिलाओं के लिए चौबीस घंटे सहायता केंद्र जैसे डबल इंजन वादों को शामिल कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक घोषणापत्र में महिलाओं, युवाओं, संगठित और असंगठित मजदूरों, स्ट्रीट वेंडर को भी संबोधित करने की कोशिश की जाएगी। ऐसा सीवेज नेटवर्क स्थापित किया जाएगा, जो 30 वर्षों तक टिकाऊ रहेगा। सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक गश्ती बीट पर कम से कम एक महिला पुलिस कांस्टेबल तैनात हो। जरूरतमंद महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी। युवाओं के लिए स्टार्ट-अप के लिए इनक्यूबेशन केंद्र और कौशल विकास केंद्र खोले जाने का वादा भी होगा। अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइनें बिछाना भी घोषणापत्र का हिस्सा हो सकता है। दिल्ली में संपत्ति के स्वामित्व से संबंधित विरासत के मुद्दों को भी हल किया जाएगा चाहे वह शत्रु संपत्ति, फ्रीहोल्ड हो या डीडीए अथवा दिल्ली छावनी से संबंधित हो।

### 'आप' का भाजपा के वादों के जवाब में चुनावी अभियान

उधर, आप नेताओं का पूरा समय अपने नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में धरना-प्रदर्शन करने और इसी बहाने जम समर्थन जुटाने निकल गया है। ऐसे में भाजपा के वादों की झड़ी के जवाब में पार्टी ने अपने चुनावी अभियान की दिशा बदलना तय किया है। पार्टी अब शहर के चार प्रमुख समूहों व्यापारियों, ग्रामीण आबादी, महिलाओं और पूर्वांचल की आबादी पर ध्यान केंद्रित करेगी। पार्टी के अनुसार इन चार सामाजिक वर्गों की दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका है। आप के दिल्ली प्रभारी गोपाल राय के अनुसार पार्टी के चुनावी अभियान का अंतिम चरण 12 मई से शुरू होगा। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लिए केजरीवाल द्वारा किए गए कार्यों को बताया जाएगा। इसकी शुरुआत पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से होगी। आप की महिला संवाद श्रृंखला में पार्टी सीसीटीवी स्थापित करना, मुफ्त बस यात्रा और महिलाओं के लिए 1,000 रुपये प्रति माह का सम्मान जैसी अपनी योजनाओं पर अभियान चलाएगी। दक्षिण दिल्ली में पूर्वांचल समागम अभियान के लिए आप न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि, छठ घाट बनाने और अनधिकृत कॉलोनियों और जेजे क्लस्टर विकसित करने पर जोर देगी। पार्टी का कहना है कि पहले दिल्ली में केवल 80 छठ घाट होते थे, आज दिल्ली सरकार 1,000 से अधिक घाटों पर छठ पूजा की व्यवस्था करती है। उधर, कांग्रेस ने दो माह पहले दिल्ली के लिए अलग से न्याय संकल्प पत्र तैयार करने का ऐलान किया था। इसके लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में कमेटी बनाए जाने की जानकारी दी गई थी। लेकिन पार्टी न्याय संकल्प पत्र जारी करने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 10 मई 2024


## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1100 बोल्ड 1130 डीएमओ 880।

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूंदड़ा | 2350-2500 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5900-6000 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15700-15800 |
| अरहरस्पेशल1 | 13500-13600 |
| चनादाल | 7200-7300 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7100-7150 |
| मसूरदाल | 7300-7350 |
| उड़ददाल | 9000-13000 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 9500-10500 |
| मूँग धोवा | 10000-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-5000 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# उपज को मिला बाजार, मंडियों ने कमाए 1716 करोड़

## देश-प्रदेश में मार्केटिंग और ग्रेडिंग के आधार पर किसानों को उनकी फसल के मिले वाजिब दाम

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- किसानों ने बढ़ाई मंडी की आय 2022-23 में 1513 करोड़ रुपये हुई थी कमाई

**इन वर्षों में ये रही आय**

| | |
|---|---|
| 2018-19 | 1823 करोड़ |
| 2019-20 | 1986 करोड़ |
| 2020-21 | 977 करोड़ |

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की मंडी समितियों ने विपणन यानी मार्केटिंग में सुधार कर किसानों को उपज के सही दाम और बाजार देकर जोड़ा है। किसानों को मंडियों में ई-नाम से उपज की देश-प्रदेश में मार्केटिंग और ग्रेडिंग के आधार पर वाजिब दाम मिलने से बिक्री में फायदा हुआ है।

इससे मंडी के बाहर बिचौलियों और व्यापारियों को औने-पौने दामों पर उपज बेचने की निर्भरता कम हुई है। इसका फायदा किसानों के साथ मंडी समितियों को भी हुआ है। किसानों और व्यापारियों के बीच मंडी में हुए कारोबार से कुल 251 मंडी समिति ने 2023-24 में 1716 करोड़ रुपये कमाये हैं। जबकि वर्ष 2022-23 में 1513 करोड़ रुपये आय प्राप्त हुई थी। इस एक वर्ष में 13 फीसद आय में इजाफा हुआ है। जबकि 2021-22 में 614 करोड़ रुपये आय प्राप्त हुई थी।

**दो साल से घटी थी आमदनी, बाहर शुल्क से हुआ फायदाः** मंडी समिति परिसर के अंदर और बाहर कारोबार पर पहले कुल ढाई फीसद शुल्क व्यापारियों से लेती थी। जो करीब दो साल पहले घटाकर डेढ़ फीसद किया गया। इसमें बाहर कारोबार पर शुल्क माफ किया गया। इससे मंडी के अंदर वाले व्यापारी भी बाहर से कारोबार करने लगे। इसमें काफी घाटा हुआ तो मंडी के बाहर भी डेढ़ फीसद शुल्क लागू किया गया। साथ ही दो साल से बंद सचल दल के चालू होने से शुल्क चोरी पर लगाम लगी और जुर्माना से आय में इजाफा हुआ। इसी तरह सुपर मार्केट का किराया, विशिष्ट मंडी का किराया व प्रीमियम, लाइसेंस शुल्क आदि से आय बढ़ी है।




**व्यवस्थाओं और सख्ती से आया बदलावः** मंडी समितियों में ऑफलाइन व्यवस्था से कारोबार सीमित था और व्यापारियों व बिचौलियों का हस्तक्षेप था। लेकिन, इधर दो वर्षों में ऑनलाइन व्यवस्था से मंडियां हाईटेक हुईं। किसानों की उपज ई-ऑक्सन यानी ऑनलाइन बोली से देश-प्रदेश में खरीदी जाने लगी।

वहीं किसानों को फसलों के दाम भी उपज की गुणवत्ता के आधार पर मिलने लगे। इससे किसान मंडियों के व्यापारियों तक सीमित नहीं रहे बल्कि सीधे बाहरी व्यापारियों से जुड़े। प्रदेश के किसानों को गेट पास, भुगतान, तौल आदि ऑनलाइन जैसी सहूलियत मिली है।

इस संबंध में मुख्यालय मंडी परिषद के उप निदेशक विपणन-प्रशासन चंदन कुमार पटेल ने बताया कि मार्केटिंग में सुधार कर किसानों को बिक्री में सुविधाएं दी हैं। उनकी उपज देश-प्रदेश में बिकने लगी है। दाम भी गुणवत्ता के आधार पर मिलते हैं। इससे किसानों को फायदा हुआ है और मंडी की आय एक वर्ष में कई गुना बढ़ी है। इसके चलते पूरे प्रदेश के सभी किसानों की आय में इजाफा हुआ है।

# बीते वित्त वर्ष में 238 में से 115 गंतव्यों को भारत का निर्यात बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 238 गंतव्यों में से 115 देशों को भारत का निर्यात बढ़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के इन 115 निर्यात गंतव्यों की कुल निर्यात में हिस्सेदारी 46.5 प्रतिशत है। इन देशों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, चीन, ब्रिटेन, सऊदी अरब, सिंगापुर, बांग्लादेश, जर्मनी और इटली शामिल हैं। पिछले वित्त वर्ष में देश का वस्तु निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 437.1 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, सेवा निर्यात बढ़कर 341.1 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2022-23 में यह 325.3 अरब डॉलर था। आंकड़ों से पता चला कि लगातार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर) 2022-23 में उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में देश का कुल निर्यात 778.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 776.4 अरब डॉलर रहा था। इस तरह देश के निर्यात में 0.23 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 84,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800-55,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,450 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,300 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,000 |
| चांदी पक्की | 815 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,550 |
| चांदी आभूषण | 82,600। |

## सोने में 50 रुपये की गिरावट, चांदी 1,500 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में सोने की कीमत 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये लुढ़ककर 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# अभियान से भी कम नहीं हुई यूरिया की खपत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखीमपुर खीरी, कासगंज फर्रुखाबाद व बदायूं में सुधार नहीं
- पीएम प्रणाम से जनवरी में यूरिया की खपत हुई थी कम, फिर बढ़ी

**अमृत विचार :** कन्नौज, फर्रुखाबाद, कासगंज, बिजनौर, सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बदायूं, मुज्जफरनगर व मेरठ में पीएम प्रमोशन ऑफ अल्टरनेट न्यूट्रिएंट्स फॉर एग्रीकल्चर मैनेजमेंट (पीएम प्रणाम) अभियान का कोई असर नहीं दिखा।

इन जिलों में जागरूकता के बाद भी इस वर्ष 1 अप्रैल से पांच मई तक पिछले वर्ष की अपेक्षा 26,828 मीट्रिक टन यूरिया अधिक बिकी है। यदि यह यूरिया खेतों में इस्तेमाल हुई तो किसानों में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम नहीं हुई है। इसमें मिट्टी के साथ पर्यावरण को नुकसान हैं। जबकि अभियान का मकसद नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एनपीके आदि विकल्प का उपयोग कर रसायनिक उर्वरकों की खपत कम करना है। जनवरी में इस अभियान के असर से प्रदेश में यूरिया की खपत कम हुई थी और लक्ष्य से कम जिलों पर बिकी थी। जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलने से बढ़ा नाइट्रोजन, फासफोरस और पोटास (एनपीके) का अनुपात 10 प्रतिशत तक कम हुआ था। जो पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्य की तरह 75 प्रतिशत के आसपास था। संयुक्त निदेशक कृषि (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि किसी तरह की रोक नहीं है। लेकिन, जिन फसलों में जरूरत होती है वहां यूरिया का इस्तेमाल होता है।



**पांच जिलों में नहीं हुआ सुधारः** जनवरी में अभियान से बरेली, मुरादाबाद, चंदौली, अमरोहा, बाहराइच, लखनऊ, वाराणसी, सोनभद्र, प्रयागराज, मिर्जापुर, सीतापुर व उन्नाव में जागरुकता आई थी। इससे जिलों पर लक्ष्य से कम यूरिया बिकी थी। जबकि लखीमपुर खीरी, कासगंज, बदायूं, बुलंदशहर, रामपुर, अलीगढ़, संभल, मैनपुरी, सहारनपुर, मथुरा व फर्रुखाबाद ने लक्ष्य से अधिक यूरिया बेची थी। इनमें लखीमपुर खीरी, कासगंज, सहारनपुर, फर्रुखाबाद व बदायूं में कोई सुधार नहीं हुआ है। जहां 35 दिन के अंतराल में 1000 मीट्रिक टन से अधिक यूरिया बिकी है।

## 16 प्रतिशत घट गया इक्विटी म्यूचुअल फंड में पूंजी प्रवाह

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में अप्रैल में पूंजी प्रवाह मासिक आधार पर 16 प्रतिशत घटकर 18,917 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों के शेयरों से जुड़े कोष (लार्ज कैप फंड) में निवेश प्रवाह कम होने से इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश घटा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यह लगातार 38वां महीना है जब इक्विटी कोष में शुद्ध प्रवाह हुआ है। मासिक आधार पर होने वाली निवेश योजना (एसआईपी) के तहत योगदान 20,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है।

# राष्ट्रीय



कराड में गुरुवार को अक्षय तृतीया उत्सव की पूर्व संध्या पर बाइक रैली के दौरान पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं। • एजेंसी

## वकीलों की शिकायत पर महिला आयोग, दिल्ली सरकार से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 'दुष्कर्म संकट प्रकोष्ठ' में काम करने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त किए गए कई वकीलों की उस याचिका पर बृहस्पतिवार को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय राजधानी सरकार से जवाब तलब किया, जिसमें उनकी अल्पकालिक संविदा नियुक्ति और अपर्याप्त वेतन को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आयोग को और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर उनसे तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा तथा मामले में अगली सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तारीख तय की। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट में दलील दी है कि उच्च अधिकारियों को उनके खिलाफ कोई भी कठोर कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया जाए।

# 2024 का लोकसभा चुनाव राहुल बनाम मोदी

## तेलंगाना में अमित शाह ने कांग्रेस-बीआरएस व एआईएमआईएम को कहा तुष्टीकरण की तिकड़ी

हैदराबाद, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेन्द्र मोदी है और इसमें मुकाबला विकास के लिए वोट और जिहाद के लिए वोट के बीच है। तेलंगाना के भोनगीर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय गारंटी और राहुल गांधी की चीनी गारंटी के बीच हैं। कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को 'तुष्टीकरण की तिकड़ी' बताते हुए शाह ने कहा कि ये दल राम नवमी जुलूस नहीं निकालने देते और संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) का विरोध भी करते हैं।



उन्होंने कहा-ये लोग हैदराबाद मुक्ति दिवस (17 सितंबर) नहीं मनाने देते। ये लोग सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं। शाह ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के अब तक हुए पहले तीन चरणों में भाजपा को करीब 200 सीटों पर जीत मिलेगी और पार्टी को 400 सीट के लक्ष्य को पार कराने में मदद के लिए तेलंगाना को वोट देना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2019 में तेलंगाना की 17 में से चार लोकसभा सीट पर जीत हासिल की थी।

### चुनाव मोदी के हाथों से फिसलता जा रहा है : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे प्रधानमंत्री राहुल गांधी के हाथ से फिसलता जा रहा है और अब वह देश के युवाओं को ध्यान भटकाने के लिये कुछ नया नाटक करने की कोशिश करेंगे। एक वीडियो संदेश में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने युवाओं से प्रधानमंत्री के प्रचार से विचलित न होने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि चार जून को एक बार जब विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस अपनी सरकार बना लेगा तो वह उन्हें 15 अगस्त तक 30 लाख नौकरियां देने का काम शुरू कर देगी। युवाओं को देश की ताकत बताते हुए गांधी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव मोदी के हाथ से फिसल रहा है और वह अब प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा-चुनाव उनके हाथ से निकलता जा रहा है। वह फिसल रहे हैं और वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने अगले चार-पांच दिनों में आपका ध्यान भटकाने और किसी तरह का नाटक करने का फैसला किया है। लेकिन आपका ध्यान नहीं भटकना चाहिए।

## एक नजर

### सुरक्षा बलों ने दो आईईडी को बरामद कर किया निष्क्रिय

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ में गुरुवार को सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने दंतेवाड़ा के थाना अरनपुर क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पुलिस फोर्स को नुकसान पहुँचाने के इरादे से लगाए गए 10-10 किग्रा के दो देशी विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किए हैं। पुलिस बलों ने बहुत ही सजगता से नक्सलियों के इन मंसूबों पर पानी फेर दिया है। सुरक्षा बलों ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बर्रेम और पोटाली जाने वाले रास्ते पर जांच की और वहां से आईईडी बरामद किया। डीआरजी और बस्तर फाईटर दंतेवाड़ा के बल गुरुवार को थाना अरनपुर क्षेत्र में तलाशी अभियान के लिए निकले थे।

### हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने एक अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से छह पिस्तौल और सात मैगजीन बरामद की। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि जालंधर 'काउंटर इंटेलिजेंस' ने इस अभियान को अंजाम दिया। इनकी पहचान रय्या के रहने वाले हरप्रीत सिंह और अमृतसर के राहुल मसीह के रूप में हुई।

# उप्र, मप्र समेत आठ राज्य सरकारों ने दिए बाल विवाह रोकने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- कड़ी निगरानी और रोकथाम सुनिश्चित करने को उठाया कदम

देश की राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मप्र और बिहार समेत आठ राज्य सरकारों ने अधिसूचनाएं जारी कर प्रशासन को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए गांवों और प्रखंडों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उत्तरप्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा की राज्य सरकारों ने अपने राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारियों और ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी कर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

महिला एवं बाल कल्याण विभाग, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय और विभिन्न राज्यों के बाल अधिकार संरक्षण आयोगों ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए अपने गांवों और पंचायतों में अनिवार्य रूप से एक विवाह रजिस्टर रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, कई राज्यों ने अपने प्रशासनिक अधिकारियों को विवाह संपन्न कराने में मुख्य भूमिका निभाने वाले पंडितों, मौलवियों सहित सभी धर्मों के पुरोहितों, शादी में खाना बनाने वालों, शादी के कार्ड छापने वालों के बीच जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं ताकि वे बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसमें किसी भी तरह से भागीदार बनने के कानूनी परिणामों से अवगत हो सकें। इन निर्देशों के अलावा हरियाणा के महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने बाल विवाहों की रोकथाम के उपायों के तौर पर सभी जिलों के जिलाधिकारियों को पढ़ाई बीच में छोड़ देने वाले बच्चों और लंबे समय से स्कूल से नदारद बच्चों की विद्यालयवार सूची बनाने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने बाल विवाहों की रोकथाम में नाकामी पर गांव के मुखिया, पंचों और ग्रामस्तरीय बाल संरक्षण समितियों की जवाबदेही तय करने का फैसला किया है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने पंड़ितों और मौलवियों को विवाह संपन्न कराने से पहले जोड़े की उम्र को सत्यापित करने का भी निर्देश दिया है जबकि राजस्थान के पंचायती राज विभाग ने अक्षय तृतीया पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। जनगणना के 2011 के आंकड़ों के अनुसार देश में प्रतिदिन 4000 बच्चों का विवाह कर दिया जाता है।

# राज्यपाल ने सीसीटीवी फुटेज आम लोगों को दिखाई

कोलकाता, एजेंसी

**पश्चिम बंगाल का छेड़छाड़ मामला**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस पर राजभवन की एक महिला कर्मचारी की ओर से छेड़छाड़ का आरोप लगाये जाने के बाद राज्यपाल ने बृहस्पतिवार को आम लोगों को परिसर की दो मई की सीसीटीवी फुटेज दिखाई।

राजभवन के ग्राउंड फ्लोर पर सेंट्रल मार्बल हॉल में कुछ लोगों को दो मई शाम करीब 5.30 बजे की मुख्य (उत्तरी) गेट पर लगे दो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दिखाई गई। राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी ने गत शुक्रवार को कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि बोस ने राज्यपाल आवास में उसके साथ छेड़छाड़ की थी। बोस ने बुधवार को कहा था कि वह राजनीतिक नेता ममता बनर्जी और उनकी पुलिस को छोड़कर आम लोगों को संबंधित सीसीटीवी फुटेज दिखाएंगे। एक घंटे से अधिक समय की फुटेज में, नीली जींस और टॉप पहने महिला को बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस चौकी की ओर जाते देखा गया जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के सिलसिले में राजभवन परिसर में तैनात थे। मोदी दो मई को राजभवन में रात में ठहरे थे और उन्होंने 3 राजनीतिक रैलियों को संबोधित किया था।

# ऑनलाइन जुआ हारने पर व्यक्ति ने पत्नी व बेटी की हत्या करने के बाद की खुदकुशी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के झारसुगुड़ा में बृहस्पतिवार सुबह एक कार से एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और 12 वर्षीय बेटी के शव बरामद किये गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। झारसुगुड़ा के पुलिस अधीक्षक परमार स्मित परषोत्तमदास ने बताया कि मृतकों की पहचान सुजीत रे, उनकी पत्नी खुशबू और बेटी अर्पिता के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जिले के लखनपुर पुलिस थाना क्षेत्र में बनीपाहदा के पास एक मैदान में खड़ी कार से उनके शव बरामद किए गए, जिन पर गोलियां लगने के घाव हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि ऑनलाइन जुआ में लाखों रुपये हारने के बाद परेशान होकर सुजीत ने पहले अपनी पत्नी तथा बेटी को गोली मारी और फिर खुदकुशी कर ली।

## रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई को लेकर सीपीडब्ल्यूडी के महानिदेशक तलब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उसके आदेशों का उल्लंघन कर दिल्ली के रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के लिए सरकारी अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका पर बृहस्पतिवार को केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के महानिदेशक और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष को तलब किया।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने दोनों अधिकारियों को क्षेत्र में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया और उन्हें तथा वन महानिदेशक और प्रधान मुख्य वन संरक्षक को नोटिस जारी किया।

# खुली जेल स्थापित करना भीड़ कम करने का हो सकता है समाधान

नई दिल्ली, एजेंसी

- कैदियों से संबंधित एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि खुली जेल स्थापित करना जेलों में भीड़भाड़ कम करने का समाधान हो सकता है और इससे कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का भी समाधान हो सकता है। अर्ध-खुली या खुली जेल प्रणाली के तहत दोषियों को दिन के दौरान परिसर के बाहर आजीविका कमाने और शाम को वापस लौटने की अनुमति होती है। इस अवधारणा को दोषियों को समाज में आत्मसात करने और उनके मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए लाया गया था क्योंकि उन्हें बाहर सामान्य जीवन जीने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।




जेलों और कैदियों से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि वह देश भर में खुली जेलों की मौजूदगी का विस्तार करना चाहती है। पीठ ने कहा-जेलों में भीड़भाड़ की समस्या का एक समाधान खुली हवा वाली जेलों/शिविरों की स्थापना करना हो सकता है। उक्त प्रणाली राजस्थान राज्य में कुशलतापूर्वक काम कर रही है। जेल में भीड़भाड़ की समस्या के समाधान के अलावा, यह कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का भी समाधान करती है। इसने स्पष्ट किया कि वह जेलों और जेल सुधारों से संबंधित मुद्दों पर नहीं जाएगी जो पहले से ही कुछ अन्य याचिकाओं में उसकी समन्वय पीठों के समक्ष लंबित हैं।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि उसने खुली जेलों पर सभी राज्यों से प्रतिक्रिया मांगी थी और उनमें से 24 ने जवाब दिया है। इस मामले में न्याय मित्र के रूप में शीर्ष अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने कहा कि दोषियों को इस बारे में सूचित नहीं किया जाता कि उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपीलीय अदालत से संपर्क करने का अधिकार है। पीठ ने कहा कि अगर पूरे देश में एक समान ई-प्रिजन मॉड्यूल हो तो इनमें से कई चीजों को सुलझाया जा सकता है। उसने कहा कि व्यापक जेल प्रबंधन प्रणाली ई-प्रिजन मॉड्यूल के मुद्दे को एक समन्वय पीठ द्वारा निपटाया जा रहा है। पीठ ने कहा-हम इस कार्यवाही में खुली जेलों के मुद्दे पर भी विचार करेंगे।

# संबंध बेहतर तरीके से निभाने में भारत अग्रसर

- तनाव के बीच भारत दौरे पर आए मालदीव के विदेश मंत्री से जयशंकर की दो टूक

नई दिल्ली, एजेंसी



मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर के साथ मौजूद जयशंकर।

तनाव के बीच पहली बार भारत दौरे पर आए मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारतीय समकक्ष डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा, हमें विभिन्न क्षेत्रों में अपने दृष्टिकोणों के आदान-प्रदान को मजबूत करने में सक्षम बनाया।

मूसा से मुखातिब विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, निकटतम पड़ोसियों के रूप में, हमारे संबंधों का विकास स्पष्ट रूप से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। उन्होंने कहा, भारत का सवाल है मालदीव के साथ रिश्ते हमारी पड़ोसी प्रथम नीति और सागर (सागर) दृष्टिकोण पर आधारित है। जयशंकर ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आज की हमारी बैठक सफल होगी। बता दें कि हिंद महासागर में आपसी समुद्री सहयोग के लिए भारत सागर की नीति पर चलता है। इसका मतलब सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन (सागर) है। विदेश मंत्री मूसा का भारत दौरा इस मायने में भी अहम है क्योंकि पिछले कुछ महीने से भारत और मालदीव के संबंधों की तल्खी उभरी हैं। मालदीव के राष्ट्रपति ने अपने चुनावी अभियान में 'इंडिया आउट' जैसे नारों का सहारा लिया, तो दूसरी तरफ उनके मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप प्रवास पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं।

इसके बाद पर्यटन पर आधारित देश मालदीव को सोशल मीडिया पर कड़े विरोध का सामना करना पड़ा था। विदेश मंत्री जयशंकर ने बातचीत की शुरुआत में ही मालदीव को दो टूक संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, 'इस बात पर सहमत होना हमारे साझा हित में है कि हम अपने संबंधों को बेहतर तरीके से कैसे आगे बढ़ा सकते हैं। बता दें, मालदीव में दो हफ्तों पहले ही संसदीय चुनाव हुए हैं। इन चुनाव में मुइज्जू के दल को बड़ी जीत हासिल हुई है। लेकिन देशों में एक डिप्लोमैटिक बैलेंस बनना रणनीतिक प्राथमिकताओं का तकाजा होता है।

### पड़ोसियों से साझेदारी बहुत मूल्यवान

नई दिल्ली में गुरुवार को द्विपक्षीय वार्ता के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर से कहा, दुनिया आज अस्थिरता के साथ-साथ और अनिश्चितता के दौर से भी गुजर रही है। ऐसे समय में दुनिया के सामने कोरोना महामारी जैसी विकराल चुनौती भी आई। प्राकृतिक आपदाओं और आर्थिक कठिनाइयों के दौरान हमने देखा कि पड़ोसियों के साथ घनिष्ठ साझेदारी बहुत मूल्यवान है। इस बात को समझते हुए भारत और मालदीव आज की बैठक के दौरान विभिन्न आयामों की समीक्षा करेंगे।

## कैदी को वैवाहिक संबंध बनाने को कानून पैरोल की अनुमति नहीं देता

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को कहा कि भारत का कानून एवं जेल का नियम किसी कैदी को वैवाहिक संबंध बनाने के लिए पैरोल की अनुमति नहीं देता, वह भी 'लिव-इन पार्टनर' के साथ।

अदालत ने कहा कि कोई व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता कि अपने या अपनी 'लिव-इन पार्टनर' (जो खुद भी एक दोषी है) से संतान पैदा करना कानून एवं जेल नियमों के दायरे में उसका मूल अधिकार है, जबकि 'लिव-इन पार्टनर' का जीवनसाथी जीवित है और उनके बच्चे भी हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा, मौजूदा कानून किसी को कानूनन शादी वाली पत्नी के साथ संबंध बनाने के लिए पैरोल प्रदान करने की अनुमति नहीं देता है...लिव-इन पार्टनर को तो छोड़ ही दीजिए।

# ऑस्ट्रेलिया ने छात्र वीजा नियम बदले, आज से लागू



*ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय छात्र वीजा सेविंग की अनिवार्यता में इजाफा कर दिया है। अब भारतीय और अन्य अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को ऑस्ट्रेलिया में स्टडी वीजा पाने के लिए 16 लाख 29 हजार रुपये की सेविंग के प्रूफ अपने बैंक अकाउंट में दिखाने होंगे। ऑस्ट्रेलिया सात महीने के दौरान वीसा सेविंग में 41% की बढ़ोतरी कर चुका है। पिछले साल अक्टूबर तक भारतीय स्टूडेंट को वीजा पाने के लिए 11 लाख 54 हजार रुपये अपने सेविंग बैंक अकाउंट में दिखाने होते थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने सेविंग लिमिट को 13 लाख 44 हजार रुपये कर दिया था। अब इसे बढ़ाकर 16 लाख 29 हजार रुपये कर दिया है। नए नियम 10 मई यानी आज से लागू होंगे।*

### ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र 48 फीसदी घटे

ऑस्ट्रेलिया में अभी 1.22 लाख भारतीय छात्र हैं। दिसंबर 2022 से दिसंबर 2023 के दौरान भारतीय छात्र 48 फीसदी घटे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्टूडेंट्स को दाखिले के लिए मिनिमम स्कोर को 5.0 से बढ़ाकर 5.5 कर दिया है। हर पखवाड़े में स्टूडेंट वर्क ओवर को 56 घंटे से घटा कर 48 घंटे कर दिया गया। कोई भी छात्र अपने मुख्य कोर्स के साथ एक समय में दूसरे कोर्स में भी एनरोलमेंट नहीं करा पाएगा।

### अग्रेजी भाषा टेस्ट में भी अच्छे नंबर लाना जरूरी

इसके अलावा, इंग्लिश लैंग्वेज टेस्ट में भी अच्छे नंबर लाना अब जरूरी कर दिया गया है। साथ ही सरकार छात्रों को ऐसे तरीके अपनाने से रोक रही है जिनसे वो अपना वीजा एक्सटेंड करवा सकें। ऑस्ट्रेलिया में दिए गए अस्थायी छात्र वीजा की संख्या जुलाई 2023 में 6,54,870 के रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है।

### नए वीजा रूल 10 मई से होंगे लागू

विदेशी छात्रों को ऑस्ट्रेलियन वीज़ा के लिए क्वालीफाई करने के लिए कम से कम 16,29,964 सेविंग दिखाना होगा, ये नियम कल यानी 10 मई, 2024 से लागू होगा। सरकार का ये कहना है कि ये बदलाव इसलिए किया जा रहा है ताकि छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई के दौरान जरूरी खर्च निकाल सकें।

## एक नजर

### हज जायरीन का पहला जत्था सऊदी अरब के लिए रवाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर से हज जायरीन का पहला जत्था गुरुवार को सऊदी अरब के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, 642 जायरीन दो उड़ानों से इस्लाम के सबसे पवित्र स्थल मक्का और मदीना के लिए रवाना हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस साल जम्मू-कश्मीर से 7 हजार से अधिक जायरीन हज पर जाएंगे। जब रिश्तेदारों ने हज जायरीन को विदा किया तब श्रीनगर के हज हाउस में भावनात्मक दृश्य देखने को मिला। हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और हर साल दुनियाभर के मुस्लिम इसे करने के लिए मक्का और मदीना जाते हैं।

### सिंगापुर: धोखाधड़ी के जुर्म में भारतवंशी को आठ साल की सजा

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक घोटालेबाज को छह लोगों से 28.5 लाख सिंगापुरी डॉलर (21 लाख डॉलर) तक की ठगी करने के जुर्म में गुरुवार को आठ साल जेल की सजा सुनाई गई। मीडिया के अनुसार, 47 साल के मुरलीधरन मुहुंदन ने अपने पीड़ितों को 'फीस', 'कमीशन' और अन्य फर्जी भुगतान के जरिए धोखा दिया। पीड़ितों को पहले के निवेश में पहले ही नुकसान हो चुका था। सिंगापुर के शख्स ने जून 2020 और अक्तूबर 2022 के बीच अपराधों को अंजाम दिया था। अब पांच अप्रैल को उसे 7,37,036 डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी के 18 मामलों में दोषी ठहराया गया। गुरुवार को आठ साल जेल की सजा सुनाई गई।

### पाकिस्तान में अज्ञात लोगों ने छात्राओं के स्कूल को बम से उड़ाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के वजीरिस्तान में के एक गांव में छात्राओं के एकमात्र प्राइवेट स्कूल को बम से उड़ा दिया गया। इस धमाके में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है। एक न्यूज रिपोर्ट के अनुसार डेरा इस्माइल खान जिले के द्रजंदा इलाके में यह घटना घटी है। स्कूल के सिक्योरिटी गार्ड का कहना है कि कुछ अज्ञात लोगों ने स्कूल को बम से उड़ा दिया और दो कमरे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गार्ड ने यह भी बताया कि इस दौरान उसे बुरी तरह से पीटा गया। बताया गया है कि क्षेत्र में छात्राओं के लिए यह इकलौता निजी स्कूल था।

### गुजरात : पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला गिरफ्तार

**भरूच।** गुजरात के भरूच जिले में एक व्यक्ति को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गुजरात अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बताया कि आरोपी प्रवीण मिश्रा ने भारतीय सशस्त्र बलों और रक्षा-संबंधित अनुसंधान एवं विकास फर्मों की अत्यधिक गोपनीय जानकारी जुटाई थी। सीआईडी ने उधमपुर स्थित सेना आसूचना से जानकारी मिलने के बाद अपनी जांच शुरू की थी। सीआईडी ने कार्रवाई के दौरान बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला मिश्रा को भरूच से गरिफ्तार किया है।

# भारत को अस्थिर करने में जुटा अमेरिका रूस बोला-पन्नू मामले में आरोप बेतुके

## अमेरिका भारत की राष्ट्रीय मानसिकता को नहीं समझता

मॉस्को, एजेंसी

रणनीतिक साझीदार देश अमेरिका की एजेंसियों की तरफ से कभी भारत की धार्मिक आजादी के मुद्दे पर तो कभी खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाकर घेरा जा रहा है। ऐसे में भारत का पुराना रणनीतिक साझीदार देश रूस भारत के समर्थन में खुलकर आया है।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने यहां तक कहा कि अमेरिका भारत को अस्थिर करने की कोशिश में है। पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में अमेरिका की तरफ से कोई ठोस सुबूत नहीं दिया गया है। मारिया ने कहा, 'अमेरिका को भारत के इतिहास और मानसिकता की समझ नहीं है। इसलिए अमेरिका लगातार भारत पर धार्मिक आजादी के मुद्दे पर आधारहीन आरोप लगा रहा है। इसका कारण यह है कि अमेरिका भारत में आंतरिक संतुलन को प्रभावित करना चाहता है और वहां चल रहे आम चुनाव को पेचीदा बना रहा है। यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है। खालिस्तान समर्थक आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप भारत पर लगाने के मामले में भी जाखारोवा ने कहा, 'अभी तक हमारे पास जो सूचना है उसके मुताबिक अमेरिका ने भारत को अभी तक कोई ठोस सुबूत नही दिया है। इसमें किसी भारतीय नागरिक के शामिल होने की बात सामने नहीं आई है।

अमेरिका भारत की राष्ट्रीय मानसिकता को नहीं समझता। रूसी विदेश मंत्रालय के इस बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय ने बेहद सधी हुई टिप्पणी की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'जब अमेरिका की रिपोर्ट आई थी, तभी हमने अपनी बात सामने रख दी थी। हम यह भी मानते हैं कि अगर कोई हमारे आंतरिक मामले में हस्तक्षेप करने की कोशिश करता है तो वह गलत है।

### पन्नू मामले में भारत पर क्या आरोप लगे

अमेरिका ने पिछले साल नवंबर में भारत पर न्यूयॉर्क में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। हालांकि अमेरिका ने इस साजिश को नाकाम कर दिया गया था। इसके बाद 29 नवंबर को इस मामले में न्यूयॉर्क पुलिस की चार्जशीट सामने आई थी। इसमें भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता का नाम था। चार्जशीट में लिखा था- मोदी के अमेरिकी दौरे के वक्त पन्नू को मारने की कोशिश की गई। इसकी प्लानिंग भारत के पूर्व सीआरपीएफ अफसर ने की। रिपोर्ट सामने आने के बाद अमेरिका लगातार भारत से मामले की जांच में सहयोग की अपील कर चुका है। वहीं भारत ने अमेरिका के आरोपों को बेतुका बताया है। हाल ही में अमेरिका मीडिया हाउस वॉशिंगटन पोस्ट ने दावा किया था कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय जांच एजेंसी रॉ (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) का हाथ था। रिपोर्ट के मुताबिक पन्नू की हत्या की पूरी प्लानिंग रॉ के एक सीनियर अधिकारी विक्रम यादव ने की थी।



## अमेरिका में भारतीय छात्र लापता, तलाश जारी

वाशिंगटन, एजेंसी



भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका में पढ़ना एक सपना रहा है, लेकिन बीते कुछ समय से यह सपना बुरे सपने में बदलता जा रहा है। दरअसल अमेरिका में लगातार भारतीय छात्रों के गायब होने या हत्या होने की घटनाओं में बढोतरी हुई है।

फिर से अमेरिका के शिकागो से एक भारतीय छात्र लापता हुआ है। छात्र की पहचान रुपेश चंद्रा चिंताकिंदी के रूप में हुई है, जो कि बीती 2 मई से लापता है। शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया है कि वह पुलिस और अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय के संपर्क में है। महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'महावाणिज्य दूतावास भारतीय छात्र रुपेश चंद्रा के लापता होने की खबर सुनकर बेहद चिंतित है। दूतावास लगातार भारतीय समुदाय और पुलिस के संपर्क में है और उम्मीद है कि जल्द ही रुपेश का पता चल जाएगा। शिकागो पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें रुपेश के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो उसे पुलिस के साथ साझा करें। रुपेश बीती 2 मई से शिकागो के 4300 ब्लॉक से एन शेरिडान रोड से लापता है। गौरतलब है कि इससे पहले मार्च में भी एक भारतीय छात्र लापता हो गया था, जिसका अप्रैल में शव बरामद हुआ था। हैदराबाद के रहने वाले मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव ओहायो के क्लीवलैंड से बरामद किया गया था। अरफात क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर की डिग्री की पढ़ाई करने अमेरिका गया था।

### बांग्लादेश में वायुसेना का फाइटर जेट क्रैश

**ढाका।** बांग्लादेश वायु सेना का एक प्रशिक्षक लड़ाकू विमान गुरुवार को बंदरगाह शहर चटगांव में एक नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, भगवान का शुक्र रहा कि पैराशूट से उड़ान भरने वाले दो पायलटों को बचा लिया गया। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, 'बांग्लादेश वायु सेना का एक वाईएके-130 प्रशिक्षण विमान यांत्रिक विफलता के कारण चटगांव के पटेंगा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, विमान के दो पायलटों को बचा लिया गया।

### सात समंदर पार भाई की जान के दुश्मन बने भाई, गिरफ्तार

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में भारत के 22 साल के एमटेक में पढ़ रहे छात्र की हत्या के मामले में भाई की जान के दुश्मन बने भारतीय मूल के दो भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार के इन्हें मेलबर्न मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जाएगा। करनाल के मुनक क्षेत्र के गगसीना गांव के नवजीत सिंह की ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में चाकुओं से सीने पर तीन वार कर हत्या की थी। उसकी हत्या के आरोप में 26 वर्षीय अभिजीत और 27 वर्षीय रॉबिन गार्टन को मंगलवार को न्यू साउथ वेल्स के गॉलबर्न शहर से गिरफ्तार किया। पुलिस उन्हें विक्टोरिया प्रत्यर्पित करने की तैयारी कर रही है। बता दें के कि नोबल पार्क के नवजीत संधू की हत्या और नोबल पार्क के अन्य व्यक्ति को घायल कर दोनों भाई भाग रहे थे। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बताया कि पर हत्या और दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। नवजीत के पिता जितेंद्र संधू ने बताया कि उसका 22 बेटा नवजीत सिंह संधू गांव से स्टडी वीजा पर नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया गया था। पढ़ाई के साथ-साथ काम भी करता था। बसताड़ा गांव के दो युवक एक कमरे में रहते थे। दो दिन पहले बीजना गांव के स्वर्ण व रिषभ नवजीत के पास आकर रहने लगे। रात के समय जब वे खाना खा रहे थे तो उसी दौरान बसताड़ा गांव के लड़के का फोन आया कि वे अपना सामान उनके यहां से उठाकर ले जाएं।

### द्वितीय विश्व युद्ध...



मॉस्को: रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी की हार का जश्न मनाने के लिए गुरुवार को विजय दिवस मनाया। सोवियत संघ को 1945 में नाजी जर्मनी के खिलाफ मिली जीत का जश्न रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पिछले करीब एक चौथाई सदी के शासन का अहम हिस्सा रहा है। इस युद्ध में सोवियत संघ के करीब दो करोड़ 70 लाख लोग मारे गए थे। पुतिन बोले- ये मौका सभी पीढ़ियों को एकजुट करता है। ● एजेंसी

## भारतवंशी कारोबारी ने हिंदू फाउंडेशन को दिए 10 लाख डॉलर

**वाशिंगटन।** भारतीय अमेरिकी व्यवसायी रमेश भुटाडा ने हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) को 10 लाख डॉलर का चंदा दिया है। उन्होंने कहा- एचएएफ को अगले चार वर्षों में 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया। मार्च 2023 में उन्होंने अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित हिंदू विश्वविद्यालय को 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर का दान किए थे। यह अमेरिका का एकमात्र संस्थान है जिसमें हिंदू दर्शन पर आधारित शिक्षा प्रदान की जाती है।

ह्यूस्टन में एचएएफ के प्रतिभागियों ने भी 450,000 अमेरिकी डॉलर जुटाए। उन्होंने कहा- भारतीय और हिंदू समुदायों पर निशाना साधने की हद पार कर ली है। जिसे गवर्नर गेविन न्यूसम ने वीटो कर दिया है।

## पासपोर्ट कानून के प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रशांत भूषण की दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने टाली सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वकील प्रशांत भूषण की एक याचिका पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी है। इस याचिका में प्रशांत भूषण ने पासपोर्ट कानून के प्रावधान को चुनौती दी है।

प्रशांत भूषण के वकील जयंत भूषण के उपलब्ध न होने के चलते जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइंया की पीठ ने याचिका पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी। प्रशांत भूषण ने पासपोर्ट कानून के प्रावधान के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में प्रावधान में संशोधन की मांग की गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने जनवरी 2016 में प्रशांत भूषण की याचिका खारिज कर दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। याचिका में पासपोर्ट कानून, 1967 की धारा 6(2)(एफ) की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है, जिसमें कहा गया है कि किसी अपराध के आरोपी को पासपोर्ट जारी नहीं किया जा सकता। साल 1993 में एक नोटिफिकेशन के जरिए इसमें थोड़ा बदलाव किया गया और बदलाव के तहत आरोपी को अदालत से एनओसी जारी करने पर एक साल के लिए पासपोर्ट जारी किया जा सकता है।

## इजराइल ने सीरिया में कई ठिकानों पर किए हवाई हमले

**दमिश्क।** इजराइली युद्धक विमानों ने गुरुवार सुबह सीरिया की राजधानी दमिश्क के बाहरी हिस्सों को निशाना बनाया है, जिसमें बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान हुआ। सीरिया के रक्षा मंत्रालय की ओर से दिए गए बयान के अनुसार हवाई हमले इजराइल के कब्जे वाली गोलन पहाड़ियों की ओर से किए गए।

सीरियाई वायु रक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइली जेट द्वारा दागी गई कई मिसाइलों को हवा में ही ध्वस्त कर दिया। उनके प्रयासों के बावजूद भी कुछ मिसाइलें निशाने पर लगी जिससे संपत्तियों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दमिश्क के आसपास के क्षेत्र में गूंजने वाले तीव्र विस्फोटों हुए है।

# सैन्य ठिकानों पर हिंसा मामले में इमरान ने नहीं मांगी माफी

- पाकिस्तानी सेना बोली-पूर्व पीएम सार्वजनिक माफी नहीं मांगते तब तक वे पार्टी से बात नहीं करेंगे

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने 9 मई को सैन्य प्रतिष्ठानों में हुई हिंसा के मामले में माफी मांगने से इंकार कर दिया। इसके बाद सेना ने कहा कि जब तक पूर्व पीएम सार्वजनिक माफी नहीं मांगते तब तक वे पार्टी से बात नहीं करेंगे।

बुधवार को अदियाला जेल में 190 मिलियन पाउंड के अल कादिर भ्रष्टाचार मामले में अदालत में सुनवाई हुई। जिसमें पूर्व पीएम इमरान खान ने कहा कि वह अपनी पाकिस्तान तहरीक-इंसाफ पार्टी द्वारा किए गए धरने की जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक जब उनसे पूछा गया कि क्या वह 9 मई के हिंसक विरोध प्रदर्शन के लिए माफी मांगेंगे, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब दिया नहीं। उन्होंने कहा, मैंने (पूर्व) मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल के सामने 9 मई की घटनाओं की निंदा की थी।" उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें विरोध प्रदर्शनों के बारे में तब पता चला जब वह पाकिस्तान के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल के सामने पेश हुए। बता दें कि पूर्व पीएम भ्रष्टाचार से लेकर आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने समेत कई मामलों में आरोपी होने के कारण पिछले साल अगस्त से जेल में बंद हैं।

विज्ञान — वैज्ञानिक बोले-आकार व निर्माण का पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी खोज

# सुदूर अंतरिक्ष में मनमोहक निहारिका की खोज

नैनीताल कार्यालय



नई मनमोहक निहारिका।

**अमृत विचार:** खगोल वैज्ञानिकों ने सुदूर अंतरिक्ष में मनमोहक निहारिका देखी है। जिसका आकार हाथ के आकार जैसा निरन्तर फैल रहा है। यह खोज निहारिकाओं के रूप रंग के आकार व निर्माण का पता लगाने मे महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार यह निहारिका सीजी 4 आकाशगंगा के भीतर मौजूद है।

यह हास्य ग्लोब्यूल्स निहारिका है। इस तरह की 31 निहारिकाओं का पता अभी तक मिल चुका है। इसका आकार कुछ हाथ जैसा नजर आता है। जिस कारण इसका उपनाम भगवान का हाथ भी रखा गया है। जिसे देख प्रतीत होता है कि ब्रह्मांड में यही वह हाथ है, जो ब्रह्मांड को संचालित करता है। बहरहाल यह निहारिका वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह नेबुला पृथ्वी से लगभग 1400 प्रकाश वर्ष दूर है और इसके भीतर गैसों का उत्सर्जन बना हुआ है। वैज्ञानिकों का मानना है कि निश्चित रूप से यह अलौकिक और असाधारण है। पहली बार कोई ऐसी आकृति देखने को मिली है। विक्टर एम. ब्लैंको 4-मीटर टेलीस्कोप से इसकी तस्वीर ली गई है।

इस दूरबीन का कार्य करोड़ों आकाशगंगाओं का सर्वेक्षण करना है। इस निहारिका में तारों का निर्माण हो रहा है। इसके सिर का हिसा लगभग 1.5 प्रकाश-वर्ष व्यास में फैला हुआ है और पूंछ लगभग 8 प्रकाश-वर्ष लंबी है। इसका सिर घना और अपारदर्शी है, जो पास के तारों से रोशन नजर आता है। खास बात यह है कि यह विसरित लाल चमक से घिरी हुई है, जो इसे मनमोहक रूप प्रदान करता है।

### विशाल सुपरनोवा विस्फोट का अवशेष है यह नेबुला

नेबुला संभवत: एक विशाल सुपरनोवा विस्फोट का अवशेष है, और यही कारण हो सकता है कि ग्लोब्यूल्स का अपना अनोखा आकार है। वे मूल रूप से रिंग नेबुला की तरह गोलाकार निहारिका रहे होंगे। यह विस्फोट 10 लाख वर्ष पूर्व हुआ होगा। अलास्का एंकोरेज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

# पाक में फिर आतंकी हमला, 7 श्रमिकों की मौत, एक घायल

कराची, एजेंसी



पाकिस्तान में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। अशांत बलूचिस्तान प्रांत के बंदरगाह शहर ग्वादर में गुरुवार को अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में कम से कम सात श्रमिक मारे गए और एक घायल है। आतंकी हमले को लेकर अभी किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

ग्वादर पुलिस स्टेशन के एसएचओ मोहसिन अली के अनुसार, अज्ञात बंदूकधारियों ने सुरबंदर इलाके में ग्वादर फिश हार्बर के पास एक आवासीय क्वार्टर पर अंधाधुंध गोलीबारी की। मृत और घायल व्यक्ति इलाके में नाई की दुकान में काम करते थे और पंजाब के खानेवाल जिले के रहने वाले थे। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि आतंकियों और उनके मददगारों को गिरफ्तार करने के लिए सभी प्रकार के बल का इस्तेमाल किया जाएगा। राज्य के गृह मंत्री मीर जिया उल्लाह लांगौ ने सात मजदूरों की हत्या को खुला आतंकवाद करार देते हुए जांच के आदेश दिए हैं। यह घटना करीब तीन सप्ताह बाद सामने आई है जब अज्ञात हमलावरों ने बलूचिस्तान के नुश्की जिले में अलग-अलग आतंकी घटनाओं में 11 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतकों में नौ लोग पंजाब के थे जिन्हें आतंकियों ने बस से बाहर निकालकर अगवा कर लिया था।